माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 313, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

अंतरिम बजट 2024

इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी एलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपये की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

लोकलुभावन घोषणाओं से दूर, सुधारों पर जोर

आस का बजट

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अगले वित्त वर्ष के लिए सुधारों को आगे बढ़ाने वाला अंतरिम बजट पेश किया, जिसमें लोकलुभावन घोषणाओं से परहेज किया गया। उन्होंने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए एक तरफ जहां आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव दिया है, वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को संशोधित कर इसे जीडीपी का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। कुल 47.66 लाख करोड़ रुपये के व्यय का बजट पेश किया गया। इससे पहले सभापति जगदीप धनखड़ ने दोपहर बाद सदन की कार्यवाही शुरु करते हुए अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री का नाम पुकारा। इसके बाद सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। उन्होंने राजकोषीय नीति 2024-25 को भी सदन के पटल पर रखा।

11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया बजट में पूंजीगत व्यय

5.1% रहने का अनुमान है राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में

4.5% पर राजकोषीय घाटे को लाने का रखा है लक्ष्य

अंतरिम बजट में यह रहा खास

- किसान सम्मान निधि और पीएम फसल योजना से अन्नदता को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया। 11.8 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है।
- पीएम स्वनिधि से 18 लाख वेंडर्स को मदद की गई है।
- देश में 3000 नए आईटीआईआई खोले गए।
- 1.40 करोड़ युवाओं को स्किल इंडिया की ट्रेनिंग।
- पीएम आवास योजना के कारण 70 प्रतिशत घर की मालकिन महिलाएं बन गई हैं।
- अब तक 3 करोड़ घर बनाने के अपने लक्ष्य को हासिल किया है। इस योजना के तहत 5 साल में 2 करोड़ और घर बनाएंगे।
- उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी 28 फीसदी बढ़ी गई है।
- एनर्जी, मिनरल और सीमेंट के लिए 3 नए कोरिडोर शुरू किए जाएंगे।
- पीएम सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों पर सोलर लगाए जाएंगे नमो भारत और मेट्रो पर फोकस।

'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत पर अग्रसर सरकार'

नई दिल्ली, एजेंसी

सीतारमण ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर कोई राहत नहीं दी। हालांकि 25,000 रुपये तक के छोटी राशि के कर मांग को लेकर विवाद से आम लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया। एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में उन्होंने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा, जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रखा गया। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्तमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की हर चुनौती को आर्थिक प्रबंधन और बेहतर राजकाज के माध्यम से दूर किया गया जा चुका है। सीतारमण ने यह भी कहा कि सरकार अपने जुलाई के बजट में भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा पेश करेगी। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा, सुधार, प्रदर्शन और बदलाव के सिद्धांत के आधार पर सरकार अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाएगी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यों तथा संबंधित पक्षों के साथ आम सहमति बनाएगी। चालू वित्त वर्ष के लिए कुल प्राप्तियां 30.03 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। यह बजट अनुमान से अधिक है। यह अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति को दर्शाता है।

राज्यों को मिलेगा 75 हजार करोड़ का ब्याज फ्री लोन

वित्त मंत्री ने कहा कि जी20 मीटिंग का देश के 60 अलग-अलग स्थानों पर सफल आयोजन ने भारत की विविधता को दुनिया के सामने दिखाया है। हमारी आर्थिक क्षमता ने देश को बिजनेस और कॉन्फ्रेंस टूरिज्म के लिए एक आकर्षक स्थान बनाया है। हमारा मध्यमवर्गीय भी ट्रैवल कर देश को घूमना चाहता है। बजट 2024 में वित्त मंत्री ने बताया कि टूरिज्म को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार राज्यों को लंबी अवधि का 75000 करोड़ रुपये का ब्याज फ्री लोन देगी।

आयकर स्लैब की दरों में नहीं किया बदलाव

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट भाषण में कहा कि आयात शुल्क समेत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि आयकर स्लैब की दरें पहले की तरह बनी रहेगी। दोनों कर व्यवस्था में कर राहत दी गई है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर कानून की धारा 87ए के तहत सात लाख रुपये तक की आय वाले व्यक्ति कर छूट के पात्र होंगे। वहीं पुरानी व्यवस्था के तहत कर का भुगतान करने वालों के लिए छूट की सीमा पांच लाख रुपये बनी हुई है।



फसल संबंधी गतिविधियों में निवेश को बढ़ावा देगी सरकार

सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए कदम उठा रही है और अब उसकी योजना फसल कटाई के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के वास्ते निजी तथा सार्वजनिक निवेश पर ध्यान केंद्रित करना है। किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास तेज किए जाएंगे और इसके तहत खाद्य प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

स्टार्टअप निवेश पर कर प्रोत्साहन को एक साल के लिए बढ़ाया

अंतरिम बजट में स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश पर कर प्रोत्साहन को मार्च, 2025 तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि स्टार्टअप और सरकारी संपत्ति कोष अथवा पेंशन कोष द्वारा किए गए निवेश के लिए कुछ कर लाभ और साथ ही कुछ आईएफएससी (अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र) इकाइयों की कुछ आय पर कर छूट 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही है।

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए टीकाकरण को बढ़ावा

सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-2025 पेश करते हुए यह घोषणा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

सरकार का फोकस... गरीब महिला, युवा और अन्नदाता पर

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख जातियों- गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। सीतारमण ने कहा कि उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति तब होती है, जब इन चारों जातियों से जुड़े लोग प्रगति करते हैं। इन चारों जातियों के लोगों को अपने जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में सरकारी सहायता की आवश्यकता है और उन्हें सरकारी सहायता मिल भी रही हैं। उन्होंने कहा कि उनके सशक्तीकरण से और उनके कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन पद्धति है। भ्रष्टाचार में कमी से पारदर्शिता आई है और सभी पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

इस बार रक्षा क्षेत्र के लिए सबसे अधिक बजट

2024-25 के अंतरिम केंद्रीय बजट में रक्षा खर्च में अन्य मंत्रालयों के मुकाबले सबसे अधिक वृद्धि की गई है। गुरुवार को संसद में पेश किए गए बजट में पिछले साल के 5.95 लाख करोड़ के मुकाबले 4.72 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए इसे 6.21 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। पीआईबी के मुताबिक, यह कुल केंद्रीय बजट का 13.04 प्रतिशत है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में रक्षा बजट का 1.72 लाख करोड़ रुपये सेना पर पूंजीगत खर्च के लिए अलग रखा गया है, जिसमें नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य हार्डवेयर की खरीद शामिल है।

वंदे भारत की तरह बदले जाएंगे 40 हजार डिब्बे

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 40,000 सामान्य रेल डिब्बों को "वंदे भारत" मानकों के अनुरूप बदला जाएगा और तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने लोकसभा में 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिसके परिणामस्वरूप अधिक यातायात वाले गलियारों में भीड़ कम होने से यात्री ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी और यात्री सुरक्षा एवं यात्रा की रफ्तार बढ़ेगी। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि समर्पित मालभाड़ा गलियारों के साथ-साथ तीन आर्थिक गलियारा कार्यक्रमों से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) की विकास दर बढ़ेगी तथा रसद व्यवस्था संबंधी लागत में भी कमी आएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे, जिनमें ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, पत्तन संपर्क गलियारा और अधिक यातायात वाले गलियारे शामिल हैं।

उम्मीद मध्यम वर्ग के लिए आएगी नई आवास योजना, पीएम ग्रामीण योजना के तहत अब तक दिए गए 3 करोड़ घर

अगले पांच साल में दो करोड़ नए घर देगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिम बजट में अन्य क्षेत्रों की तरह आवासीय क्षेत्र को लेकर भी कई अहम ऐलान हुए हैं। बजट में वित्त मंत्री ने कहा कि मध्यम वर्ग के लोगों को किफायती घर मुहैया कराने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार की घोषणा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना जून 2015 में 'सभी के लिए आवास' के उद्देश्य से शुरू की गई थी। योजना की मौजूदा समय सीमा दिसंबर 2024 को पांच साल तक बढ़ाया गया है। पीएम ग्रामीण योजना के तहत 3 करोड़ घर दिए गए हैं वहीं अगले पांच वर्षों में इसमें 2 करोड़ नए आशियाने बनाए जाएंगे। निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि केंद्र सरकार मध्यम वर्ग को आवास देने के लिए एक योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने चुनाव से पहले वित्त वर्ष 2024-25 अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में समावेशी विकास के हिस्से के रूप में हर एक को मकान, पानी, बिजली, रसोई गैस और बैंक खाता उपलब्ध कराने का प्रयास किया है। सरकार किराये के घर अथवा झुग्गी-बस्ती या चाल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के पात्र लोगों को अपने मकान खरीदने या बनाने में सहायता करने के लिए योजना लाएगी।

वैश्विक महामारी में भी चलती रही योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद इस योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ मकानों का लक्ष्य प्राप्त करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि होने से बढ़ी जरूरतों को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ अतिरिक्त मकानों का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी होंगे आयुष्मान भारत के दायरे में

अंतरिम बजट में आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लाने की घोषणा की। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) दुनिया की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपये का कवरेज प्रदान करती है। पिछले साल 27 दिसंबर तक इस योजना के दायरे में 12 करोड़ परिवारों के 55 करोड़ लोग थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को पर्याप्त और समय पर वित्तपोषण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

- भारत के अंतरिम बजट में मालदीव को दी जाने वाली सहायता पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 22 फीसदी घटा दी गई है।
- राष्ट्रपति मुइज्जू की ओर से लगातार तीखे रवैये के बीच भारत ने अपने बजट में इस छोटे से द्वीपीय देश के लिए 600 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

जीडीपी यानी गवर्नेंस डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की झलक

अंतरिम बजट पेश करने के बाद संवाददाता सम्मेलन में राजकोषीय घाटे पर बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

कहा-वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत किया

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह सिर्फ चुनावों से पहले पेश किया गया अंतरिम बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में देश की जीडीपी (जीडीपी) यानी गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस की जानकारी दी गई है। गवर्नेंस की बात करें तो यह बजट उन क्षेत्रों की ओर हमारा ध्यान खींचता है, जहां हमने विकास किया है।

हमने अर्थव्यवस्था को सही इरादों, सही नीतियों और सही निर्णयों के साथ प्रबंधित किया है। डी यानी डेवलपमेंट की बात करें तो लोग बेहतर ढंग से रह रहे हैं और बेहतर कमाई कर रहे हैं। भविष्य के लिए उनकी उच्च आकांक्षाएं है। वित्तमंत्री ने कि 'पी' यानी परफॉर्मेंस की बात करें तो लगातार तीन वर्षों में 7 प्रतिशत वृद्धि दर हासिल की गई है। हमारा देश जी-20 में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और देश के सभी हिस्से विकास में अपना योगदान दे रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया, "बजट घाटा या राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत है, जो 5.9 से कम है। इसी तरह 2024-25 के बजट के लिए हमने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्री के अनुसार आंकड़े स्पष्ट रूप से संकेत दे रहे हैं कि हम 2021-22 में निर्धारित लक्ष्य जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत या उससे भी कम किया जाना है, हासिल करने के रास्ते पर हैं।

अंतरिम बजट-2024 पेश करने से पहले राज्यमंत्री भागवत किशनराव कराड़, पंकज चौधरी और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के साथ निर्मला सीतारमण।

प्रमुख योजनाओं के लिए बजट

योजनाएं	बजट
मनरेगा	86,000
आयुष्मान भारत	7,500
पीएलआई	6,200
सौर ऊर्जा (ग्रिड)	8,500
राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन	600

(राशि करोड़ में)

मंत्रालयों के लिए बजट आवंटन

मंत्रालय	बजट
रक्षा	6.2
संचार	1.37
गृह	2.03
रेल	2.55
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग	2.78
ग्रामीण विकास	1.77
कृषि एवं किसान कल्याण	1.27

(राशि लाख करोड़ रुपये में)

सरकार गठन के बाद आम बजट में पेश होगा देश का रोड मैप

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ अंतरिम बजट पेश करने के बाद बोलीं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

अमृत विचार: संसद में अंतरिम बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है की देश का आम बजट लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा की आम बजट में भारत को विकसित बनाने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्यों का रोड मैप प्रस्तुत किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव होने के कारण संसद के आखिरी सत्र में आम बजट पेश करने के बजाय अंतरिम बजट पेश किया गया और वित्तमंत्री का बजटीय भाषण समाप्त होते ही लोकसभा में अंतरिम बजट को ध्वनिमत से पारित भी कर दिया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद जून-जुलाई तक नई सरकार का गठन हो जाएगा और उसके बाद आम बजट पेश किया जाएगा, जिसमें भारत को विकसित बनाने के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

लोकसभा में अंतरिम बजट पास होने के बाद अब राज्यसभा में शुक्रवार को इस पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि शुक्रवार को ही राज्यसभा में भी अंतिम बजट पास हो जाएगा।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करेगा अंतरिम बजट: योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को गति प्रदान करने वाला करार दिया है। योगी ने केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। योगी ने अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लोकसभा में प्रस्तुत अंतरिम बजट गांव, गरीब, किसान, नौजवान व महिलाओं समेत समाज के हर वर्ग के सपनों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से लखपति दीदी योजना के लक्ष्य को 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ किया गया है। साथ ही, आशा बहनों को भी आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाने का निर्णय स्वागत योग्य है मुख्यमंत्री के मुताबिक, सभी के लिए आवास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार ने ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनाने का लक्ष्य तय किया है। यह योजना गरीबों के लिए पक्के घर की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

वहीं, तीन नए रेल कॉरिडोर बनाने का लक्ष्य और 40 हजार रेल डिब्बो को वंदे भारत में बदलने का निर्णय आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण को गति प्रदान करेगा।

दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ाकर तीन करोड़ किया गया

▸▸ वित्तमंत्री ने की घोषणा, योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों में महिलाओं को जोड़ना

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि सरकार ने 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ करने का फैसला किया है। 'लखपति दीदी' योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में महिलाओं को प्रशिक्षण देना है, ताकि वे प्रति वर्ष कम से कम एक लाख रुपये की स्थायी आय अर्जित कर सकें। संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि नौ करोड़ महिलाओं वाले 83 लाख स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उन्होंने कहा, 'नौ करोड़ महिलाओं के साथ 83 लाख एसएचजी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के साथ ग्रामीण सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदल रहे हैं। उनकी सफलता ने पहले ही लगभग एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनने में मदद की है। वे दूसरों के लिए प्रेरणा हैं।'

बजट पर अपनी-अपनी राय

मोदी सरकार की उपलब्धियों पर रोशनी डालता है निर्मला सीतारमण का बजट भाषण

केंद्रीय बजट 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। बजट भाषण भारत को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने की मोदी सरकार की यात्रा में पिछले 10 वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों पर रोशनी डालता है। इन कार्यों की बुनियाद पर विकसित भारत की भव्य इमारत खड़ी की जा रही है। इस उत्कृष्ट यात्रा के माध्यम से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी का और गहरी सोच वाले बजट भाषण के लिए वित्त मंत्री निर्मली सीतारमण जी का हृदय से आभार। **-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

अनुसंधान-विकास के लिए 1 लाख करोड़ की पूंजी बाजी पलटने वाली नीति

निजी क्षेत्र के अनुसंधान एवं अभिनव प्रयासों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 1 लाख करोड़ अनुसंधान कोष पूंजी बाजी पलटने वाली नीति होगी। भारत का युवा अब उस स्तर पर पहुंच गया है, जहां उसके पास वैश्विक चुनौतियों एवं जरूरतों को पूरा करने के साथ भारत की आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति करने के लिए शक्ति और क्षमता है। यह कोष भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की जरूरतों को पूरा करने में काफी मदद करेगा। **-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

अंतरिम बजट शब्दों का मायाजाल, गरीबों-मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं

मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है। इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है। **-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

अंतरिम बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं

वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में युवाओं या गरीबों के लिए कुछ नहीं है। यह अंतरिम बजट इस सरकार का आखिरी बजट है। इसमें ढेर सारी बातें कही गई हैं। उन्होंने ऐसी योजनाएं घोषित की हैं, जो 2047, 2050 में पूरी होंगी। ये योजनाएं तो रहेंगी, लेकिन इनका क्रियान्वयन नई सरकार करेगी। इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है। फिर भी लोग बड़े ध्यान से देख रहे हैं कि कैसे सरकार मुख्य मुद्दों बेरोजगारी, गरीब, युवाओं और किसानों की आय दोगुनी करने के मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। **-शत्रुघ्न सिन्हा, टीएमसी सांसद**

केंद्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य

इस बजट में उच्च शिक्षा के लिए ऋण की राशि बढ़ाई गई है, जिससे युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी। तीन नए रेलवे इकोनॉमिक कोरिडोर की शुरुआत होने से देश का आर्थिक विकास और तीव्र गति से हो सकेगा। इससे लॉजिस्टिक्स एफिशिएंसी में सुधार होगा और लागत में कमी आएगी। सरकार मध्यम वर्ग के लिए विशेष आवास योजना लाएगी, जिसके तहत किराए के घरों एवं झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को आवास का लाभ मिल सकेगा। यह स्वागत योग्य कदम है। **-नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार**

बजट जमीनी वास्तविकता से दूर

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पूर्व संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिये कहा कि देश की जनता की अपार गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई मंहगाई आदि से त्रस्त जीवन को नकारना अति-दु:खद व चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो फिर यहां 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता। **-मायावती, बसपा प्रमुख**

महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाने वाला बजट

महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए हैं। दस वर्षों में उच्चतर शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत बढ़ गया है। स्टेम पाठ्यक्रमों में तैंतालीस प्रतिशत नामांकन बालिकाओं और महिलाओं का है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। आशा बहनों को आयुष्मान के अंतर्गत कवर किया जाना। ये सभी प्रयास महिला सशक्तिकरण एवम आत्मनिर्भर आधी आबादी के लक्ष्य पूर्ति में सहायक सिद्ध होंगे। यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक ठोस कदम है। **-रिमिता मिश्रा, असिस्टेंट प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज, लखनऊ**

बजट में किसान

कृषि और किसानों के लिए 1.27 लाख करोड़ का आवंटन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने को शुरू होगा 'आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट के केंद्र में गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता रहे। अन्य क्षेत्रों की तरह कृषि और किसानों के लिए भी इस बजट में कई घोषणाएं की गईं। बजट में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

लोकसभा चुनावों से पहले पेश हुए अंतरिम बजट में सरकार ने ग्रामीण विकास पर जोर दिया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बताया कि किसान हमारे अन्नदाता हैं। पीएम-किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर वर्ष सीमांत और छोटे किसानों सहित 11.8 करोड़ किसानों को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत 4 करोड़ किसानों को फसल बीमा प्रदान किया गया है। अनेक दूसरे कार्यक्रमों के अलावा इन उपायों से 'अन्नदाता' को देश और पूरी दुनिया के लिए अन्न पैदा करने में सहायता दी जा रही है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट ने 1361 मंडियों को एकीकृत कर दिया है और इसमें 3 लाख करोड़ रुपये मूल्य का कारोबार हो रहा है और 1.8 करोड़ किसानों को सेवाएं मिल रही हैं।

उन्होंने कहा कि कृषि-क्षेत्र समावेशी, संतुलित, उच्चतर संवृद्धि और उत्पादकता की ओर अग्रसर है। इन्हें कृषक-केंद्रित नीतियां लाकर, किसानों को उनके आय अर्जन में सहायता देकर, कीमत और बीमा के माध्यम से जोखिम कवरेज देकर, स्टार्ट-अप के माध्यम से प्रौद्योगिकी और नवाचारों को बढ़ावा देकर सुगम किया गया है।

कृषि क्षेत्र के लिए अहम घोषणाएं...

- सरकार फसल कटाई के बाद की गतिविधियों में निजी और सार्वजनिक निवेश को बढ़ावा देगी।
- सभी कृषि-जलवायु क्षेत्रों में नैनो-डीएपी के इस्तेमाल का विस्तार किया जाएगा।
- तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए ''आत्मनिर्भर तिलहन अभियान'' शुरू किया जाएगा।
- डेयरी विकास के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाया जाएगा।
- जलीय कृषि उत्पादकता बढ़ाने, निर्यात दोगुना करने और अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाया जाएगा।
- पांच एकीकृत एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे।

राहत कम, उपलब्धियों का बखान ज्यादा

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

विश्लेषण

- किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं, वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में कोई छूट नहीं मिली

अमृत विचार: वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट में चुनावी वर्ष की छाया दूर-दूर तक नजर नहीं आई। जनता को तमाम उम्मीदें थीं। करदाताओं, उद्यमियों, व्यापारियों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई राहत नहीं मिली है। गरीबों, महिलाओं, युवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई योजनाओं का ऐलान किया गया है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में आम नागरिकों को राहत काम और सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का गुणगान ज्यादा किया गया है।

वित्तमंत्री ने अंतरिम बजट में किसी खास नई घोषणा का ऐलान नहीं किया है। बजट भाषण में उन्होंने ज्वलंत मुद्दों की एक रूपरेखा को भी प्रस्तुत किया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए उन्हें सभी योजनाओं को अगले वर्ष भी जारी रखने का ऐलान किया गया है। बजट में करोड़ों करदाताओं, आम नागरिकों एवं वरिष्ठ नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद थी, लेकिन वर्तमान आयकर ढांचे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इसी तरह किसानों के ज्वलंत मुद्दों के लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। वित्तमंत्री ने किसानों को अन्नदाता बताकर एक तरह से सम्मानित किया है, बल्कि उनकी किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है।

महिलाओं के लिए भी कोई नई योजना के बजाय पुरानी योजनाओं को ही आगे बढ़ा दिया गया है। जैसे लखपति दीदी के दायरे को 3 करोड़ तक कर दिया गया है। वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे से कोई छूट नहीं मिलेगी। साथ ही आम रेलवे यात्रियों को भी रेल किराए में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

पर्यटन को लगेंगे पंख | अंतरिम बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर जोर

लक्षद्वीप समेत द्वीप समूहों की सूरत बदलेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कई परियोजनाओं का जिक्र किया। बजट भाषण में रेलवे से लेकर पर्यटन को बढ़ावा देने तक पर जोर दिया गया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घेरलू पर्यटन के प्रति लोगों के बढ़ते उत्साह पर खरा उतरने के लिए लक्षद्वीप सहित हमारे द्वीप समूहों के विकास पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लक्षद्वीप और अन्य द्वीप समूहों में यातायात सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। पर्यटन अवसंरचना, पत्तन संपर्क और सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की जाएगी। इससे न केवल पर्यटन में बढ़ोतरी होगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा।



निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि जी-20 बैठकों के दौरान दुनियाभर के लोगों ने भारत की विविधता को बेहद करीब से देखा है। हमारा देश पर्यटन के लिए एक बड़ा स्थान बनकर सामने उभरा है। साथ ही कहा कि मध्यम वर्ग भी अब पर्यटन के लिए जाने लगा है। वे अब नए-नए स्थानों के बारे में जानने की रूचि करता है। पर्यटन का दायरा बहुत बढ़ा है। पर्यटन को सुदृढ़ करने के लिए विकास पर जोर दिया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए ब्रांडिंग और मार्केटिंग की जाएगी। साथ ही पर्यटन केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। सुविधाओं और सेवाओं की गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग देने के लिए फ्रेमवर्क बनाया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसे कार्यकलापों का वित्तपोषण करने के लिए राज्यों को मैचिंग आधार पर ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण दिया जाएगा।

घरेलू द्वीप समूहों के विकास पर जोर

हाल ही में लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। प्रधानमंत्री का घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की बात पड़ोसी द्वीप देश मालदीव को रास नहीं आई। मोदी के पोस्ट पर मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी, जिसके बाद भारत और मालदीव के संबंधों में खटास पैदा हुई थी। हालांकि मालदीव के मंत्रियों ने अपनी टिप्पणियों को सोशल मीडिया से पोस्ट हटा दिया था। अंतरिम बजट में लक्षद्वीप और द्वीप समूहों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है।

चीन सीमा पर आधारभूत ढांचा मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ लद्दाख में न्योमा एयर फील्ड समेत कई परियोजनाओं पर ध्यान

अंतरिम बजट में चीन की सीमा से लगे क्षेत्रों में बुनियादी रक्षा ढांचे के लिए 6,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 30 प्रतिशत और 2021-22 के मुकाबले 160 प्रतिशत अधिक है।

रक्षा बजट में लद्दाख में समुद्र तल से 13,700 फुट ऊंचाई पर न्योमा एयर फील्ड, अंडमान निकोबार द्वीप में स्थानीय पुल कनेक्टिविटी, हिमाचल प्रदेश में 4.1 किलोमीटर लंबी शिंकू ला टनल का निर्माण, अरुणाचल प्रदेश में नेचिफू टनल निर्माण समेत कई परियोजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ने यह भी घोषणा की कि रक्षा उद्देश्यों के लिए डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करने और क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' में तेजी लाने के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी।

रक्षा बजट में कुल राजस्व व्यय 4,39,300 करोड़ रुपये आंका गया है, जिसमें रक्षा पेंशन के लिए 1,41,205 करोड़ रुपये, रक्षा सेवाओं के लिए 2,82,772 करोड़ रुपये और रक्षा मंत्रालय (सिविल) के लिए 15,322 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इस साल के रक्षा बजट का 27.67 प्रतिशत पूंजीगत खर्च, 14.82 प्रतिशत सेना की तैयारी के लिए खर्च किया जाएगा।

माघ कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
शुक्रवार, 2 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 313, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत 18

कॉकटेल 2 में दिखेंगी सारा अली और अनन्या पांडे 17

शीर्ष कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अलीगढ़ मुस्लिम विवि का अल्पसंख्यक दर्जा मामला

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के अल्पसंख्यक दर्जे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने आठ दिन तक प्रतिद्वंद्वी पक्षों की दलीलें सुनीं। एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे का मामला पिछले कई दशकों से कानूनी दांव-पेंच में फंसा हुआ है। उच्चतम न्यायालय ने 12 फरवरी, 2019 को विवादास्पद मुद्दे को निर्णय के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया था। इसी तरह का एक संदर्भ 1981 में भी दिया गया था। वर्ष 1967 में एस अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा था कि चूंकि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता।

बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवासन के ठिकानों पर छापा

चेन्नई, एजेंसी

- ईडी की उनकी कंपनी इंडिया सीमेंट्स के दफ्तरों में छानबीन
- विदेश मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड' के चेन्नई व दिल्ली स्थित कार्यालयों की तलाशी ली है। केंद्रीय एजेंसी ने यह कार्रवाई चेन्नई की अग्रणी सीमेंट निर्माता कंपनी द्वारा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच के सिलसिले में की है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि संघीय जांच एजेंसी ने पिछले दो दिनों में कंपनी के चेन्नई स्थित दो कार्यालयों और दिल्ली में एक कार्यालय परिसर की तलाशी ली।

उन्होंने बताया कि यह जांच इसकी सहयोगी कंपनी 'इंडिया सीमेंट्स कैपिटल लिमिटेड' (आईसीसीएल) से जुड़े मामलों और विदेश में लगभग 550 करोड़ रुपये के धन हस्तांतरण से संबंधित है। सूत्रों ने कहा कि कुछ कथित संदिग्ध एजेंट और निदेशकों की भूमिका भी ईडी की जांच के दायरे में है। आईसीसीएल विदेशी मुद्रा, धन हस्तांतरण और यात्रा बीमा जैसे क्षेत्रों में कार्य करती है। वहीं, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वह संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग कर रही है। इंडिया सीमेंट्स ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के कुछ अधिकारियों ने 31 जनवरी और एक फरवरी के दौरान चेन्नई में हमारे कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया और यह पता लगाने के लिए तलाशी ली कि क्या फेमा से संबंधित कोई अनियमितता है।

एक नजर

पूर्व राजनयिक संजय वर्मा यूपीएससी के सदस्य नियुक्त

नई दिल्ली। पूर्व राजनयिक संजय वर्मा को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के बयान के अनुसार 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी वर्मा ने गुरुवार को यहां यूपीएससी सदस्य के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने उन्हें शपथ दिलाई। आयोग आईएएस, आईएफएस और आईपीएस सहित अन्य के वास्ते अधिकारियों का चयन करने के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी सदस्य को छह साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु होने तक नियुक्त किया जाता है।

संजय सिंह ने सत्र में भाग लेने को मांगी अंतरिम जमानत

नई दिल्ली। कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह की उस अर्जी पर दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्होंने मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी को 3 फरवरी तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

झारखंड के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने पदभार छोड़ा

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफा देने के एक दिन बाद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पदभार छोड़ दिया है। चौबे ने अन्य अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं। चौबे ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का प्रधान सचिव था। जब मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो मुझे प्रधान सचिव पद छोड़ना पड़ा। मैंने अन्य सभी अतिरिक्त प्रभार भी छोड़ दिए हैं।

आज जारी होगा समीक्षा अधिकारी प्री परीक्षा प्रवेश पत्र

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) शुक्रवार को समीक्षा अधिकारी (आरओ) एवं सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) 2023 प्रारंभिक परीक्षा के प्रवेश पत्र जारी करेगा। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि आयोग की वेबसाइट से ही अभ्यर्थी प्रवेश पत्र डाउन लोड करेंगे। परीक्षा 11 फरवरी को प्रदेश के 40 शहरों में आयोजित होने जा रही है। परीक्षा दो पाली में होगी। आरओ एवं एआरओ के कुल 411 पदों के लिए 10 लाख 69 हजार 725 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। पहली बार इस परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं।

हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत, रिमांड पर आज होगा फैसला

ईडी ने पीएमएलए अदालत से मांगी थी पूर्व मुख्यमंत्री की 10 दिन की रिमांड

रांची, एजेंसी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने सोरेन का 10 दिन का रिमांड मांगा था। अदालत ने अपना आदेश शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया। वकीलों ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सोरेन की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत के बाहर बताया कि झामुमो नेता को आदेश पारित होने तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरा मामला गलत मंशा से प्रेरित है। यह सरकार गिराने की साजिश है। पूरी कार्यवाही में पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है। उनकी गिरफ्तारी तब की गई जब उनका बयान दर्ज करने की कार्रवाई जारी थी, जो गैरकानूनी है। हेमंत सोरेन को बुधवार रात यहां धनशोधन मामले में सात घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। झामुमो नेता को यहां बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया। जेल ले जाने के लिए जैसे ही पूर्व मुख्यमंत्री को अदालत के बाहर लाया गया, उनके समर्थकों ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए।

कोर्ट में पेशी के लिए जाते पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

गिरफ्तारी को शीर्ष कोर्ट में चुनौती, आज सुनवाई

नई दिल्ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता हेमंत सोरेन की धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया। सोरेन ने पहले झारखंड उच्च न्यायालय में गिरफ्तारी को चुनौती दी और गुरुवर अपने वकीलों के माध्यम से उच्चतम न्यायालय का रुख किया। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ पूर्व मुख्यमंत्री की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने के लिए सहमत हुई।

चंपई सोरेन मुख्यमंत्री मनोनीत, आज ग्रहण करेंगे शपथ



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया जिसपर राज्यपाल ने उन्हें मुख्यमंत्री मनोनीत कर शुक्रवार को शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से गुरुवार को समय मिलने के बाद चंपई सोरेन के साथ चार अन्य विधायक राजभवन पहुंचे। राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राजभवन से बाहर निकलकर सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि हमारे पास पर्याप्त विधायकों का समर्थन प्राप्त है। 43 विधायकों का समर्थन हमने राज्यपाल को सौंपा है। यह संख्या शुक्रवार तक 47 हो जाएगी।

झामुमो विधायकों को भेजा जा सकता है राज्य से बाहर

रांची। झारखंड में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायकों को भाजपा की ओर से लुभाए जाने के किसी भी प्रयास को नाकाम करने के लिए उन्हें हैदराबाद भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि हमारे विधायकों को हैदराबाद ले जाने के लिए 12 और 37 सीट वाले दो चार्टर्ड विमान बुक किए गए हैं। वहीं, एक विधायक ने कहा कि सरकार गठन के लिए राजभवन से आमंत्रण मिलने में देरी की सूरत में भाजपा की ओर से विधायकों को तोड़ा जा सकता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाए मुस्लिम पक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद समिति को वाराणसी की जिला अदालत के फैसले के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख करने का गुरुवार को निर्देश दिया। वाराणसी की जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दिया था। अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार से संपर्क किया और मामले में तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया। रजिस्ट्रार ने उन्हें बताया कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने उन्हें हाईकोर्ट जाने को कहा है।

अपनी अर्जियों में अधिवक्ता निजाम पाशा और फुजैल अहमद अय्यूबी ने कहा कि आदेश की आड़ में स्थानीय प्रशासन ने बेहद जल्दबाजी में उक्त स्थल में भारी पुलिसबल तैनात किया है और वह मस्जिद के दक्षिणी हिस्से में लगे जाल को काटने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास रात के अंधेरे में इतनी जल्दबाजी में यह काम करने का कोई कारण है क्योंकि निचली अदालत की ओर से पारित आदेश में उन्हें पहले ही एक सप्ताह का वक्त दिया गया है ताकि जरूरी इंतजाम किए जा सकें।

ज्ञानवापी मामला

व्यास तहखाने में पूजा-अर्चना करते पुजारी।

- उच्चतम न्यायालय ने खारिज की अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका

खोला गया व्यास जी का तहखाना, हुई पूजा-अर्चना

वाराणसी। जिला अदालत द्वारा हिंदू समुदाय को ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के चंद घंटों बाद बुधवार देर रात तहखाने को खोलकर उसमें पूजा की गई। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस पर तंज करते हुए इसे नियत प्रक्रिया से परे गतिविधि करार दिया है। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडेय ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे 31 साल बाद व्यास जी का तहखाना पूजा-पाठ के लिए खोला गया और साफ-सफाई के बाद पूजा कराई गई। जिला प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक, बुधवार की देर रात मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ज्ञानवापी परिसर पहुंचे। उनके साथ अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ भी थे। कुछ लोगों का दावा है कि तहखाने में लक्ष्मी-गणेश की आरती की गई। हिन्दू पक्ष के एक वादी सोहनलाल आर्य ने बताया कि तहखाने के बैरिकेटिंग को हटा कर वहां लोहे का गेट लगा दिया गया है।

हाईकोर्ट पहुंची मस्जिद कमेटी, पूजा के आदेश को दी चुनौती

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी (वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का प्रबंधन करती है) ने वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। वरिष्ठ अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता की पीठ के समक्ष उक्त मामले की शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया। मालूम हो कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ मस्जिद समिति की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार करने के एक दिन बाद आया है।

रामभक्तों के लिए 8 और शहरों से हवाई सेवाएं शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद रामनगरी में लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या के चलते एयरलाइंस कंपनियों ने अयोध्या के लिए अपनी उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। इसी क्रम में गुरुवार को अयोध्या धाम के लिए एक फरवरी से स्पाइस जेट की आठ नई नियमित उड़ान शुरू की गई हैं। अब श्रद्धालुओं को पटना, दरभंगा, जयपुर, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, मुम्बई और बंगलुरु के बीच सीधी विमान सेवा का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ से आठ शहरों के लिए फ्लाइट सेवा शुरू की। केंद्रीय नागर विमानन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। अयोध्या में डीएम नीतीश कुमार ने स्पाइसजेट के पहले यात्री को बोर्डिंग पास सौंपा। अब महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से इंडिगो, स्पाइसजेट और एयरइंडिया एक्सप्रेस की 14 फ्लाइट विभिन्न शहरों के लिए उड़ान भरेंगी।

- स्पाइस जेट की सीधी विमान सेवा से अयोध्या में पर्यटन को पंख
- विभिन्न शहरों के लिए अयोध्या से उड़ान भरेंगी 14 फ्लाइट

वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के गुरुवार को बजट भाषण से पहले तेल-विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 14 रुपये बढ़ाने की घोषणा की। देश की तीन तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) हर महीने के पहले दिन रसोई गैस की कीमतों में संशोधन करती हैं। तेल-विपणन कंपनियों ने गुरुवार को 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 14 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ा दिए। बढ़ी हुई कीमतें आज से ही प्रभावी होंगी। वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत 14 रुपये बढ़कर 1,769.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है। इससे पहले कीमत प्रति सिलेंडर 1,755.5 रुपये थी। तेल कंपनियां हर महीने अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के हिसाब से संशोधन करती हैं।

- घरेलू एलपीजी मूल्य में नहीं हुआ कोई बदलाव

भाजपाई भिड़े, पूर्व विधायक पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पूर्व विधायक और समर्थकों के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत अन्य में रिपोर्ट
- डिबाई की पूर्व विधायक ने एसपी को दी तहरीर में फायरिंग का लगाया आरोप

अमृत विचार : जिले में गुरुवार को भाजपा नेताओं के बीच इतना टकराव बढ़ा कि दो गुटों के नेता आमने-सामने आ गए। एक तरफ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि के समर्थकों पर डिबाई की पूर्व विधायक ने फायरिंग करने का आरोप लगाया है। वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधि के समर्थक ने पूर्व विधायक पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने देर रात अखिलेश वर्मा की तहरीर पर पूर्व विधायक अनीता सिंह, उनके समर्थक संतोष गोस्वामी, मोहित शर्मा समेत चार-पांच अज्ञात के विरुद्ध जानलेवा हमला समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हालांकि पूर्व विधायक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। पुलिस उनकी तहरीर पर जांच कर रही है।

> भाजपा के कुछ नेताओं के बीच विवाद हुआ। अमांपुर चांडी रोड पर यह घटना हुई। दोनों ओर से फायरिंग का आरोप लगाया गया है। स्थानीय लोगों से जानकारी की जा रही है। इसमें जो भी सच्चाई होगी, उसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **जितेंद्र दुबे**, एएसपी

घटना गुरुवार दोपहर लगभग 3 बजे की है। बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी ने एटा लोकसभा क्षेत्र से टिकट के लिए आवेदन किया है। गुरुवार को वह अपने समर्थकों के साथ कासगंज के अमापुर रोड पर एक निजी गेस्ट हाउस में बैठक कर रही थीं। आरोप है कि वे बैठक से बाहर निकलीं, तभी स्थानीय जनप्रतिनिधि के कई समर्थक वहां पहुंचे और काफिले पर हमला कर दिया। उन्होंने अपनी तहरीर में लिखा है कि एपीएस लिखी हुई एक स्कॉर्पियो गाड़ी से निकले लोगों ने फायरिंग भी की थी। वहीं, दूसरी तहरीर भाजपा के अखिलेश वर्मा ने पुलिस को दी है। उन्होंने तहरीर में लिखा है कि शाम 4 बजे चांडी रोड होते हुए सहावर से कासगंज की तरफ आ रहे थे। रवि गेस्ट हाउस चांडी रोड पर राजनैतिक कार्यक्रम को देखने के लिए रुक गए, भाजपा के झंडे-बैनर देख मैंने भी कार्यक्रम में सहभाग करना चाहा। अचानक से कार्यक्रम स्थल पर नारेबाजी होने लगी तो मैं अपनी गाड़ी लेकर चल दिया। अनीता लोधी ने यह समझा कि मैं उनकी जासूसी करने आया हूं, इसलिए कुछ दूर चलते ही मेरी गाड़ी को वाहनों से रोक लिया। अनीता लोधी ने मेरी गाड़ी पर फायरिंग करा दी। जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। मैं हमले में बाल-बाल बच गया।

अदालत ने निर्धारित की अब्दुल्ला आजम की उम्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिला अदालत ने 1 जनवरी 1993 मानी जन्म तिथि

अमृत विचार : सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण का मामला निस्तारित हो गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अजय कुमार ने साक्ष्यों के आधार पर अब्दुल्ला आजम की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को खारिज करते हुए उनकी जन्म तिथि 1 जनवरी 1993 मानी है। अब सर्वोच्च न्यायालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी और नगर निगम की ओर से आयु निर्धारण के संबंध में जो साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, उसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों को ही सही माना है। जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन गुप्ता ने बताया कि इस तरह करीब 16 साल पहले छजलैट में हुए मामले में अब्दुल्ला नाबालिग माने गए हैं। इस मामले में पूर्व सांसद आजम खां और अब्दुल्ला आजम को दो-दो साल की सजा मिली थी। अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि जिस समय केस दर्ज किया गया था, वे नाबालिग थे। ऐसे में किशोर न्यायालय में सुनवाई होनी चाहिए थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने जिला न्यायालय को मामला निस्तारित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। उल्लेखनीय है कि भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर जिले के गंज थाने में मामला दर्ज कराया था।

योगी ने नेताओं को दिया प्रसाद, बुलाया अयोध्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य विधानमंडल का बजट सत्र आज से, पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण
- 2024-25 का बजट 5 फरवरी को होगा पेश 12 फरवरी तक चलेगा सदन

अमृत विचार : शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भी राम मंदिर की चर्चा रही। विधानभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलीय नेताओं के बीच राम मंदिर का प्रसाद अपने हाथ से बांटा और सभी को एकसाथ रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या चलने का प्रस्ताव भी रखा। दलीय नेताओं ने भी मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए दर्शन का कार्यक्रम तय करने की बात कही। बैठक में सभी दलीय नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वह सदन के संचालन में पूरा सहयोग करेंगे।

राज्य विधानमंडल के बजट सत्र से पहले गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में शामिल विधायकगण।

इससे पूर्व कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सत्र की कार्यवाही तारीख के साथ तय की गई। 2 फरवरी को सत्र की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोनों सदनों को एकसाथ संबोधित करने से होगी। उसी दिन औपचारिक कार्यों समेत अध्यादेशों, अधिसूचनाओं को पटल पर रखने के साथ-साथ विधेयकों के पुरःस्थापन की कार्यवाही चलेगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी जो 3 फरवरी शनिवार को भी जारी रहेगी। सरकार 2024-25 का बजट 5 फरवरी को पेश करेगी। यह उप्र. का अब तक का सबसे बड़ा बजट होगा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए बजट का आकार लगभग 7.5 लाख करोड़ रुपये होना संभव है। आगे के दिनों में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट पर भी चर्चा चलेगी। 12 फरवरी तक सदन चलाने का कार्यक्रम तय हुआ है।

शिष्या से दुष्कर्म मामले में चिन्मयानंद दोषमुक्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वर्ष 2011 में मुमुक्षु आश्रम में कई बार दुष्कर्म करने का था आरोप
- एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई के बाद गुरुवार को आया फैसला

अमृत विचार : शिष्या से दुष्कर्म करने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को अपना अंतिम फैसला सुनाते हुए मुमुक्षु आश्रम के अधिष्ठाता पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को दोषमुक्त कर दिया है। 30 नवंबर, 2011 को चिन्मयानंद के खिलाफ उनकी शिष्या ने चौक कोतवाली में दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उन्होंने कर्मचारियों की मदद से मुमुक्षु आश्रम शाहजहांपुर में उसे बंधक बनाया और कई बार दुष्कर्म किया था। उस वक्त यह प्रकरण सामाजिक और राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चित रहा था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना के उपरांत स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसके बाद से मुकदमा विचाराधीन था। गुरुवार को एडीजे तृतीय एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश एहसान हुसैन ने निर्णय सुनाते हुए स्वामी चिन्मयानंद को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

बजट पर प्रतिक्रिया

कर्मचारी और आयकरदाताओं के लिए बजट में कुछ नहीं है, वही पुरानी बातें हैं। उम्मीद थी कि कर्मचारी को कुछ मिलेगा। पुरानी पेंशन स्कीम की बात ही नहीं की है। नई पेंशन योजना को लेकर भी कुछ संकेत मिले थे। यह बजट न तो चुनावी है और न ही लुभावन है। ढांचागत विकास की बात जरूर है।

-महेंद्र प्रताप चौबे, केंद्रीय उपाध्यक्ष (नरमू)

सरकार अपनी स्थिरता को लेकर निश्चिंत है। बजट में कर्मचारी आयकर स्लैब को लेकर उत्सुक रहता है, जिसको सरकार ने छुआ ही नहीं है। सरकार को महंगाई रोकने की चिंता करनी चाहिए थी। मगर ऐसा कुछ भी नही है। सच कहें तो बजट में आम आदमी की चिंता नहीं की गयी है। सभी घोषणाएं तत्काल नहीं दिखेंगी।

-जितेंद्र सिंह, ओबीसी यूनियन (रेलवे)

बजट सरकार का आईना माना जाता है। केंद्रीय कर्मचारी कई साल से सरकार से पुरानी पेंशन की बहाली की मांग कर रहे हैं। पेंशन कर्मचारी के जीवन का आधार है लेकिन, सरकार इस मुद्दे पर चुप है। बजट में कुछ ऐसा नहीं है जिससे कर्मचारी को किसी तरह की राहत मिले। अन्य क्षेत्र के लिए सरकार ने बजट में बेहतर प्रावधान किया है।

-प्रवीणा सिंह, केंद्रीय प्रतिनिधि (नरमू)

बजट में एक बार फिर से दिव्यांगों को निराश हाथ लगी है। दिव्यांगों की सहायता को लेकर सरकार को कुछ अतिरिक्त योजना का लाभ देना चाहिए था। किसान और अन्य वर्ग के लिए सरकार ने खजाना खोला है। इसलिए किसानों के लिए यह बजट बहुत ही अच्छा है। दिव्यांगों को दी जाने वाली सुविधा के बारे में सोचना चाहिए था।

-जॉनी राठौर, दिव्यांग

बजट में आम जनता की दिक्कतों को नजरअंदाज कर दिया गया है। मुरादाबाद मंडल मुख्यालय से सभी रूटों पर शटल ट्रेनें चलाए जाने की वर्षों पुरानी मांग का कोई जिक्र नहीं है। 40 हजार जनरल बोगियों को वंदे भारत की तर्ज पर आधुनिक किए जाने के दावों की जगह यदि जनरल बोगियों को ही बढ़ाए जाने की बात की जाती तो कहीं अच्छा लगता।

-सुधीर पाठक, रेल यात्री

अंतरिम बजट बहुत अच्छा है। आयकर की 25,000 तक की पुरानी डिमांड समाप्त करने से व्यापारी को आर्थिक के साथ-साथ मानसिक राहत भी मिलेगी। रूफटॉप सोलर योजना द्वारा तीन सौ यूनिट तक फ्री बिजली देना बड़ी सहूलियत है। किसानों को आवास स्वागत योग्य कदम है।

-पवन जैन, व्यापारी

विपक्ष ने बताया चुनावी लॉलीपॉप, भाजपाई बोले- सबका विकास

वित्तमंत्री के पिटारे से किसी के लिए निकली खुशियां, किसी को मिली मायूसी, राजनीतिक नफा-नुकसान देख कर रहे टिप्पणी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के पिटारे से किसी के लिए खुशियां निकलीं तो किसी के हाथ मायूसी लगी है। आयकर दाताओं को बहुत राहत न मिलने से केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी इससे मायूस हैं तो महंगाई नियंत्रित करने का कोई उपाय न होने की बात कहकर विपक्ष इसे चुनावी लॉलीपॉप और भाजपा के लिए जीत के कागजी घोड़े दौड़ाने वाला बजट बताकर इसे खारिज कर रहा है। हालांकि सत्ता पक्ष बजट को जनहितकारी और लोक कल्याणकारी बताकर विपक्ष को आड़े हाथ ले रहा है।

वित्तमंत्री से पिटारे से निकली घोषणाओं को विपक्ष चुनावी हथकंडा बता रहा है। जबकि भाजपा नेता इसे कर्मचारियों, गृहणियों, किसानों, नौजवानों और देश के विकास की गाड़ी को और रफ्तार देने वाला बता रहे हैं। हर कोई बजट को अपने नजरिए से देखकर राजनीतिक नफा नुकसान की बात कर रहा है।

कोर्ट रोड पर टीवी पर बजट देखते लोग। ● अमृत विचार

टीवी-मोबाइल पर पल-पल बजट की अपडेट लेते रहे लोग

मुरादाबाद, अमृत विचार : बजट अंतरिम होने के बाद भी लोगों में इसका आकर्षण कम नहीं था। रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी, कुली, बुधबाजार सहित अन्य क्षेत्रों में दुकानदार-व्यापारी और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विभिन्न माध्यमों से इस बात को जानने में जुटे रहे कि बजट में विशेष क्या है? यह भी सही है कि मौसम बदलने की वजह से रेलवे स्टेशन पर समूह में बजट जानने वाले कम दिखे लेकिन, मोबाइल, टीवी और अन्य संचार माध्यमों पर लोगों की जिज्ञाषा देखी गयीं। यह अलग बात है कि आयकर के स्लैब में कोई बदलाव नहीं होने से नौकरीपेशा वाले लोग उदास दिखे। मगर बाजार में दुकानों पर आम आदमी की दिलचस्पी चर्चा में रही।

विकास, विश्वास और जनकल्याणकारी बजट है। महंगाई पर नियंत्रण लगेगा। बजट में टैक्स पर छूट से हर वर्ग को लाभ मिलेगा। भाजपा की सरकारों ने हमेशा जनहित का बजट दिया है। विपक्ष का बजट को चुनावी लॉलीपॉप बताना निरर्थक है। विपक्ष अपने समय तो जनता का भला नहीं कर पाया, अब होता देख खीझ मिटा रहा है।

-आकाश पाल, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी

किसानों, नौजवानों को कुछ नहीं मिला। किसानों के लिए बिजली, खाद पर छूट देनी चाहिए थी, केवल फसल बीमा करने से किसानों का भला नहीं होने वाला है। बजट हास्यास्पद है। न तो कर्मचारियों को दिया न गृहणियों को कोई लाभ दिया। महंगाई से राहत नहीं मिलेगी। किसानों, बेरोजगारों को कुछ हासिल नहीं होगा।

-डीपी यादव, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी

किसानों, मजदूरों को इस बजट से निराशा हुई है। न तो आयकर छूट की सीमा बढ़ाई गई है और न महंगाई नियंत्रण के लिए ही ठोस उपाय किए गए हैं। आमजन नहीं पूंजीपतियों को लाभ देने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया गया, आयकर की सीमा में भी कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

-असलम खुर्शीद, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

केंद्रीय बजट चुनावी लॉलीपॉप है। यदि अर्थव्यवस्था इतनी ही मजबूत है तो जनता को मुफ्त राशन देने की नौबत नहीं आती। लोकसभा चुनाव जीतने के लिए बजट में कागजी घोड़े को दौड़ाया गया है। देश का कर्ज बढ़ने से अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ रहा है। महंगाई नियंत्रित करने का कोई उपाय भी बजट में नहीं किया गया है।

-डॉ. सुनील आजाद, जिलाध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी

बढ़ती महंगाई से जनता हो रही परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार: अंतरिम बजट से आम जनता को कुछ हासिल नहीं हुआ है। लगातार जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार अपने किए वादों को पूरा नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

भारत रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव ने कहा कि इतनी मांगों के बावजूद सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स भी मायूस हैं। फ्री बिजली, बिल आधा करने का वादा सरकार की ओर से पहले भी हुआ था। मगर मिला मूल्य बढ़ोतरी का बिल। सरकार की ओर से प्रदेश मे चुनावों में भी कई घोषणा की, मगर धरातल पर इसका असर देखने को नहीं मिल रहा है। गैस सिलेंडर के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, आयुष्मान कार्ड चार यूनिट से ज्यादा वालों के बन रहे हैं। तो दूसरी ओर जनसंख्या नियंत्रण की बात हो रहीं हैं। यह सरकार का आने वालों चुनाव में वोट लेने की योजना का हिस्सा है।

सरकारी कर्मियों, कारोबारियों का नहीं रखा ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अंतरिम बजट में इनकम टैक्स में छूट की आस लगाए सरकारी कर्मचारियों को इस बार निराशा मिली। पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई पर सरकार ने कुछ ध्यान नहीं दिया। कर्मचारियों ने बजट को निराशाजनक बताया।

उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा नहीं की गई। संविदा और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के स्थान पर बढ़ावा दिया जा रहा है। स्थाई रोजगार सृजन न होने से तकनीकी योग्यताधारकों को अल्प वेतन और भविष्य की असुरक्षा के बीच कार्य करना पड़ रहा है। कारोबारियों ने भी अंतरिम बजट को निराश करने वाला बताया। पीतल कारोबारी कच्चे माल पर 18 प्रतिशत टैक्स और तैयार माल पर टैक्स कम करने की मांग काफी समय से करते आ रहे थे। इन्हें भी मायूसी मिली।

अंतरिम बजट कर्मचारी हित के मामले में निराशाजनक है। सरकारी कर्मचारियों के लिए कोई घोषणा नहीं है। पुरानी पेंशन की घोषणा नहीं की गई, संविदा प्रथा और ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के स्थान पर अंतरिम बजट में बढ़ावा दिया गया है।

-हेमंत चौधरी, जिला महामंत्री, अटेवा

ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन को सरकार से अपेक्षा थी कि 2,50,000 के स्थान पर कम से कम 5,00,000 तक की कर छूट मिलती। इसकी मांग कर्मचारी पिछले 10 साल से कर रहे थे। लेकिन, इस बार भी बजट में अनदेखी की गई।

-हृदयराम, प्रांतीय महामंत्री, ग्राम्य विकास मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन

पीतल कारोबारियों को भी अंतरिम बजट ने निराश किया है। इस बार उम्मीद थी की सरकार कच्चे माल पर 18 प्रतिशत और तैयार माल पर 12 प्रतिशत टैक्स कम कर देगी। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। पीतल की भट्टियां बंद करने से कारोबारियों को नुकसान है।

-विपुल अग्रवाल, पीतल कारोबारी

केंद्र सरकार ने बजट में महिलाओं को अपेक्षित किया है। सरकारी नौकरी करने वाली महिलाओं के लिए टैक्स में छूट की घोषणा नहीं की। प्राइवेट नौकरी करने वाली निराश्रित महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसी महिलाओं लिए कुछ योजनाओं की घोषणा करनी चाहिए थी।

-प्रेम चाहल, व्यापारी

गुड्स एवं सर्विस टैक्स में पीतल कारोबारियों को बजट में कोई राहत नहीं दी गई। कारोबारी को तैयार माल 12 प्रतिशत टैक्स ज्यादा देना पड़ रहा है। जिससे व्यापारी भी माल लेने से बचता है। टैक्स नहीं घटाने से व्यापारियों को बजट ने निराश किया है।

-अर्पित अग्रवाल, मूर्ति कारोबारी

सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की दरें भी कम नहीं की। शादियों की फोटोग्राफी करने पर लोग पैसा बढ़ाकर देना नहीं चाहते। पिछले एक दशक से कैमरों और अन्य उपकरणों की कीमत बढ़ने से कारोबार में नुकसान हो रहा है। बजट से भी कुछ नहीं मिला।

-संजू गौतम, मंडल प्रभारी, फोटोग्राफर एसोसिएशन

बजट से कुछ शिक्षक संतुष्ट तो कुछ निराश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को केंद्र सरकार का अंतरिम बजट पेश किया। इसमें जहां कुछ लोगों को निराशा मिली तो कुछ संतुष्ट दिखे। कुछ शिक्षकों की माने तो यह बजट शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम है तो कुछ इस बजट से निराश दिखे।

एमएच कॉलेज के प्रबंधक डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी ने कहा कि स्किल इंडिया मिशन एवं पीएम मुद्रा योजना जैसी योजनाओं से युवा सशक्त होगा। पीएम श्री प्रोग्राम के लिए 6,000 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण आवंटन हुआ, इससे स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आने की उम्मीद है। 3000 नई आईटीआई स्थापित की गई हैं। 7 आईआईटी, 16 आईआईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं जो सरकार का क्रांतिकारी कदम है।

डॉ. हरनंदन प्रसाद

डॉ. काव्य सौरभ जैमिनी

प्रीतम सिंह

राजकीय हाईस्कूल बहोरनपुर कला के प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकारी कर्मचारी एवं शिक्षकों को बीते 10 वर्ष में एक बार भी इनकम टैक्स स्लैब बदलाव नहीं किया गया है। टैक्स स्लैब में बदलाव न करने के कारण 10 साल के दौरान इनकम टैक्स में बढ़ोतरी 12 गुना हो गई, जबकि उस ढंग से बीते 10 वर्षों में वेतन नहीं बढ़ा। अत्यंत निराशाजनक बजट है।

शिक्षक डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने कहा कि इस बार के आम बजट में सरकार द्वारा जहां महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कौशल विकास पर जोर देने के साथ ही स्वास्थ्य पर जोर दिया गया है। वहीं हवाई यात्रा, उच्च तकनीकी शिक्षा जिनमें नए आइटीआई, आईआईटी, एम्स व विश्वविद्यालय की घोषणा के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने से बजट के दूरगामी परिणाम अच्छे आने की उम्मीद है , लेकिन इस बजट से फिलहाल किसी वर्ग को कोई राहत की उम्मीद नहीं लगती। चुनावी वर्ष में नौकरीपेशा वर्ग को बड़े राहत की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें भी निराशा मिली है। वही बजट में देश की नींव प्राथमिक शिक्षा के लिए भी कोई नई घोषणा नहीं हुई, जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अमल में लाने में नई चुनौतियां पेश आएंगी।

महिलाओं ने सराहा तो नाकाफी भी बताया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र सरकार का अंतरिम बजट पेश किया। बजट से घर-गृहस्थी चलाने वाली महिलाओं को भी काफी उम्मीदें थी। कुछ महिलाओं ने बजट को उत्साहजनक तो कुछ ने निराशाजनक करार दिया है।

बजट में वादे के अलावा कुछ नहीं हैं। सरकार रसोईघर पर डाका डाल रही है। जरूरत की सभी वस्तुओं पर महंगाई की मार है। इन पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। शिक्षा पर कोई बात नहीं हो रही। रोजगार के साधन नहीं है।

-सरिता यादव, गृहिणी, बुद्धि विहार

सरकार को बजट में सभी का ध्यान रखना चाहिए था। हम कहीं भी जाते हैं तो सभी जगह की सड़कें खस्ताहाल हैं। जिससे सफर का समय दोगुना हो जाता है। सरकार युवाओं के लिए नौकरी की भी व्यवस्था करे।

-आयुषी यादव, गृहिणी, दिल्ली रोड

वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में महिलाओं पर खास ध्यान दिया गया है। घर और आम लोगों को निशुल्क बिजली देने का वादा भी किया है। तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी।

-सलमा बी, सर सैय्यद नगर

इस बजट में महिलाओं को आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के लिए काफी कुछ दिया गया है। जिसमें नौ करोड़ महिलाओं में से तीन करोड़ को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

-मधु सक्सेना, गृहिणी, दीनदयाल नगर

बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आयकर में सात लाख की छूट को बरकरार रखा गया है। अगर छूट कुछ और बढ़ा दी जाती तो इसका लाभ सबको मिलता। लेकिन महिलाओं को बजट में बहुत कुछ दिया गया है।

-रेनू श्रीवास्तव, गृहिणीखुशहालपुर

अंतरिम बजट में किसानों को मिली निराशा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से गुरुवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश किया। चुनावी माहौल को देखते हुए उम्मीद लगाई जा रही थी कि सरकार किसानों के लिए काफी कुछ करने वाली है। मगर ऐसा हुआ नहीं। बजट से किसान निराश हैं। किसानों का कहना है कि सरकार लगातार किसानों के साथ अन्याय कर रही है।

किसानों का कहना है कि सरकार लगातार उनके साथ छल कर रही है। सरकार ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि वह किसानों की आय दोगुना करेगी, लेकिन स्थिति उलट है। लगातार बढ़ती महंगाई से किसानों की कमर टूट गई है। उनके लिए घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है। लेकिन, सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। किसान उम्मीद लगाए थे कि इस बार एमएसपी गारंटी कानून पर मुहर लग जाएगी। मगर ऐसा नहीं हुआ। किसान लंबे समय से गन्ने को मुआवजा वाली फसलों में शामिल होने की गुहार लगा रहे थे। लेकिन, इस पर भी सरकार ने विचार नहीं किया। किसानों की मांग थी कि सी टू प्लस 50 का फार्मूला लागू किया जाए। लेकिन, इसमें भी किसानों को निराशा हाथ लगी है।

किसान बोले

- लगातार निराश कर रही सरकार, कब मिलेगा एमएसपी गारंटी कानून
- लंबे समय से गन्ने को मुआवजे वाली फसलों में शामिल करने की मांग भी पूरी नहीं हुई

इस बार भी किसानों को बजट से निराशा मिली है। लंबे समय से हमारी मांग है कि एमएसपी गांरटी कानून लागू किया जाए। लेकिन, इस विषय को सरकार गंभीरता से नहीं ले रही है।

-सतीश विश्नोई, किसान नेता

किसानों की लंबे समय से मांग रही है कि सी टू प्लस 50 कानून बनाया जाए। अगर किसान की लागत फसल में 300 रुपये है तो उसे इसके साथ 140 रुपये बढ़कर मिलने चाहिए। तभी किसान आगे बढ़ सकेगा।

-विनोद कुमार, किसान नेता



जब तक डीजल, पेट्रोल के दाम आधे नहीं होंगे और एमएसपी गांरटी कानून नहीं बनेगा। तब तक किसानों को परिवार का पालन पोषण करना मुश्किल है। किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए था।

-डॉ. चरन सिंह, किसान नेता



बढ़ती महंगाई में किसानों के लिए घर चलाना मुश्किल हो रहा है। बजट से काफी निराशा हाथ लगी है। गन्ने की फसल को भी मुआवजा मिलने वाली फसलों में शामिल करना चाहिए। क्योंकि यूपी में अधिकांश गन्ना किसान है।

-समरपाल सिंह, किसान नेता

बोर्ड परीक्षा | विशेषज्ञ बोले- विद्यार्थी साथ रखें पाठ्यक्रम और पुराने पेपर, थोड़ी रिसर्च भी जरूरी

परीक्षा से घबराएं नहीं, आत्मविश्वास से करें पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बोर्ड परीक्षा का काउंट डाउन शुरू हो गया है। विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं भी शुक्रवार से शुरू हो जाएगी। छात्र-छात्राओं के लिए अब बचा हुए समय काफी महत्वपूर्ण है। शिक्षा विशेषज्ञों की माने तो किसी भी विषय की पढ़ाई या पेपर की तैयारी से पहले उसके बारे में रिसर्च जरूरी है। इससे परीक्षा की तैयारी में मदद मिलती है। साथ ही पुराने पेपर से महत्वपूर्ण टॉपिक का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसलिए विद्यार्थी सिलेबस और पुराने पेपर अपने साथ अवश्य रखें।

हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के शिक्षक विशाल वर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा नजदीक है, लेकिन घबराएं नहीं और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करें। प्रश्नपत्र में जो प्रश्न सरल हैं उन्हें पहले हल करें। एक प्रश्न में अधिक समय न लगाएं। इसके अलावा परीक्षा में व्हाट्सएप के मैसेज वाली संक्षिप्त भाषा का उपयोग न करें। टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करें, लेकिन टेक्नोलॉजी को अपना समय दान न करें। मोबाइल का अधिक उपयोग तनाव ग्रस्त बनाता है। मोबाइल फोन का इस्तेमाल कम करेंगे तभी हर चीज को सही समय पर कर सकेंगे। गणित का सवाल नहीं आ रहा है तो यूट्यूब देख सकते हैं और स्कूल के टीचर से बात करके अपनी समस्या सुलझा सकते हैं। साथ ही एनसीईआरटी की किताबों की सही से पढ़ाई करें।

तैयारी करते समय इन बातों का रखें ध्यान

विद्यार्थियों को अच्छे नंबर लाने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना है। सवाल का जवाब टू द प्वाइंट दें। समय बर्बाद न करें। जिस सवाल में चित्र बनाना जरूरी हो उसका ध्यान रखें। चित्र स्पष्ट व स्वच्छ हो। रासायनिक सूत्रों को अच्छी तरह याद करें। बार-बार लिखकर अभ्यास करें। रासायनिक समीकरण संतुलित हो। आंकिक प्रश्नों में फार्मूला लगाने में सतर्कता बरतें। पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों के आधार पर मॉक टेस्ट दें, इससे अवधारणा स्पष्ट हो जाएगी। समय को व्यवस्थित करके एक-एक टॉपिक दो-दो दिन में क्लियर करेंगे, तब भी तैयारी हो जाएगी। तीन विद्यार्थी साथ मिलकर ग्रुप स्टडी करें। फार्मूला के नोट्स बना लें। जब समझ में नहीं आए तो उसे देख लें। रट्टा न मारें बल्कि समझकर पढ़ें, मन से कठिन विषय का डर निकाल दें। जिससे परीक्षा की डगर आसान हो जाएगी।

अंतिम दिनों में ऐसे करें तैयारी
अपने पूरे दिन का टाइम टेबल बना ले आपको क्या पढ़ना है और क्या करना है।
परीक्षा के अंतिम दिनों में वही पढ़ें जो आपने पूरे साल पढ़ा है।
अंतिम दिनों में पूरा सिलेबस रिवीजन करने का कोशिश न करें। वही पढ़ें जो बहुत महत्वपूर्ण हो।
हो सके तो शार्ट नोट्स से पढ़े।
अंतिम वर्ष के प्रश्नों को हल करे।

एक घंटे विलंब से शुरू हुई परीक्षा, छात्रों में रोष

मुरादाबाद, अमृत विचार: केजीके महाविद्यालय में गुरुवार को एलएलबी की परीक्षा का निर्धारित समय 2:30 बजे रहा। कुछ कमरों में परीक्षा समय से शुरू हुई और कुछ में एक घंटा विलंब से शुरू हुई। जिससे परीक्षार्थी काफी परेशान रहे।

परीक्षार्थियों ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विद्यार्थी एक घंटे तक अपना रोल नंबर ढूंढते रहे। बाहर लिस्ट में जाकर देखा तो उनकी परीक्षा उन्हीं कमरे में थी, लेकिन कमरे में उपस्थित अध्यापकों को उसका पता नहीं था। छात्र रवि पांडे, राजन गौतम, यश गुप्ता ने बताया कि उनका रोल नंबर कहां हैं यह आधा घंटे बीत जाने के बाद भी स्पष्ट नहीं हुआ। बाद में उन्हें एक ऑडिटोरियम में बैठा दिया गया। जिससे परीक्षा एक घंटा विलंब से शुरू हुई। जिससे छात्रों में रोष रहा।

वैवाहिक सम्मेलन 16-17 मार्च को

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: 16 व 17 मार्च को दिल्ली रोड स्थित राही होटल में वैश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवती पारस्परिक परिचय द्वारा वैवाहिक बंधन में बंध सकेंगे। इसके लिए पंजीकरण 29 फरवरी तक चलेंगे। इसमें एनसीआर, उत्तराखण्ड व उत्तर प्रदेश के युवक-युवतियां परिणय बंधन में बधेंगें।

अग्रवैश्य प्रगतिशील वैवाहिक जन कल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को समिति के कार्यालय चौराहा गली बर्तन बाजार में हुई। जिसमें तय किया गया कि समिति द्वारा 16 व 17 मार्च को आयोजित दो दिवसीय वैवाहिक सम्मेलन के लिए मुरादाबाद, बरेली, मेरठ मंडलों, उत्तराखण्ड व एनसीआर में पंजीकरण को प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रत्येक पंजीकरण के सापेक्ष तीन-तीन सदस्यों के दो दिन के भोजन व आवास की व्यवस्था संस्था द्वारा की जाएगी। परिचय के बाद विवाह के लिए सहमति प्रदान करने पर संस्था द्वारा विवाह भी कराए जाएंगे। बैठक में संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, विवेक गोयल, संजय सिंहल, आदित्य अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, रश्मि गोयल, वंदना अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

सर्व वैश्य समाज के वैवाहिक सम्मेलन पर चर्चा करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- दिल्ली रोड स्थित राही होटल में विवाह के लिए परिचय देंगे वैश्य समाज के युवक-युवतियां

शहर में आज

- दिल्ली रोड स्थित ब्रेड फैक्ट्री के पास श्रीराम कथामृत महोत्सव के अन्तर्गत कथा दोपहर 3 :30 बजे।
- गोकुल दास गर्ल्स महाविद्यालय में गाइड शिविर का समापन दोपहर 1 :00 बजे।
- कालीमाता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6 :00 बजे।

एक नजर

नाबालिग से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना पुलिस ने किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी विजय को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि किशोरी की मां ने 28 जनवरी को आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़ के आरोप में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद विवेचनात्मक कार्रवाई एवं साक्ष्य और बयान के आधार पर मामले में पॉक्सो एक्ट की धारा भी मामले में बढ़ाई गई थी। इस प्रकरण में दरोगा हरेंद्र सिंह ने गुरुवार को पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त विजय पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी विजय देहरी गांव का रहने वाला है।

योगनगरी से होगा वैष्णो देवी एक्सप्रेस का संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : परिचालन कारणों के मद्देनजर रेल प्रबंधन ने गाड़ी संख्या 14609/10 को बदली सारिणी और स्टेशन से चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पहले ऋषिकेश स्टेशन से चलकर श्रीमाता वैष्णो देवी मंदिर कटरा स्टेशन पहुंचती थी। अब इसे योग नगरी स्टेशन से चलाया जाएगा। यह निर्णय भी अस्थायी रूप से लिया गया है। यह जानकारी प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने दी है।

मैनाठेर में एनडीपीएस एक्ट में युवक गिरफ्तार

मैनाठेर, अमृत विचार : मैनाठेर थाना पुलिस ने चरस के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र में ग्राम गुरेर की ओर डींगरपुर चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने एक युवक मोहम्मद हसन (26) पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम गुरेर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लगभग एक किलोग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

यार्ड मरम्मत के दौरान नौ ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अकालतख्त एक्सप्रेस रूट में 15 मिनट रोकी गई
- सेक्शन में रोक-रोककर चलाई जाएंगी घोषित ट्रेनें

अमृत विचार: लक्सर यार्ड में विकास- मरम्मत कार्य के मद्देनजर ट्रैफिक एवं पॉवर ब्लॉक जारी किया गया है। तीन दिनों में यह कार्य होना है। इस वजह से मंडल में संचालित नौ ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। गाड़ी संख्या 12358 (अमृतसर-कोलकाता) गुरुवार को मार्ग में 15 मिनट नियंत्रित कर संचालित की गयी। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने यह जानकारी दी है। बताया कि गाड़ी संख्या 14113 (सूबेदारगंज-देहरादून) 4 फरवरी को मार्ग में 150 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। गाड़ी संख्या 19031 (अहमदाबाद योग नगरी ऋषिकेश) 4 फरवरी को दिल्ली मंडल में दो घंटे रोकी जायेगा। गाड़ी संख्या 14815 (श्री गंगानगर - ऋषिकेश) 5 फरवरी को रास्ते में 45 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। गाड़ी संख्या 04359 (चंदौसी-ऋषिकेश) 5 फरवरी को मार्ग में 60 मिनट रोकी जाएगी। गाड़ी संख्या 04359 (चंदौसी-ऋषिकेश) 12 फरवरी को दोनों स्टेशनों के बीच निर्धारित स्थान पर दो घंटे रोक कर चलायी जाएगी।

उधर, गाड़ी संख्या 19032 (योग नगरी ऋषिकेश अहमदाबाद) 5 फरवरी को योग नगरी ऋषिकेश से अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 12017 (नई दिल्ली देहरादून) 5 फरवरी को नई दिल्ली से अपने निर्धारित समय से 120 मिनट की देरी से चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या 12018 (देहरादून नई दिल्ली) 5 फरवरी को देहरादून से अपने निर्धारित समय से 120 मिनट विलंब से चलेगी।

रेल मंत्री ने अधिकारियों को वर्चुअल संबोधन में दी जानकारी, उत्तराखंड राज्य को 5120 करोड़ रुपये मिले

रेल विकास के लिए यूपी-उत्तराखंड को मिले 24,695 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: साल 2014 के बजट में उत्तर प्रदेश को 1109 करोड़ रुपये रेलवे को मिला था। साल 2024-25 के अंतरिम बजट में सरकार ने 19,575 करोड़ रुपये आवंटित किया है। उत्तराखंड राज्य को 5120 करोड़ रुपये मिले हैं। बजट से रेल सेवा, विकास और विभिन्न मदों में दोनों राज्यों को 24,695 करोड़ रुपये मिलेंगे। यह विवरण कल्पना से परे है। दोनों राज्यों में रेलवे के विकास और यात्री सुविधा बढ़ाने में यह धनराशि खर्च होगी।

यह जानकारी रेल और संचार मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दी। आम बजट में रेलवे के लिए धनराशि आवंटन की घोषणा के बाद मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से रेल प्रबंधन और मीडिया से वार्ता की। मंडल के किसी अधिकारी और मीडिया के सदस्य से रेल मंत्री ने बात तो नहीं की, लेकिन आम बजट में रेलवे को मिली धनराशि की राज्यवार विवरण गिनाकर रेल मंत्री ने खूब तालियां बिटोरी। रेल मंत्री ने इस बात की जानकारी दी कि यह धनराशि रेल की परियोजनाओं को पूरा कराएगी। दोनों राज्यों में इस धन से यात्री सुविधा और जरूरी सेवाओं का विस्तार होगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का वर्चुअल प्रसारण देखते मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

बजट 2024

- डीआरएम कार्यालय सभागार में रेल मंत्री के संबोधन का प्रसारण
- रेल विकास और यात्री सुविधा बढ़ाने में खर्च होगी धनराशि

बताया कि साल 2014 के आम बजट में तक की कांग्रेस नेतृत्व की सरकार ने उत्तर प्रदेश को केवल 1109 करोड़ रुपये दिए थे। इस बार सरकार ने 19,575 करोड़ रुपये दिए हैं। मंडल प्रबंधन की ओर से डीआरएम राज कुमार सिंह, प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह, प्रवर मंडल रेल प्रबंधक क्रमशः एनएन सिंह, राकेश सिंह सहित वाणिज्य, परिचालन, इंजीनियरिंग और सिग्नल एंड टेलिकाम विभाग के अधिकारी कार्यक्रम में शामिल रहे।

कैंटर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मारी, मजदूर की मौत

मझोला थाना क्षेत्र में गिन्नोर द माफी गांव के पास हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थानाक्षेत्र के गिन्नौर द माफी में देर रात कैंटर ने पीछे से ट्रैक्टर-ट्रॉली में टक्कर मार दी। ट्राली में भूसा लदा हुआ था। हादसे में मजदूर यासीन पुत्र तुल्लन शाह (28) ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहिये के नीचे आ गिरा। पहिया उसे रौंदता हुआ आगे बढ़ गया और यासीन की मौके पर ही मौत हो गई। यासीन रामपुर में खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव जौरासी का रहने वाला था। मृतक सात भाई-बहनों में सबसे बड़ा था।

घटना बुधवार रात एक बजे गिन्नौर द माफी गांव के पास की है। यासीन ट्रॉली से भूसा उतारने के लिए अपने ही गांव के साजिद व नन्हें के साथ अमरोहा जिले की गोशाला जा रहा था। ट्रैक्टर साजिद चला रहा था। नन्हें भी घायल हुआ है। इन्हें पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। उधर, पुलिस ने कैंटर को थाने में खड़ा करा लिया है। बताया जा रहा है कि यासीन का निकाह पांच साल पहले आसिया से हुआ था। मृतक के परिवार में पत्नी आसिया, दो बेटी गौसिया व आफिया और एक बेटा सिसान हैं।

चाचा लायक अली ने बताया कि बुधवार रात यासीन गांव से भूसा लादकर अमरोहा के ढबारसी स्थित गोशाला में पहुंचाने जा रहा था। यासीन के साथ गांव का ही मजदूर नन्हें भी सवार था। कैंटर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल भेजा, जहां देखते ही डॉक्टरों ने यासीन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर गुरुवार सुबह रोते बिलखते परिजन मोर्चरी पहुंच गए थे। इस संबंध में मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से मजदूर की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजन को सौंपा गया है। हादसे के मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

जिला अस्पताल में मोर्चरी के बाहर मौजूद यासीन के परिवार के लोग। ● अमृत विचार

दुष्कर्म का मुकदमा वापस न लेने पर धमकाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : न्यायालय में विचाराधीन दुष्कर्म के मामले को वापस न लेने पर पीड़िता को उसके घर घुसकर धमकाने का मामला सामने आया है। प्रकरण सिविल लाइंस थाना क्षेत्र का है। डरी-सहमी पीड़िता गुरुवार को एसएसपी के सामने पेश हुई थी।

पीड़िता ने एसएसपी के सामने दो आरोपियों के नाम लेकर कहा कि उसके घर में घुसकर धमकी दी है कि यदि उसने मुकदमा वापस नहीं लिया तो वह लोग उसे और उसकी बच्ची को मार डालेंगे। पीड़िता ने बताया कि वह नयागांव में किराये पर रहती है। उसने बताया है कि उससे संबंधित कोर्ट में विचाराधीन दुष्कर्म के मुकदमे को वापस लेने के लिए आरोपी दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि 30 जनवरी को रात करीब आठ बजे दो नामजद और तीन अज्ञात आरोपी उसके घर में घुस आए थे। आते ही आरोपियों ने कहा कि यदि तूने मुकदमा वापस नहीं लिया तो तूझे और तेरी बेटी को जान से मार देंगे। पीड़िता का कहना है कि धमकी देने की इस घटना की वीडियो भी उसके पास है। एसएसपी हेमराज मीना ने सिविल लाइंस थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

केजीएमयू, नगर निगम के साक्ष्य खारिज

अब्दुल्ला आजम प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सपा के कद्दावर नेता एवं पूर्व मंत्री आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम की उम्र का निर्धारण हो चुका है। अब इसमें अंतिम फैसला सुप्रीम कोर्ट में होना है। चूंकि, अब्दुल्ला आजम ने छजलैट में हुए बवाल के मामले में हुई सजा से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। इसी के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

अब्दुल्ला आजम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि जनवरी 2008 के दिन छजलैट में जो बवाल हुआ, उस दौरान वह नाबालिग थे। इसी आयु निर्धारण का मामला सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मुरादाबाद जिला एवं सत्र न्यायालय में चल रहा था। जिसके निस्तारण में कोर्ट को करीब चार महीने लगे हैं। वैसे इस मामले में अब्दुल्ला आजम की ओर से बचाव पक्ष के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता जुबैर खान, रामपुर से विनोद शर्मा और दिनेश चंद पाठक थे। इन लोगों ने विपक्ष से कोर्ट में तमाम बहस भी की। फिर कोर्ट ने साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया है और अब अपनी रिपोर्ट शीर्ष न्यायालय में भेजने की तैयारी में है। जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन गुप्ता ने बताया कि अब्दुल्ला आजम की आयु निर्धारण के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 26 सितंबर 2023 से सुनवाई शुरू हुई थी। इस तरह चार महीने के अंतराल में जिला जज न्यायालय ने इस मामले को मंगलवार देर रात को निस्तारित कर दिया।

साक्ष्य प्रस्तुति में किसने क्या कहा था...

अब्दुल्ला आजम की मां डॉ. तजीन फात्मा ने कोर्ट में बताया था कि उनके बेटे का जन्म 30 सितंबर 1990 को लखनऊ स्थित केजीएमयू के क्वीन मेरी अस्पताल में हुआ था। क्वीन मेरी अस्पताल की चिकित्सक डॉ. अंजू अग्रवाल ने अदालत को बताया था कि अस्पताल का रिकॉर्ड जीर्णशीर्ण दशा में आ चुका है। उस समय के जो कागजात मिले, उसकी सत्यापित कॉपी अदालत में पेश की गई है। इसमें लिखा है कि 30 सितंबर 1990 को तजीन फात्मा ने एक बच्चे को जन्म दिया था। लखनऊ नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय कुमार भी न्यायालय में तलब हुए थे। रामपुर के सेंट पॉल स्कूल के प्रधानाचार्य मनोज पाठक भी अभिलेखों के साथ अदालत में तलब हुए थे। इन्होंने बयान दिया था कि अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि स्कूल के दस्तावेजों में एक जनवरी 1993 अंकित है।

छजलैट का यह था मामला

2 जनवरी 2008 को पूर्व मंत्री आजम खां परिवार के साथ मुजफ्फरनगर जा रहे थे। छजलैट थाने के सामने वाहन चेकिंग के दौरान इनकी गाड़ी पुलिस ने रोक ली थी। इसके विरोध में आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम सड़क पर धरने पर बैठ गए थे। खबर पाकर काफी संख्या में समर्थक भी पहुंचे थे। इस मामले में वर्ष 2019 से मुरादाबाद की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को दो- दो साल की सजा सुनाई थी।

जेल में निरुद्ध हैं आजम खां, तजीन फात्मा और अब्दुल्ला

रामपुर की एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने जन्म प्रमाणपत्र मामले में अक्टूबर 2023 को पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम उनके पिता आजम खां और उनकी मां डॉ. तजीन फात्मा को सात-सात साल के कारावास और 50 हजार जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। लघु उद्योग प्रकोष्ठ के तत्कालीन क्षेत्रीय संयोजक एवं भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में रामपुर जिले के गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था। इसमें सपा नेता आजम खां और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था। वर्तमान में आजम खां सीतापुर, डॉ. तजीन फात्मा रामपुर और अब्दुल्ला आजम हरदोई जेल में निरुद्ध हैं।

गोपनीय सूचनाएं लीक करता था दरोगा

छजलैट प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : छजलैट में गोकशी मामले से जुड़े लोगों के चेहरे सार्वजनिक होने के बाद कई तरह की परतें खुलने लगी हैं। गोकशी में गिरफ्तार हुए विश्व हिंदू परिषद के (धर्म प्रसार विभाग) जिला प्रमुख मोनू विश्नोई उर्फ सुमित व उनकी टीम को दरोगा नरेंद्र कुमार थाने की सूचनाओं को लीक करता था। गोकशी से जुड़े लोगों के संपर्क में रहकर अनैतिक गतिविधियों में संलिप्त मिले दरोगा को एसएसपी हेमराज मीना ने बुधवार को ही निलंबित कर दिया था। यह करीब एक साल से छजलैट थाने में तैनात था।

थानाध्यक्ष छजलैट सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि मोबाइल के सीडीआर से पता चला है कि निलंबित दरोगा अधिकांशतः विहिप के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चौधरी को कॉल कर थाने की गोपनीय सूचनाओं की जानकारी देता था। उन्होंने बताया कि दरोगा का यह कृत्य पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में बड़ी अनुशासनहीनता का परिचायक है। इसलिए उच्चाधिकारियों ने फौरी तौर पर कार्रवाई करते हुए इसे निलंबित कर दिया है। अब इस मामले में दरोगा के विरुद्ध विभागीय जांच भी शुरू हो रही है। दूसरी तरफ, छजलैट थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार मोनू विश्नोई और उसका साथी राजीव चौधरी ही प्रत्येक मामले को लीड करते थे। इसके गिरफ्तार अन्य साथियों में जैसे रमन चौधरी अनैतिक कार्यों के लिए मोहरा बने हुए थे। छजलैट थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों के संबंध में वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र वर्मा विवेचना कर रहे हैं। अपने को विश्व हिंदू परिषद का जिला प्रमुख बताने वाला मोनू विश्नोई सट्टा भी खिलवाता था। इसने मोनू विश्नोई बजरंगी जिला प्रमुख विश्व हिंदू परिषद के नाम से फेसबुक आइडी भी बना रखी है।

मझोला व सोनकपुर में भी तैनात रहा है दरोगा

गोकशी कराकर छजलैट थानाध्यक्ष के विरुद्ध साजिश रचने और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले आरोपियों की मदद में जुटा दरोगा नरेंद्र कुमार करीब चार-पांच साल से पुलिस विभाग में है। छजलैट थाने से पहले यह मझोला और सोनकपुर थाने में भी तैनात रहा है। यह मूलतः बागपत जिले का रहने वाला है।

आरोपियों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

न्यायालय में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खुल सकती है। यदि गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई हुई तो जाहिर है कि पुलिस इनकी कमाई के स्रोत तलाशेगी और अपराध से अर्जित संपत्ति को कुर्क भी करेगी।

राह भटकी बच्ची को उसके पिता से मिलाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार अपरिचित बच्ची के माता-पिता को खोजकर बच्ची को सकुशल उन्हें सौंपा। बच्ची को पाकर उसके माता-पिता निहाल हो गए और पुलिस का आभार जताया।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बुधवार शाम को हाईवे पर स्थित एक होटल के पास उन्हें बच्ची मिली थी। बच्ची मानसिक रूप से कमजोर प्रतीत हो रही है। कई बार इसका नाम-पता और माता-पिता का नाम पूछा गया लेकिन, वह कोई जवाब नहीं दे रही थी। ऐसे में उसकी तस्वीर खींचकर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की थी। जिस पर बच्ची के माता-पिता के बारे में गुरुवार को जानकारी हुई तो उनसे संपर्क कर बच्ची को उनके हवाले किया गया है। बच्ची के पिता सैफुद्दीन सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अजीतपुर के रहने वाले हैं।

लखनऊ में दक्ष होंगे प्राविधिक निरीक्षक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

तैयारी

- भारत सरकार के तकनीकी सहायक देंगे फिटनेस का प्रशिक्षण
- 4 को राज्य भर के संभागीय निरीक्षक राजधानी में जुटेंगे

अमृत विचार: संभागीय परिवहन विभाग ने जनपदवार आटोमेटेड टेस्टिंग प्रणाली (एटीएस) से वाहनों की सेहत जांचने का निर्णय लिया है। विभाग अब तक मैनुअल तरीके से वाहनों की फिटनेस जांच करता है। एटीएस में वाहनों की कौन सी जांच और किस तरह से होगी? इसका प्रशिक्षण राजधानी में होगा। 4 फरवरी को प्रदेश भर के प्राविधिक निरीक्षक लखनऊ जाएंगे।

परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने संभागीय निरीक्षक प्राविधिक संघ के आवेदन पर विभागीय पत्र जारी किया है। आदेश में इस बात की जानकारी दी गई है कि 4 फरवरी की राज्य मुख्यालय पर वाहनों की स्वास्थ्य जांच में निरीक्षण वाले बिंदुओं का प्रशिक्षण दिया जाना है।

इसलिए प्रदेश भर के प्राविधिक निरीक्षक भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशन में प्रशिक्षण लेंगे। कार्यशाला में भारत सरकार की विभागीय तकनीकी सलाहकारों की टीम आएगी जो, प्राविधिक निरीक्षकों को एटीएस कार्य का प्रशिक्षण देगी। लखनऊ के आई एंड सी सेंटर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने जनपदवार एटीएस स्थापना शुरू कराया है जहां, निजी, वाणिज्यिक और बड़े मालवाहक वाहनों की फिटनेस जांच होगी। अब यह प्रक्रिया मशीनों द्वारा पूरी की जाएगी। प्रशिक्षण में प्राविधिक निरीक्षकों को यह जानकारी दी जाएगी की वाहनों के स्वास्थ्य जांच में कौन-कौन से उपकरण प्रयुक्त होंगे? वाहन के इंजन और किन-किन बिंदुओं की जांच की जानी है? उसकी प्रक्रिया क्या होगी। संभागीय प्राविधिक निरीक्षक हरिओम का कहना है कि तकनीकी सलाहकारों के प्रशिक्षण के बाद सभी क्षेत्रीय प्राविधिक निरीक्षक विभागीय एटीएस का संचालन करेंगे। प्रशिक्षण केंद्र से दक्षता प्रमाण पत्र लेकर प्राविधिक निरीक्षक अपने-अपने जिले में नई व्यवस्था के तहत वाहनों की फिटनेस करेंगे। अभी तक यह कार्य मैनुअल तरीके से होता है। प्रदूषण जांच सहित कर अदायगी की व्यवस्था आन लाइन कर दी गयी है।

जच्चा-बच्चा केंद्र की संचालक पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : नागफनी थाना क्षेत्र के दौलत बाग में पार्षद के घर के सामने का जच्चा-बच्चा केंद्र सील हो गया है। यही नहीं, इसकी संचालक शहनाज पत्नी हाजी नाजिम के विरुद्ध इंडियन मेडिकल काउंसिल एक्ट के तहत मामला भी दर्ज हो गया है।

डिप्टी सीएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार ने गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। नामजद अभियुक्त शहनाज दौलत बाग में ही अंडो वाली गली की रहने वाली हैं। यहां जच्चा-बच्चा केंद्र अवैध रूप से संचालित हो रहा था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में इसका कोई पंजीकरण भी नहीं है। उन्होंने बताया कि इस जच्चा-बच्चा केंद्र के मामले में 21 जुलाई 2023 को बंगला गांव के अनिल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके संबंध में उन्होंने सीएमओ के निर्देश पर 31 जनवरी को मौके पर जाकर केंद्र का निरीक्षण किया था।

यूपी बोर्ड नकलविहीन परीक्षा कराना सभी की जिम्मेदारी, नकल होने पर संबंधित के खिलाफ होगी कार्रवाई

जिले में 110 केंद्रों पर कड़ी निगरानी व सुरक्षा में होगी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यूपी बोर्ड की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व निगरानी रहेगी। जिस केंद्र पर नकल होते पाई जाएगी उसमें जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई होगी।

पंचायत भवन सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। कहा कि प्रधानाचार्य और केंद्र व्यवस्थापक 22 फरवरी से 9 मार्च तक होने वाली बोर्ड परीक्षा को पूर्ण सुचिता और पारदर्शिता से कराने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से मिले निर्देश का शत प्रतिशत पालन कराना होगा। गाइडलाइन को सभी प्रधानाचार्य और केंद्र व्यवस्थापक गहनता से अध्ययन कर उसके अनुरूप परीक्षा सुनिश्चित कराएं। नियमों में शिथिलता नहीं बर्दाश्त होगी। परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के समय पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जाएगा। जिससे प्रश्न पत्रों की सुरक्षा की जा सके और निर्बाध ढंग से परीक्षा हो सके। प्रधानाचार्यों, केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि किसी भी सेंटर पर नकल जैसी गड़बडी मिलने पर त्वरित व कठोर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि शिक्षण संस्थान ईएलसी क्लब का सही तरीके से गठन कर लें। लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानाचार्यों को स्वीप गतिविधियों में भी आगे बढ़कर कार्य करने के लिए निर्देश दिया। कहा कि जिन मतदान केन्द्रों का मत प्रतिशत कम रहता है वहां विशेष ध्यान दें। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया 110 केंद्रों पर बोर्ड की परीक्षा कराई जाएगी। जिसमें हाईस्कूल में 42,772 और इंटर में 38,918 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा कराने के बारे में जानकारी दे दी गई है। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे सहित सभी केन्द्रों के केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहें।

पंचायत भवन में आयोजित बैठक में उपस्थित कॉलेज के प्रबंधक और प्रधानाचार्य।



जानकारी देते जिला विद्यालय निरीक्षक।

नगर आयुक्त दिव्यांशु ने कार्यभार संभाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवागत नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने गुरुवार को नगर निगम कार्यालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। वह 2017 बैच के आईएएस हैं। यहां से पहले वह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में विशेष सचिव के पद पर तैनात थे।

नगर आयुक्त ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अपने कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों से मुलाकात की। अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अनिल कुमार सिंह से यहां के भौगोलिक व कार्य से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने महापौर विनोद अग्रवाल से भी मुलाकात की। अपनी प्राथमिकता उन्होंने नागरिकों की समस्या का निस्तारण और नगर निगम की आय को बढ़ाना बताया। मुरादाबाद से पहले वह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में विशेष सचिव रहे। उसके पहले उन्नाव में सीडीओ और बाराबंकी में भी पदस्थापित रहे।

स्मार्ट सिटी के कार्यों को समय से पूरा कराना और महानगर में नागरिक सुविधाओं को मजबूती दिलाने के प्रति तत्परता दिखाई। कहा कि नगर निगम के जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बेहतर समन्वय कर कार्य कराएंगे। जिससे जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता मिल सके।

यहां अब तक तैनात रहे नगर आयुक्त संजय चौहान का पिछले दिनों तबादला शासन ने कर दिया था। वह लंबे समय तक यहां पदस्थापित रहे।

कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल। ● अमृत विचार

एक नजर

साईं मंदिर रोड पर कीचड़ से आवागमन से परेशानी

मुरादाबाद, अमृत विचार : सीवर लाइन खोदाई का कार्य मनमर्जी तरीके से किया जा रहा है। साईं मंदिर रोड की हालत बदतर है। यहां सड़क बनाने के बाद फिर से कई स्थानों पर खोदाई की गई। इसके बाद मिट्टी डाल दी गई। बुधवार रात हुई बारिश से कीचड़ हो गई, जिससे फिसलन बढ़ गई। रामा बुक डिपो के सामने, प्रथमा बैंक वाली गली के सामने, साईं मंदिर के पास हालात बेहद खराब हैं। क्षेत्र के रितिक गुप्ता की स्कूटी फिसल गई। इससे वह चोटिल हो गए।

तालीम बिना तरक्की नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : जामिया अरबिया एहसासुल उलूम में चल रहे तीन रोजा कार्यक्रम के दूसरे दिन का आगाज बच्चों ने तिलावत ए कुरान पढ़कर किया। मौलाना मोहम्मद सलमान ने नात पढ़ी। मौलाना अब्दुल कादिर ने मुसलमानों के तालीम हासिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को तालीम जरूर हासिल करानी चाहिए। क्योंकि तालीम के बिना तरक्की संभव नहीं है।

बुद्धि विहार में श्रीराम कथामृत महोत्सव की शुरुआत, विधि-विधान से किया रामचरित मानस का पूजन, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

मनुष्य अपने जीवन को गंगा जैसा पवित्र बनाए: रमेश ओझा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोहिया मानव कल्याण ट्रस्ट, श्री राम बालाजी धाम बाबा नीम करोली आश्रम ट्रस्ट, लाला ओम प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट एवं श्री राम कथामृत महोत्सव समिति की ओर से गुरुवार को श्री राम कथामृत महोत्सव की शुरुआत हुई। इसका आरंभ रमेश भाई ओझा ने किया। कथावाचक ने कहा कि हमें अपने जीवन को गंगा के समान पवित्र बनाना चाहिए।

कथा प्रारंभ से पूर्व कथा वाचक रमेश भाई ओझा का आगमन राम कथा स्थल पर हुआ। इस अवसर पर मुख्य द्वार पर शंखों की ध्वनि के साथ संत समाज द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ लोहिया परिवार द्वारा स्वागत कर उन्हें व्यास गद्दी पर विराजमान किया गया। तत्पश्चात मुख्य यजमान विनीत कुमार गुप्ता लोहिया और उनके परिवार द्वारा रामचरित्र मानस का विधि विधान से पूजन किया गया। कथावाचक ने मां गंगा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि आपको अपना जीवन गंगा जैसा पवित्र बनाना चाहिए। जिस तरह से गंगा जहां-जहां चलती जाती है, वहां-वहां गंगा का महत्व बदल जाता है। कहा कि अयोध्या में मंदिर बना उसका विकास अभी और होना है। भगवान श्रीराम के बालरूप के दर्शन हुए हैं अभी और सजीव दर्शन करने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि मोह, काम, क्रोध, ईर्ष्या इन सभी का साम्राज्य हमारे जीवन पर है।

इस अवसर पर कथा व्यास दीपक कृष्ण उपाध्याय के मार्गदर्शन में 9 ब्राह्मण द्वारा श्री रामचरितमानस का पाठ किया जा रहा है। व्यवस्था में जगदीश मित्तल, नंदकिशोर अग्रवाल, मेयर विनोद अग्रवाल, विनीत कुमार गुप्ता, विभोर कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता एवं समस्त लोहिया परिवार एवं राम कथामृत महोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र अग्रवाल, महामंत्री प्रवीण कुमार, कोषाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल मौजूद रहे। मंच का संचालन संजीव आकांक्षी एवं रितु नारंग ने किया।



बुद्धि विहार में श्रीराम कथा सुनाते रमेश भाई ओझा। ● अमृत विचार

आशियाना कार्यालय पर शोभायात्रा के बारे में जानकारी देते इस्कॉन के पदाधिकारी।

4 को निकलेगी श्रीकृष्ण बलराम की शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : इस्कॉन केंद्र आशियाना पर 4 फरवरी को होने वाली श्रीकृष्ण-बलराम शोभा यात्रा के संबंध में गुरुवार को प्रेसवार्ता की गई। केंद्र के प्रबंधक उज्जवल सुंदर दास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण-बलराम की यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की सफलता के लिए सेवाओं और व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई। उन्होंने बताया कि इस बार यह शोभायात्रा 4 फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज मुगलपुरा चौक से दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। महानगर के विभिन्न मार्ग पान दरीबा, मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, गंज गुरहट्टी, से पीलीकोठी महिला थाना, कमिश्नर आवास देव विहार, पीएसी, मधुबनी चौक, किला, सेल टैक्स ऑफिस से होते हुए एमआईटी कॉलेज पर संपन्न होगी। बैठक में सचिनन्दन दास, राधिका माधव दास, अचिंत्य कृष्ण दास, अरुण उदय प्रभु, मोहित अग्रवाल, साक्षी गौरांग दास, शिव कुमार प्रभु, वंशीधारी दास, सरन प्रिय दास आदि मौजूद रहे।

नौ फरवरी तक जमा करनी होगी पहली किस्त

अमरोहा, अमृत विचार: हज कमेटी आफ इंडिया लखनऊ द्वारा हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों के लिए पहली किस्त जमा करने का आदेश जारी कर दिया गया है। जिसमें हज के चयनित जायरीनों को अपनी प्रथम किस्त 81,800 रुपये की पे-इन-स्लिप, मूल अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट, मेडिकल एंड फिटनेस सर्टिफिकेट, हज आवेदन फार्म व घोषणा पत्र जमा करने के निर्देश दिये गये हैं।

कमेटी ने हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को धनराशि आनलाइन अपने लाग-इन आईडी से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग व यूपीआई के माध्यम से जमा करने की सुविधा दी है। धनराशि हज कमेटी आफ इंडिया के स्टेट बैंक आफ इंडिया व यूनियन बैंक आफ इंडिया के खाते में भी जमा कर सकते हैं। जिसमें प्रत्येक कवर को जारी बैंक रेफरंस नम्बर अंकित करना होगा। हज यात्रा की पहली किस्त जमा करने की आखिरी तिथि नौ फरवरी रखी गई है।

रातभर हुई बारिश से बढ़ी ठिठुरन, पारा लुढ़का

मिट्टीयुक्त सड़कों पर पसरा कीचड़, फिसल कर गिरे लोग, 14 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुधवार की शाम से मौसम ने करवट ली तो पूरी रात बारिश हुई। गुरुवार को भी सुबह बारिश से महानगर की गड्ढायुक्त व मिट्टी की सड़कों पर कीचड़ पसर गया। वहीं ठंड से लोग कांप गए। तापमान कम होने से पूरे दिन गलन और ठंड रही।

बुधवार की रात भर बारिश का क्रम चलता रहा। सुबह देर तक बारिश के चलते जहां तापमान में कमी आई वहीं आशियाना फेज एक और दो, रामगंगा विहार, कांठ रोड पर खोदाई कर छोड़ी गई सड़कों पर मिट्टी कीचड़ में तब्दील हो गई। गर्म कपड़े पहन कर दोपहिया व पैदल जाने वाले कई लोग कीचड़ में फिसल कर सड़क पर गिर गए। सभी ने सीवरेज पाइप लाइन व सड़क चौड़ीकरण कार्य में शिथिलता करने वालों को कोसा। कहा कि हर बार बारिश होने पर नारकीय स्थिति झेलनी पड़ती है।

गुरुवार को न्यूनतम तापमान 5 और अधिकतम 13 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे ठंड और गलन बढ़ने से राहत पाने के लिए लोगों ने हीटर, ब्लोअर और अलाव का सहारा लिया। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आरके सिंह का कहना है कि शुक्रवार को भी हल्की बारिश हो सकती है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से गलन बढ़ रही है। अगले कुछ दिनों में मौसम साफ रहेगा।

आशियाना कॉलोनी में स्कूली बच्चों के साथ कीचड़ से होकर गुजरतीं महिलाएं।

बारिश से बदला मौसम का मिजाज

मैनाठेर, अमृत विचार : बुधवार की रात से मौसम का मिजाज बदल गया। रात से ही तेज़ हवा और बारिश ने लोगों को ठिठुराया। गुरुवार की सुबह से देर शाम तक बारिश होती रही। इस कारण पूरे दिन जनजीवन प्रभावित रहा। बुजुर्गों व बच्चों को तो तेज हवाओं ने पूरे दिन घरों में ही दुबके रहने पर मजबूर कर दिया। बारिश के कारण लोगों का आवागमन भी कम ही रहा। बारिश से गेहूं की फसल को तो फायदा हो रहा है, लेकिन अब सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में इस बार सरसों की फसल अधिक है। किसानों को उम्मीद है कि इस बार सरसों की फसल अच्छी होगी। लेकिन फसल पकने के दौरान बारिश से नुकसान हो सकता है।

कोहरा छटा तो समय की पटरी पर लौटीं प्रमुख ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दो महीने से ट्रेनों की लेटलतीफी से परेशान यात्रियों ने गुरुवार को राहत महसूस की। मौसम साफ होते ही ट्रेनें समय की पटरी पर लौट आईं। पूर्णागिरि जनशताब्दी, अमृतसर मेल, अवध-असम, दुर्गियाना, जनसाधारण, जननायक जैसी गाड़ियां समय से स्टेशन पहुंची। जबकि, रामनगर पैसेंजर, लालकुआं पैसेंजर, मुरादाबाद दिल्ली स्पेशल गाड़ी समय से रवाना हुईं, जिससे यात्रियों के चेहरे पर खुशी दिखी।

काफी दिनों बाद यात्रियों को ट्रेनों के लिए लंबी प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। लंबी दूरी की तीन-चार ट्रेनों को छोड़ दें तो बाकी सभी ट्रेनें समय से चल रहीं हैं। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार का कहना है कि मौसम साफ होते ही ट्रेनों की समयबद्धता सुनिश्चित हो जाएगी।

बताया कि कोहरे की वजह से रात के समय की ट्रेनों की गति कम की गई है। यह निर्देश परिस्थिति के आधार पर है। मौसम साफ होते ही ट्रेन निर्धारित गति से चलनी शुरू हो गईं। शाम को यहां से गुजरने वाली, सुपरफास्ट राज्यरानी, सत्याग्रह एक्सप्रेस, गंगा- सतलुज, सद्भावना के यात्रियों को ट्रेनों का इंतजार नहीं करना पड़ा।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते यात्री।

बारिश में फाल्ट से बाधित रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुधवार रात से हुई बारिश से बिजली उपकरणों में रात भर फाल्ट होने का सिलसिला चलता रहा। जिससे पूरी रात महानगर के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली गुल रही। कई जगह फाल्ट होने से बिजली विभाग के अधिकारियों के सर्दी में भी पसीने छुड़ा दिए। नवीन नगर से आशियाना तक हुए फाल्ट को बिजली कर्मचारी रात भर खोज नहीं पाए। जिससे सुबह तक लोगों के पानी की टंकी खाली हो गए। वहीं गलशहीद, बंगला गांव, नागफनी, दौलत बाग, बुध बाजार के हजारों उपभोक्ताओं की बिजली रात भर गुल रही। अधिकारी हर जगह इंसुलेटर फुंक जाने की बात कहते रहे।

हल्की सी बरसात ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। वही बिजली विभाग जो महीनों से उपकरण बदल रहा है और बेहतर बिजली व्यवस्था करने के दावे करता है। एक रात में चंद घंटों की बारिश भी नये उपकरण झेल नहीं पाए। महानगर में रात भर हो रहे फाल्ट से बुद्धि विहार, मंडी समिति लाइन में रात 11 बजे फाल्ट होने पर 2 बजे तक बिजली गुल रही है। एसडीओ बुद्धि विहार आशीष सिंह ने बताया कि बूंदाबांदी से एक साथ कई बिजली के पोलों के इंसुलेटर फुंक गए। जिनको रात दो बजे तक सही कर बिजली व्यवस्था सुचारू की गई। कंपनी बाग विद्युत उपकेंद्र के एसडीओ राणा प्रताप सिंह ने बताया कि जैन मंदिर के पास लगे बिजली के दो पोलों के इंसुलेटर फुंकने से कमिश्नर कार्यालय, कचहरी और रेलवे स्टेडियम मार्ग की बिजली रात 10 बजे गुल हो गई। बारिश के कारण रात में फाल्ट सही नहीं हो सके जिससे रात भर आपूर्ति ठप रही। बुध बाजार टैक्सी स्टैंड विद्युत के उपकेंद्र से जा रही 33 केवीके की लाइन के पोल पर लगे इंसुलेटर फुंक गए। जिससे बुध बाजार, मालवीय नगर, प्रिंस रोड के 7 हजार उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। विद्युत उपकेंद्र पीटीसी ,पीवीआरऔर विवेकानंद के सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति रात 8:30 बजे से ठप हो गई। एसडीओ चतुर्थ श्रीकांत वर्मा ने बताया कि रात भर बारिश से फाल्ट होने पर सभी जगह के फाल्ट सही नहीं हो पाए।

फाल्ट ठीक करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

हत्याभियुक्त के करीबी को हिरासत में लेकर पूछताछ, दो जिलों में दबिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: कटघर थाना क्षेत्र में मंगलवार को शाम चार बजे के दौरान दिनदहाड़े किसान के बेटे की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी के बारे में पुलिस अहम सुराग मिलने का दावा कर रही है। पुलिस हत्याभियुक्त के करीबी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है तो दूसरी तरफ पुलिस की एक टीम संभल-अमरोहा में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस आरोपी तक पहुंच गई है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तारी कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

कटघर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी अन्नू (30) खेतीबाड़ी के साथ ही बैलगाड़ी से रेत ढोने का काम करता था। सोमवार रात उसका छोटे भाई अंकुश से विवाद हो रहा था। उसी समय चचेरे भाई रॉकी ने पहुंच कर बीच बचाव किया तो अन्नू उसे फटकार कर भगा दिया था। उसके बाद से अन्नू और रॉकी के बीच विवाद शुरू हो गया था। झगड़े के करीब 18 घंटे बाद मंगलवार दोपहर करीब चार बजे घर के पास ही अन्नू को रॉकी ने गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी रॉकी फरार हो गया था। सीने में गोली लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इस मामले में अन्नू की पत्नी रचना ने आरोपी रॉकी और अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कराया था। वारदात के बाद से पुलिस आरोपी रॉकी की तलाश में जुटी है। पुलिस बुधवार और गुरुवार को आरोपी की तलाश में मुरादाबाद के साथ ही अमरोहा और संभल में संभावित ठिकानों पर दबिश दी है। पुलिस आरोपी के एक करीबी को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। सूत्रों की माने तो आरोपी के बारे में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगा है। पुलिस की एक टीम आरोपी तक पहुंच भी गई है। कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने कहा कि हमारी टीम काम कर रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया जाएगा।

आज से शुरु होंगी यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं, तैयारी पूरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : यूपी बोर्ड की दूसरे चरण में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों की होने वाली प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू होकर नौ फरवरी तक चलेंगी। परीक्षाओं को लेकर माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी जरूरी सामग्री स्कूलों तक पहुंच गई है। साथ ही स्कूलों में बाह्य परीक्षकों की तैनाती भी हो गई है। परिषद की ओर से नकलविहीन परीक्षाएं कराने के लिए सभी प्रधानाचार्यों को वायस रिकार्डिंग युक्त सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं।

डीआईओएस डा. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि परीक्षा सामग्री के पैकेट में निर्देशिका, उपस्थित विवरण, प्राप्तांक सूची, परीक्षकों का नियुक्ति पत्र सहित अन्य प्रपत्र हैं। प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों पर नियुक्त सभी बाह्य परीक्षकों को अपना आधार कार्ड और मान्य पहचान पत्र साथ रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा स्कूल स्तर पर कराकर प्रधानाचार्य इसके अंक वेबसाइट पर अपलोड कराएंगे। इसके तहत आंतरिक मूल्यांकन के प्राप्तांक, नैतिक शिक्षा, खेल, शारीरिक शिक्षा के ग्रेड और बारहवीं में खेल एवं शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक को परिषद की वेबसाइट पर प्रधानाचार्य अपलोड कराएंगे। प्राप्तांक अपलोड न होने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी प्रधानाचार्य की होगी।

बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान में जिले में लक्षित 17 लाख से अधिक बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल की गोली की खुराक देने का अभियान शुरू हुआ। रामगंगा विहार स्थित आरएसडी एकेडमी में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान में बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर शुरुआत की। कहा कि इससे बच्चों में पेट की बीमारियां नियंत्रित होंगी।

जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आरंभ किया। जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की गोली खिलवाई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाई जाए। नोडल अधिकारी डॉ. हरीश चंद्रा ने बताया कि अभियान में लक्षित 17 लाख से अधिक बच्चों व किशोरों को एल्बेंडाजोल टेबलेट की खुराक दिया जाना है। 1- 19 वर्ष के सभी बच्चों और किशोरों को निजी व सरकारी स्कूलों में और आंगनबाड़ी केंद्रों एल्बेंडाजोल खिलाई गई। इस दौरान उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल सहित कालेज के प्रबंधक और छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे। अन्य स्कूल कॉलेजों में भी बच्चों को दवा की खुराक दी गई।

आरएसडी एकेडमी में छात्रा को एल्बेंडाजोल की गोली देते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य।

बारिश से गेहूं की फसल को फायदा, ठिठुरन बढ़ी

मुरादाबाद, अमृत विचार: बुधवार की रात से तेज हवा और बारिश से ठिठुरन बढ़ गई। गुरुवार की सुबह से देर शाम तक बारिश होती रही। इस कारण जनजीवन प्रभावित रहा।

बुजुर्गों व बच्चों को तो तेज हवा ने पूरे दिन घरों में ही दुबके रहने को मजबूर कर दिया। बारिश के कारण बाजारों में लोगों का आवागमन भी कम ही रहा। बारिश से गेहूं की फसल को तो फायदा हो रहा है, लेकिन अब आगे बारिश से सरसों की फसल को नुकसान हो सकता है। मैलिंद्र सिरोही, रेविंद्र सिरोही आदि किसानों का कहना है कि क्षेत्र में इस बार सरसों अधिक है। किसानों को उम्मीद है कि इस बार सरसों की फसल अच्छी होगी, लेकिन फसल पकने के दौरान बारिश के कारण सरसों को नुकसान हो सकता है।

75 गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों का होगा कायाकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों के दिन अब बहुरने वाले हैं। सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों का कायाकल्प शुरू कर दिया है। अब बदहाल आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी ग्राम सभा को सौंपी है। जिसमें ग्राम प्रधान पंचायत निधि से 75 केंद्रों की हालत में सुधार कराएंगे। सभी केंद्र पर होने वाले कार्य जिला कार्यक्रम अधिकारी की देखरेख में होंगे। जिससे केंद्र के भवन में गुणवत्ता बनी रहेगी।

राज्य सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के कायाकल्प के लिए दूसरे चरण में बड़ी संख्या में सुधार करने का फैसला लिया है। जनपद के 75 ग्राम पंचायतों में बदहाल पड़े आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन की मरम्मत और जहां अन्य भवन में चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन का निर्माण ग्राम पंचायत निधि से कराया जाएगा। इसके लिए पहले नक्शा बनाया जाएगा। निर्माण सामग्री जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी जाएगी। जिला कार्यक्रम प्रीति सिंह ने बताया की भवन के निर्माण की गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। यदि कहीं निर्माण में गड़बड़ी पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। जनपद के सभी ब्लॉक में आंगनबाड़ी केंद्र बनाए जा रहे हैं। पहले चरण में हर ब्लॉक में एक आंगनबाड़ी केंद्र में सुधार हुआ था। रोशनपुर, रूस्तमपुर, भीकनपुर, असदलपुर, मल्लुपुरा धरहोटा, बहेड़ी, नरौद आदि 17 गांव में जल्द कार्य शुरू होगा।

▸▸ पंचायत निधि से कराया जाएगा केंद्रों का निर्माण कार्य

आयोजन | टीम के लिए सना खान ने किए 4 गोल, प्रतियोगिता का पहला मुकाबला ड्रा पर छूटा

डीपीजीएस ने अंजुम कॉन्वेंट स्कूल को 6-0 से रौंदा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: डीपीजीएस के फुटबॉल मैदान पर चल रही प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल और अब्दुल सलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज के बीच ड्रा रह। वहीं दूसरे मैच में डीपीजीएस ने सना खान के 4 गोल की मदद से अंजुम कॉन्वेंट स्कूल को 6-0 से रौंद दिया।

गुरुवार को पहला मैच महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल अब्दुल सलाम गर्ल्स इंटर कॉलेज के मध्य खेला गया। यह मैच बहुत ऊर्जावान रहा, दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने एक दूसरे पर खूब आक्रमण किए पर पूरे मैच में कोई भी टीम गोल करने में असमर्थ रही। इस तरह ये मैच 0-0 पर खत्म हुआ, इस मैच में दर्शकों ने खूब आनंद लिया और खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की। प्रतियोगिता का दूसरा मैच अंजुम कॉन्वेंट स्कूल व डीपीजीएस के बीच खेला गया। जिसमें डीपीजीएस के खिलाडियों ने शुरू से ही आपने खेल से विरोधी टीम पर दबदबा बनाए रखा और खिलाड़ियों ने एक के बाद एक आक्रमण कर गोल करने आरंभ कर दिए, इस तरह मैच के पहले मध्यांतर तक टीम ने 3 गोल कर मनोवैज्ञानिक बढ़त बना ली, उसके बाद दूसरे मध्यांतर में खेल शुरू होने के बाद अंजुम कॉन्वेंट स्कूल के खिलाड़ियों की गलतियों का फायदा उठा कर तीन गोल और कर स्कोर 6-0 कर दिया। मैच के स्कोर में 4 गोल सना खान और 2 गोल रामीषा ने कर अपनी टीम को जीत दिलाई। निर्णायक की भूमिका में मुहम्मद फरमान, सानिया सलीम, वसीम अहमद, माधुरी देवी, मुहम्मद इमरान, नावेद हुसैन रहे।

डीपीजीएस की विजेता टीम की खिलाड़ी व कोच। ● अमृत विचार

▸▸ डीपीजीएस के मैदान पर फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

मेडिकल स्टोर में चोरी करने वाले दो आरोपी भेजे जेल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर स्थित दलपतपुर में पराग फैक्ट्री के सामने मेडिकल स्टोर में चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों में सुलेमान पुत्र असलम और मोहम्मद नवी उर्फ भूरा पुत्र इदरीश हैं।

मूंढापांडे थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मेडिकल स्टोर में चोरी 28 दिसंबर की रात में हुई थी। इस मामले में 30 दिसंबर को मेडिकल स्टोर मालिक इरफान पुत्र तसद्दुक हुसैन ने थाने में तहरीर दी थी। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच के दौरान साक्ष्यों के आधार पर पहचान में आने वाले व्यक्ति सुलेमान व मोहम्मद नवी थे, जिन्हें उन्होंने बुधवार को गश्त के दौरान गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में दरोगा अनंगपाल सिंह, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार व कांस्टेबल राजकुमार शामिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से चोरी की हुई दवाईयां, एक बैटरा बरामद किया है। साथ ही तमंचा-कारतूस और चाकू भी मिला है। दोनों आरोपी दलपतपुर के ही रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त सुलेमान व मोहम्मद नवी के विरुद्ध मूंढापांडे थाने में कुल दो-दो मामले दर्ज हो गए हैं।

▸▸ दलपतपुर में दिया था चोरी की वारदात को अंजाम

एक नजर

मार्ग पर लटके केबल से हादसे का खतरा

टांडा, अमृत विचार : नगर में मुख्य मार्ग पर मदरसा दारुल उलूम के पास एबीसी केबल लटका होने से हादसे का अंदेशा है। सूचना के बाद भी विद्युत कर्मियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों ने केबल को दुरुस्त कराने की मांग की है। सड़क के किनारे विद्युत एबीसी केबल लटका हुआ है, जो कि कई दिन से इसी हालत में है। इससे हर समय हादसे का अंदेशा है। आसपास के लोगों में विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

पुलिस ने वारंटी पकड़ा

रामपुर, अमृत विचार : शाहबाद पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे वारंटी को पुलिस पकड़ने के बाद थाने ले आई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते थाना शाहबाद पुलिस ने आरोपी हरज्ञान सिंह निवासी ग्राम खरसौल को गिरफ्तार कर कार्यवाही कर दी है।

उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

अधिवक्ताओं ने की चैंबर दिलाने की मांग

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की आपातकाल कालीन बैठक हुई। युवा अधिवक्ताओं को बैठने के लिए चैंबर दिलाने के लिए उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा।

गुरुवार को तहसीलदार संगठन के पदाधिकारी उप जिलाधिकारी से मिले। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को चैंबर दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि ग्राम न्यायालय के करीब युवा अधिवक्ताओं को बैठने के लिए चैंबर होना चाहिए। उप जिलाधिकारी ने बार एसोसिएशन पदाधिकारियों को शामिल करते हुए कमेटी गठित की थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ज्ञापन पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आफाक हुसैन, सचिव विनय कुमार सिंह, सुनील कुमार, विजयवीर चौधरी, कुंवर पाल सिंह, यशवंत सिंह सैनी, प्रेमपाल सिंह आदि अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

गन्ना मूल्य वृद्धि किसानों के साथ धोखा

संवाददाता,कांठ

अमृत विचार : तहसील सभागार में आयोजित बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों एवं भारतीय किसान यूनियन के बीच विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।

तहसील सभागार में एसडीएम, तहसीलदार एवं भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में भाकियू नेताओं ने खसरा-खतौनी की समस्या पर चर्चा की। इस पर एसडीएम ने 14 दिन का समय मांगा।

उन्होंने कहा कि किसान पुरानी खतौनी लगाकर उन्हें या तहसीलदार को उपलब्ध कराएं। भाकियू कार्यकर्ताओं ने कहा कि गन्ना मूल्य वृद्धि किसानों के साथ धोखा है।

पड़ोसी राज्यों में गन्ना मूल्य अधिक है। किसानों ने 450 रुपए प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की। इस दौरान प्राकृतिक आपदा में बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने, किसान सम्मान निधि का लाभ सभी पात्र किसानों को दिलाने, नाले का कार्य तत्काल शुरू कराने, निराश्रित गोवंश को गोशाला पहुंचाने, बिजलीघर का मार्ग शीघ्र बनवाने, विद्युत चोरी में किसानों पर डाले गए जुर्माने को खत्म करने की मांग की गई।

अधिकारियों से वार्ता करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिम यूपी चौधरी ऋषिपाल सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हरदीप सिंह विश्नोई, तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, तहसील प्रभारी सियाराम विश्नोई, सतवीर सिंह मान, जिला सचिव रामकला गुर्जर, समरपाल सिंह, युवा तहसील अध्यक्ष प्रिंस चौधरी, युवा तहसील महासचिव असिम सैफी आदि मौजूद रहे।

सार संक्षेप

गोकशी के आरोपी की संपत्ति कुर्क करती राजस्व व पुलिस विभाग की टीम।

गोकशी के आरोपी की 16 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : उच्चाधिकारियों के आदेश पर ठाकुरद्वारा व डिलारी पुलिस ने गोकशी तथा अन्य आपराधिक क्रिया कलापों से संपत्ति अर्जित करने के आरोपी थाना डिलारी निवासी अफजाल की 16 लाख 6 हजार रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी, नायब तहसीलदार अंकित गिरी, लेखपाल नरेन्द्र सिंह, दो थानों की पुलिस के साथ गुरुवार को मलकपुर गांव पहुंचे। यहां रहने वाले गोकशी के आरोपी अफजाल के 85 .5 वर्ग मीटर में बने मकान को पुलिस ने कुर्क कर लिया। इसके साथ ही मकान पर नोटिस भी चस्पा कर दिया। इसमें लिखा है कि आरोपी पर पशु क्रूरता, गौवध अधिनियम व गैंगस्टर जैसे मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस की गिरफ्त में शराब के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

कच्ची शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने दो लोगों को 10-10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक यशवीर सिंह ने हेड कांस्टेबल गौरव कुमार के साथ डीएसएम डिग्री कॉलेज के निकट से जाहिद हुसैन निवासी ग्राम कासमपुर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जबकि उपनिरीक्षक प्रवेंद्र सिंह ने उप निरीक्षक मदनपाल राणा एवं कांस्टेबल मोनू कुमार के साथ आशापुर कॉलोनी से करीब 200 कदम की दूरी पर संदीप कुमार निवासी ग्राम मुख्तियारपुर नवादा को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

पत्नी से मारपीट के आरोप में पति गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस ने पत्नी से मारपीट करने के आरोप में पति को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। बाद में उसे एसडीएम कोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया। ग्राम सुरजन नगर निवासी मुनेश कुमार अपनी पत्नी अर्चना के साथ घरेलू विवाद को लेकर गाली-गलौज कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर समझाया तो फौजदारी पर आमादा हो गया। पुलिस ने मुनेश को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया।

गोवंश के लिए भरपूर मात्रा में कराएं हरे चारे की व्यवस्था

एसडीएम ने किया गोशाला का औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : एसडीएम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने कान्हा गोशाला का निरीक्षण कर केयर टेकरों को गोवंश को पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, खल, चोकर आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

नगर पंचायत कांठ द्वारा ग्राम गोविंदपुर ज्ञानपुर के जंगल में कान्हा गोशाला का निर्माण कराया गया है। बृहस्पतिवार को एसडीएम सचिन राजपूत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम ने गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंश के रहने, हरे चारे, खल, चोकर आदि व्यवस्था देखीं।

उन्होंने केयर टेकरों को निर्देश दिए की किसी भी गोवंश को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उनके लिए समय पर हरा चारा, खल और चोकर आदि की व्यवस्था की जाए। इसमें यदि कोई समस्या है तो तत्काल नगर पंचायत कार्यालय पर जानकारी दें। उन्होंने पशुओं को बारिश और ठंड से बचाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी, तहसीलदार आनंद कुमार नायक एवं नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

गोशाला का निरीक्षण करते एसडीएम व नगर पंचायत अध्यक्ष। ● अमृत विचार

हरे चारे की देखरेख करेंगे ग्राम प्रधान

बिलारी, अमृत विचार : उपजिलाधिकारी ने तहसील सभागार में गोशाला संचालन को लेकर अधिकारियों व ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। उन्होंने गोशालाओं के लिए हरे चारे की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। ग्राम समाज की भूमि पर उगाई जा रहे हरे चारे की देखरेख की जिम्मेदारी ग्राम प्रधानों को सौंपी। उपजिलाधिकारी मनी अरोड़ा ने गोशालाओं में उत्तम व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने लेखपालों के अलावा ग्राम प्रधानों से कहा कि गोशाला में पशुओं के लिए अव्यस्था ना हो। ग्राम समाज की भूमि पर हरा चारा उगाया जा रहा है। समय पर हरा चारा गोशाला तक पहुंचाया जाए। ताकि गोवंश का भरण-पोषण ठीक से हो सके। उन्होंने पशुओं के चारे व पानी की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

निराश्रित गोवंशों के संरक्षण व अन्य जिलों से आ रहे गोवंश की रोकथाम के निर्देश

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता के निर्देश पर भीकनपुर ब्लॉक में संयुक्त खंड विकास अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों की बैठक हुई। इसमें निराश्रित गोवंशों के संरक्षण एवं अन्य जनपदों से आ रहे निराश्रित गोवंश की रोकथाम के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि कोठी खिदमतपुर में पशु बाजार लगता है। जहां गोवंश खरीदे व बेचे जाते हैं। जो गोवंश बिक्री से रह जाते है, उन्हें विक्रेता वहीं छोड़ जाते हैं। रात में यही पशु खेत में घुसकर किसानों की फसलों को नष्ट कर देते हैं।

बाजार के ठेकेदार को गोवंश बाजार में नहीं छोड़ने के सम्बन्ध में निर्देश देने हेतु ग्राम प्रधान को सुझाव दिया गया। शाहपुर अब्दुलवारी के ग्राम प्रधान ने गांव की सीमाओं पर निगरानी के लिए पुलिस लगाने तथा ग्राम सुरक्षा समित का गठन करने का अनुरोध किया।

थानाध्यक्ष कांठ योगेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस बल सीमित है इसलिए ग्राम सुरक्षा समिति गठित कर जाए। उन्होंने हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह, उप निरीक्षक प्रवेंद्र सिंह, उप निरीक्षक पकबड़ा संजय त्यागी, थानाध्यक्ष छजलैट सतेंद्र शर्मा, विभिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

बारिश से सड़कों पर पसरी कीचड़, आवागमन में दिक्कत

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : अचानक हुई बारिश ने एक बार फिर ठंड बढ़ा दी है। बारिश के पानी से सड़कों पर कीचड़ पसर गया। इससे आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ा। जर्जर रास्तों में बारिश का पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई।

बुधवार की रात से शुरू हुई बूंदाबांदी बृहस्पतिवार को भी जारी रही। इसके चलते सड़कों पर कीचड़ व पानी भर गया। नगर में पेय जलापूर्ति के लिए सड़कें तोड़कर पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं। इसके चलते सड़कों में गहरे गड्ढे व मिट्टी होने से कीचड़ हो गई। इसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर किसानों ने इस बारिश को फसलों के लिए लाभकारी बताया है। ग्राम सलेमपुर में ओलावृष्टि हुई। दोपहर को बारिश रुकने के बाद लोग घरों से बाहर निकले। किसान राजपाल सिंह, राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, नवनीत पहलवान, अमर सिंह चौहान, भूपेंद्र चौहान टिल्लू, रामस्वरूप जाटव, नन्हे सैनी आदि ने बताया कि यह बारिश से गेहूं और गन्ने की फसल को लाभ पहुंचा है।

आठ घंटे गुल रही बिजली: बारिश और तेज हवा चलने के कारण क्षेत्र की बिजली आठ घंटे तक गुल रही। इससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर स्थित 33/11 विद्युत उपकेंद्र को अगवानपुर से बिजली आपूर्ति मिलती है। वहां से एक मुख्य बड़ी लाइन जंगल के रास्ते आ रही है। हल्की सी वर्षा होने पर भी इसमें फाल्ट हो जाते हैं। इससे क्षेत्र अंधकारमय हो जाता है।

बुधवार की रात से रुक-रुक कर हो रही वर्षा से गुरुवार को पूरे दिन विद्युत व्यवस्था ठप रही। इससे व्यापारियों तथा नागरिकों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं ने मुख्य लाइन में बार-बार होने वाले फॉल्ट की समस्या को दूर कराने की मांग की है।

ओलों की गड़गड़ाहट के साथ हुई बारिश

डिलारी, अमृत विचार : गुरुवार को ओलों की गड़गड़ाहट के साथ बारिश हुई। यह बारिश गेहूं और गन्ने की फसल के लिए अमृत बताई जा रही है। जबकि गोभी और मटर की फसल को नुकसान हुआ है। किसान वेद सैनी ने बताया कि बारिश से गोभी फूल कर बेरौनक हो जाती है। मटर की फली में पटास बन जाती है। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उधर बारिश से गेहूं और गन्ने की फसल की पैदावार बढ़ जाएगी। क्षेत्र की नगर पंचायत ढकिया, कस्बा डिलारी, महमूदपुर लाल, धारक नंगला, अकबरपुर, जमशेदपुर, चांदखेड़ी, मलकपुर सेमली, आलियाबाद आदि में ओलों की बौछार के साथ बारिश हुई। इस दौरान तेज हवा चलने से कई जगह पेड़ भी गिर गए।

डिलारी क्षेत्र में पड़े ओले।

24 घंटे बंद रही बिजली

कुंदरकी, अमृत विचार : 24 घंटे से लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश की वजह से क्षेत्र वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को नगर की विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसके चलते लोगों को दिक्कत हुईं। इनवर्टर भी जवाब दे गए। पानी का संकट भी गहरा गया। जेई लोकेंद्र सिंह ने बताया कि बारिश के चलते कोई दुर्घटना न हो इसके चलते आपूर्ति बंद रही।

ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड

भोजपुर, अमृत विचार : गुरुवार को दोपहर बाद हुई ओलावृष्टि से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की संभावना जताई थी। बुधवार रात से ही आसमान में बादल छाए थे। हल्की बारिश हो रही थी। देर शाम ओलों के साथ बरसात हुई। इससे मौसम में ठंड बढ़ गई है। किसानों का मानना है कुछ ही देर हुई ओलावृष्टि से गेहूं, सब्जी एवं आम की फसलों को नुकसान होगा। बरसात से सड़क पर पानी भर गया। इससे कई जगह गड्ढों में वाहन फंसते रहे।

छेड़छाड़ पीड़िता ने लगाई रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार

कुंदरकी, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव में युवक ने घर में अकेली महिला के साथ तमंचे के बल पर छेड़छाड़ की। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी मगर कई दिन बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही ही।

महिला का आरोप है कि गांव का कमल सिंह काफी समय से उसके साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें कर रहा था। 29 जनवरी की शाम करीब आठ बजे कमल सिंह शराब के नशे में उसके घर में घुस आया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध पर आरोपी ने तमंचा निकाल कर उसके सीने पर रख दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। शोर-शराबे की आवाज सुनकर कुछ लोग मौके पर आ गए। उनके देखकर आरोपी भाग गया। इसके बाद उसके पति ने थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

बैठक में भाग लेते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

गांव चलो अभियान की रूपरेखा बनाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी नगर और ग्रामीण मंडल की बैठक गांव चलो अभियान के लिए नगराध्यक्ष के आवास पर हुई। गांव चलो अभियान चार से 11 फरवरी तक गांव में आयोजित किए जाएंगे। इसमें शक्ति केंद्र संयोजक, सेक्टर संयोजक, सेक्टर तथा बूथ समिति अध्यक्ष ने भाग लिया।

नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल ने बताया कि गांव चलो अभियान में प्रत्येक गांव के लिए पार्टी के प्रवासी नियुक्त किए गए हैं। इन प्रवासियों को गांव में संपर्क करना है। रात्रि विश्राम गांव में ही करना है। कहा कि 2019 के लोकसभा तथा 2022 के विधानसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत को 10 प्रतिशत बढ़ाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता को लगभग 100 लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराना है। सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी संपर्क करना है।

इस दौरान नगर जिला उपाध्यक्ष डॉ. ओमपाल सिंह, अखिलेश विश्नोई, विजय भान सिंह, दिनेश कुमार प्रजापति, पवन पुष्पद, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, दिनेश कुमार चौहान, प्रधान पंकज कुमार, धर्मेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

किशोरी के अपहरण में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

डिलारी, अमृत विचार : किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने चार आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। किशोरी को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

गांव तुमडिया कला निवासी 16 वर्षीया किशोरी को रास्ते से जाते समय गांव के ही नाजिम, अहसान, इकबाल व रिजवान ने जबरन कार में डालकर अपहरण कर लिया। किशोरी को ले जाते समय ग्रामीण ने उन्हें देख लिया। देर शाम तक किशोरी घर वापस नहीं आई तो परीजनों को चिंता हुई। इधर-उधर तलाशते समय ग्रामीणों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। तब किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि शीघ्र ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

कार्यक्रम सरकारी स्कूलों, इंटर कॉलेज, उप स्वास्थ्य केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को खिलाई दवा

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पखवाड़े के तहत विभिन्न सरकारी स्कूलों, इंटर कॉलेज, उप स्वास्थ्य केंद्रों व आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पखवाड़े के तहत सरकारी स्कूलों, इंटर कॉलेज, उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गईं। छूटे हुए बच्चों को 5 फरवरी को एल्बेंडाजोल खिलाईं जाएगी। मुहल्ला माननगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई गईं। प्रधानाचार्य भुवनेश कुमारी ने बच्चों को बताया कि हर बच्चे को पेट की बीमारियों से बचने के लिए खाना खाने से पहले साबुन से हाथों को साफ करना चाहिए। फलों और खाने वाली चीजें हमेशा साफ करके खाएं। कहा कि अक्सर बच्चों के पेट में अनेक बीमारियां हो जाती हैं। इससे पेट में कीड़े हो जाते हैं। इससे एनीमिया, पेट में दर्द, थकावट, कमजोरी आदि होती है। बच्चों के पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए एल्बेंडाजोल की गोली खिलानी अति आवश्यक है।

बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलातीं प्रधानाचार्या। ● अमृत विचार

मुस्लिम इंटर कालेज में बच्चों को कीडों की दवा खिलाते उप प्रधानाचार्य।

बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल टेबलेट

बिलारी, अमृत विचार : राजकीय प्रारंभिक विद्यालय नागलिया जट में कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मनी अरोड़ा ने मां सरस्वती के चित्र के आगे दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक प्रवीण श्रीवास्तव, खंड शिक्षा अधिकारी, भाजपा नेत्री निशा त्यागी, भाजपा नगराध्यक्ष विकास गुप्ता, महिला मोर्चा की गीता चौधरी आदि मौजूद रहे।

बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत स्कूल-कालेजों में बच्चों को कीडों की दवा एल्बेंडजोल खिलाई गई। नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कालेज में बच्चों को साफ-सफाई का पाठ पढ़ाया गया। इसके साथ ही बच्चों को एल्बेंडजोल टेबलेट्स खिलाई गईं। दूसरी तरफ मुस्लिम इंटर कॉलेज में उप प्रधानाचार्य लोकमन सिंह ने छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की टैबलेट खिलाईं।

कार्यशाला में बूथवार तय की गई भागीदारी

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : नगर के प्राचीन मंदिर पौड़ा खेड़ा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से गांव चलो अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी रहे।

उन्होंने कहा कि यह मंडल की महत्वपूर्ण कार्यशाला है। इसमें सभी की भागीदारी बूथ के अनुसार सुनिश्चित की है। हमें बूथ का मैनेजमेंट सही तरीके से करना, बूथ समिति को सक्रिय करना आदि बिंदुओं पर चर्चा करना है। इस दौरान बूथ को और अधिक मजबूत करना, बूथ समिति चेक करना, पन्ना प्रमुख तैयार करना, बूथ अध्यक्ष के साथ भोजन करना, बूथ समिति में नए कार्यकर्ताओं को शामिल करने की कार्य योजना बनाना इत्यादि पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि नमो ऐप के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जोड़ना भी इसमें शामिल है। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता ने की। इसमें महामंत्री मनोज ठाकुर, निहाल सिंह, नेपाल सिंह, डॉ. विजय शर्मा, राजीव सैनी, सुबोध गुप्ता, अनुज उपाध्याय, तेजेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन मंडल के महामंत्री मनोज ठाकुर ने किया।

कार्यशाला में बोलते नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता। ● अमृत विचार

एक नजर

महिला की हत्या के आरोप में चार पर रिपोर्ट

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी जाकिर की किसी बात को लेकर अपनी पत्नी नाजरीन से बीते कई दिन से विवाद चल रहा था। नाराज नाजरीन ने कमरे में फंदे से लटककर लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन के मुताबिक मामले में नाजरीन के पति जाकिर, ससुर कयामुद्दीन, सास, जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पति जाकिर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

रिटायर्ड निरीक्षक के निधन पर जताया दुख

अमरोहा, अमृत विचार : पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने हसनपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख के पति अशोक कुमार के पिता के निधन पर दुख व्यक्त किया। गुरुवार को अशोक कुमार के पिता चौधरी लायक सिंह का निधन हो जाने की खबर मिलने पर पूर्व सांसद तंवर सिंह उनके आवास पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।

बारिश से कई जगह जलभराव, लोगों को हुई परेशानी

बारिश के बाद बढ़ी गलन, लोगों ने लिया रूम हीटर का सहारा, न्यूनतम तापमान में गिरावट

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : बारिश से नगर में एक बार फिर जलभराव हो गया। जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वहीं गुरुवार को बारिश से ठंड और बढ़ गई। गलन महसूस होने पर लोग जल्दी अपने घरों में चले गए और रूम हीटर का सहारा लिया।

बुधवार रात शुरु हुई बारिश गुरुवार को भी जारी रही। बारिश से शहर में कई जगह जलभराव हो गया। जिससे नगर के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के बड़ा बाजार, कोर्ट रोड, जट बाजार चौराहा, लकड़ा मोहल्ला, कुरैशी समेत अन्य मोहल्ले में जलभराव से राहगीरों को भी आने-जाने में दिक्कतें हुई। कई वाहन तो जलभराव में ही फंस गए। जलभराव को लेकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि नगर में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नालों की सफाई और उनकी मरम्मत का कार्य नगर पालिका की ओर से तेजी के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल भराव की समस्या से नगरवासियों को निजात दिला दी जाएगी।

हसनपुर में बारिश से हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

बारिश के बाद तापमान में गिरावट : दिन-प्रतिदिन मौसम का मिजाज बदल रहा है। बुधरात रात जिले में झमाझम बारिश हुई। शीतलहर से बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं शुक्रवार और शनिवार को भी मौसम ऐसा ही बना रहने का अनुमान है। बारिश के बाद ठंड का असर तेज हो गया है। बुधवार रात तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हुई। बिजली की कड़कने की आवाज से लोग सहम उठे। बर्फीली हवा के चलने से सड़कों पर आम दिनों की अपेक्षा वाहनों का आवागमन कम रहा। जरूरी काम से ही लोग घरों से निकले। वहीं, बाजार में रूम हीटर और लोग गर्म वस्त्र की खरीद करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। शुक्रवार और शनिवार को बारिश का अनुमान है। इससे तापमान में और गिरावट की संभावना बनी हुई है।

कई जगह यातायात बाधित

हसनपुर, अमृत विचार : बुधवार रात अचानक मौसम बदल गया और क्षेत्र में बूंदाबांदी हुई। जिसकी वजह से ठंड और बढ़ गई। इससे बाइपास से गुजरने वाले वाहनों को काफी दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ा और यातायात प्रभावित भी हुआ। गुरुवार को भी दिनभर बारिश होती रही। बारिश के बाद ठंड और बढ़ गई। बुधवार रात लगभग दो बजे से बारिश शुरू हुई जो गुरुवार को दिनभर कभी हल्की कभी तेज होती रही। सुबह के समय बूंदाबांदी से स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार रात से हुई बारिश से कई जगहों पर जलभराव हो गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं ठंड और बारिश के चलते बाजारों में भी लोग कम दिखाई दिए। बारिश के बाद न्यूनतम तापमान भी कम हो गया।

बारिश और तेज हवा से विद्युत आपूर्ति बाधित

हसनपुर, अमृत विचार : नगर और ग्रामीण क्षेत्र में तेज हवा और बारिश के बाद बुधवार की रात से कई क्षेत्रों में आठ से 10 घंटे तक बिजली गुल रही। कई मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति न होने से पेयजल की भी समस्या हो गई। गुरुवार सुबह आठ बजे के बाद नगर में विद्युत आपूर्ति को सुचारु किया जा सका। विद्युत आपूर्ति सुचारु होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

रात में बूंदाबांदी, दिन में तेज बारिश

मुबारिजपुर, अमृत विचार : जनवरी के आखिरी दिन बुधवार देर रात को मौसम का मिजाज बदल गया। क्षेत्र में देर रात झमाझम बारिश हुई और ठिठुरन बढ़ गई। जनवरी का महीना घने कोहरे और ठंड में बीता और फरवरी के पहले दिन की शुरुआत बारिश से हुई। बुधवार रात बूंदाबांदी शुरू हुई और गुरुवार सुबह से तेज बारिश होने लगी। बारिश के कारण ठिठुरन और बढ़ गई। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। लोग जरूरी काम से ही घर से बाहर निकले। दृश्यता कम होने के कारण वाहन चालक हेडलाइट जलाकर वाहन चलाते हुए नजर आए।

लाइन में फाल्ट से 20 घंटे बिजली आपूर्ति ठप

बुरावली, अमृत विचार : हाईटेंशन लाइन में फाल्ट से बुरावली बिजली घर व जयतौली बिजली घर से जुड़े करीब सौ गांवों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे हजारों उपभोक्ताओं को 20 घंटे तक बिना बिजली के रहना पड़ा। बारिश से कई जगह फाल्ट हो गए। जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि कर्मचारी फॉल्ट तलाश करते रहे लेकिन फाल्ट नहीं मिला।

बुधवार शाम छह बजे से गुल हुई बिजली गुरुवार की दोपहर दो बजे तक भी बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई। गुरुवार शाम तीन बजे कर्मचारियों ने फॉल्ट तलाश किया तो अधिकारियों ने उसे सही कराकर चार बजे बिजली सुचारू कराई। करीब 100 गांवों में अंधेरा छाया रहने से लोग रात भर बिजली आने का इंतजार करते रहे। लोगों ने कहा कि आए दिन कहीं न कहीं तारो में फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। बिजली नहीं आने से घरों में पानी के टैंक खाली हो गए। इनवर्टर भी जवाब दे गए और लोगों को पीने के पानी सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा करीब चार बजे बिजली आने से लोगों को राहत मिली।

बारिश में छाता लेकर स्कूल जाते बच्चे। ● अमृत विचार

ठंड में कांपते हुए स्कूल पहुंचे बच्चे

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बाद बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। बुधवार रात बारिश से ठंड और बढ़ गई। ठंड में लोग ठिठुरते हुए नजर आए।

हालांकि दोपहर में सूर्य देव के दर्शन के हुए लेकिन शीतलहर से राहत नहीं मिल सकी। पिछले एक सप्ताह से शीतलहर और गलन भरी ठंड के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त है। बुधवार देर रात से ही बारिश शुरू हो गई और गुरुवार की सुबह तक बारिश होने के कारण गलन बढ़ गई। स्कूल और कॉलेज में बच्चे बारिश के बीच ठिठुरते हुए पहुंचे। बारिश से लोगों की कपकपी छूटती रही। गुरुवार की सुबह बारिश के रुकने के बाद दोपहर में करीब 12 बजे सूर्य देव के दर्शन हुए मगर धूप बेअसर रही। जिससे लोगों को राहत नहीं मिल सकी। भीषण ठंड के चलते लोग घरों में रूम हीटर और अलाव का सहारा लेते रहे।

सपा नेता के भाई के शव को किया सुपुर्द ए खाक

नौगांवा सादात, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मौलाना जावेद आब्दी के भाई एहतेशाम आब्दी की मुंबई में हार्ट अटैक से मंगलवार रात मौत हो गई थी। उनका शव मुंबई से बुधवार को नौगांवा सादात लाया गया और गुरुवार को दफन कर दिया।

जनाजे की नमाज में हजारों लोग मौजूद रहे। मौलाना हसन इमाम ने जनाजे की नमाज अदा कराई। इसके बाद दफिना किया। दफिना में मौलाना जावेद आब्दी, सपा जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव, अशफाक अली खान, नदीम अब्बास जैदी, सुखवीर सिंह, निर्मोज यादव, फारूक अंसारी, सनव्वर अंसारी, जितांबर यादव, पूर्व राज्य मंत्री महबूब अली, पूर्व चेयरमैन अफसर परवेज, पूर्व चेयरमैन इकरार अंसारी, चंदन नकवी, चंद्रपाल सिंह सैनी, प्रतीक चौधरी, जुल्फिकार अली, अथर अब्बास, वकार हैदर, नूर अब्बास राणा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

महिला हेल्पलाइन कार्यालय का उद्घाटन करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

महिला हेल्पलाइन कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : कोतवाली स्थित महिला हेल्पलाइन कार्यालय का पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह सुविधा जनता के लिए की जा रही है जिससे उन्हें जल्द न्याय मिल सके।

कोतवाली में महिला हेल्पलाइन कार्यालय का निर्माण कराया गया है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने इसका फीता काटकर किया। पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित कार्यालय का निरीक्षण किया और तैनात महिला पुलिसकर्मी से जानकारी भी की। इसके बाद कोतवाली में लगे सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया तथा पुलिस स्टाफ को निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि यह सब जनता को जल्द न्याय दिलवाने के लिए किया जा रहा है। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान, वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर बृजमोहन, कस्बा इंचार्ज विकास कुमार सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

जिलाधिकारी ने पुरस्कृत शिक्षकों का शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

कार्यक्रम

▸▸ जिलाधिकारी ने शिक्षकों से कर्तव्यों को पूरा करने को कहा

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा विभाग के दो अध्यापकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने शॉल ओढ़ाकर उनको सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने अन्य शिक्षकों को सम्मानित शिक्षकों से प्रेरणा लेने को कहा।

गुरुवार को जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक पवन कुमार त्यागी और ऋषिपाल सिंह को कार्यालय में बुलाकर दोनों शिक्षकों का सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को पूरा करें। इसी तरह सभी शिक्षकों को भी अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाहन करना चाहिए ताकि जनपद का नाम शिक्षा के क्षेत्र में रोशन हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

शिक्षकों को सम्मानित करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व अन्य। ● अमृत विचार

हार्ट अटैक से दुकानदार और किसान की जान गई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : ठंड के मौसम में हार्ट अटैक के मामले लगातार बढ़ हैं। शहर निवासी खाद-बीज की दुकान संचालक 52 वर्षीय शेरु परवेज और ढबारसी निवासी किसान मुनाजिर सैफी (40) की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

शेरु परवेज।

जिले में हार्ट अटैक से मृतकों की संख्या रोजाना बढ़ रही है। ठंड के मौसम जिले में अब तक करीब 50 दिनों में 20 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं गुरुवार की सुबह भी हार्ट अटैक से दो लोगों की मौत हो गई। शहर निवासी शेरु परवेज अमरोहा नगर के मोहल्ला मुल्लाना के रहने वाले थे। शेरु परवेज जोया के संभल चौराहे पर खाद-बीज की दुकान चलाते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है। क्रिकेट खेलने के शौकीन शेरु परवेज पूरी तरह स्वस्थ थे। परिजनों के मुताबिक सोमवार रात करीब नौ बजे परिवार के सदस्यों के साथ बैठे हुए थे। तभी अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया। इसके बाद परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया, स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने के बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले गए। यहां निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार सुबह आठ बजे चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने दोपहर बाद शव को सुपुर्द-ए- खाक कर दिया है। उधर, ढबारसी गांव के किसान मुनाजिर सैफी गुरुवार सुबह घर में शौच के लिए गए थे। तभी अचानक उन्हें अटैक पड़ा और बेहोश होकर गिर गए। काफी समय तक शौचालय से बाहर नहीं निकलने पर परिवार के लोगों ने जाकर देखा तो शौचालय में उनका शव पड़ा मिला। परिजन आननफानन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पूंजीपतियों को और धनवान बना रही भाजपा सरकार : वेद

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार को शिव सेना के कार्यकर्ताओं की बैठक मोहल्ला होली वाला राजपूत कॉलोनी स्थित शिवसेना कार्यालय में हुई। यहां उपस्थित जिला स्तर के पदाधिकारी व नगर पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए और कुछ पदाधिकारियों ने स्थानीय एवं जिले से जुड़ी समस्याओं को उठाया। कई कार्यकर्ताओं ने नगर की समस्याओं पर विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थित जिला प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने कहा कि 22 जनवरी गुजर चुकी है।

अब हमारा भारत राजनीतिक माहौल में रंग चुका है। 140 करोड़ देशवासियों ने राम मंदिर की भव्यता को देखा है। सब बहुत अच्छा लगा लेकिन हम केंद्र सरकार और राज्य सरकार से आग्रह करते हैं कि जिस तरीके से सरकार ने और हमारे देश की मीडिया ने अयोध्या के राम मंदिर की सुंदरता को दिखाया है। अब जमीनी स्तर के हालातों पर भी ध्यान दिया जाए। भाजपा सरकार ने वहां की जनता को और पिछड़ा कर दिया है और पूंजीपतियों को वहां भेज कर धनवान बना दिया है। बैठक की अध्यक्षता दीनदयाल ने व संचालन राजकुमार सागर ने किया। बैठक में राजकुमार सागर, नकुल शर्मा, विकास यादव, सीमा यादव, रवि यादव, जितेंद्र कुमार बंसल, दीनदयाल यादव, सपना प्रजापति, नरेश ठाकुर, सतवीर प्रजापति, रिंकू प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

तेंदुए ने तीन बकरियों को बनाया निवाला

गजरौला, अमृत विचार : बुधवार रात पशुशाला में तेंदुए ने तीन बकरियों को निवाला बना लिया। गुरुवार की सुबह किसान को घटना की जानकारी हुई। जानकारी होने पर ग्रामीण जमा हो गए। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है।

बीते माह नेशनल हाईवे पर तेंदुए की हादसे में मौत के बाद क्षेत्र में तेंदुए का डर कुछ कम हो गया था। लेकिन अब एक बार फिर से खादर क्षेत्र में तेंदुए का शोर मचने लगा है। बुधवार की रात तेंदुआ मोहरका पट्टी गांव निवासी हाजी अहसान की पशुशाला में दीवार फांदकर अंदर घुस गया। वहां बंधी तीन बकरियों को तेंदुए ने निवाला बनाया। गुरुवार सुबह अहसान पशुशाला में गया तो वहां तीन बकरियों के अवशेष पड़े देख घटना की जानकारी हुई। उसके शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। उन्होंने पशुशाला में लगे पंजों को देखकर तेंदुआ होने की बात कही। गांव निवासी याकूब, नौशाद, सलमान, आरिफ का कहना है कि गन्ने के खेतों में गीदड़ों के अवशेष भी मिल रहे हैं।

ट्यूबवेल से स्टार्टर व पाइपलाइन चोरी

डिडौली, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैया माफी में आरिफ पुत्र छोटे का परिवार रहता है। बुधवार शाम वह ट्यूबवेल का ताला लगाकर घर आ गए थे। गुरुवार सुबह जब आरिफ ट्यूबवेल पर पहुंचे तो वहां का ताला टूटा था। अंदर रखा स्टार्टर व 500 फीट पाइपलाइन व तार गायब था। किसान ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी है।

निरीक्षण जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच के निर्देश दिए

नर्सरी की गुणवत्ता ठीक नहीं मिलने पर डीएम नाराज

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गुरुवार को क्षेत्र के गजरौला के तारापुर फार्म में निर्माणाधीन हाईटेक नर्सरी जिसमें जर्मनेशन चेम्बर, शीडलिंग चेम्बर, डिमो, हार्डनिक चेम्बर, नेट हाउस, पॉलीहाउस का जाकर निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि से पूछा कि काम कब तक पूर्ण करना है, अनुबंध कब तक है और प्रयोग की जारी रही पॉलीथिन कितने माइक्रॉन की है। उन्होंने नक्शे के अनुसार डिजाइन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर जानकरी हासिल की और सन्तोषजनक जवाब न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही ईंट, बजरी और सीमेंट की गुणवत्ता को भी परखा। ईंट और बजरी सहित अन्य निर्माण सामग्री की खराब गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त की और तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर गुणवत्ता की जांच कराए जाने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र गजरौला के वैज्ञानिक काम की जांच करें कि कोई लापरवाही न हो। कहा कि जो समय सीमा निर्माण की दी गयी है। उसमें कार्य पूर्ण हो जाए इसके लिए अधिक से अधिक मजदूर लगाकर कार्य की प्रगति को बढ़ाया जाए। जैविक खेती को बढ़ाया दिया जाए।

निर्माणाधीन नर्सरी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

जैविक खेती के लिए सुविधाएं विकसित करें और लोगों को जागरूक करें। जैविक खेती के लिए उसके गुण और उपयोगिता के लाभ के बारे में बताया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्रा, उप निदेशक कृषि, जिला उद्द्यान अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

एक नजर

अधिवक्ताओं की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

हसनपुर, अमृत विचार : तहसील बार एसोसिएशन की विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बार अध्यक्ष गंगासरन ने की तथा संचालन बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने किया। एल्डर कमेटी के द्वारा महासचिव सुरमित गुप्त को बार एसोसिएशन के कार्यवाही एवं एजेंडा तथा संपत्ति रजिस्टर आदि सौंपे गए। बार अध्यक्ष गंगा सरन ने कहा कि वादकारियों एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं के निराकरण हेतु राजस्व न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की वार्ता शीघ्र की जाएगी। इस मौके पर बार के अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित कुमार गुप्त, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष फतेह सिंह, उपसचिव प्रशासन केशव राव प्रजापति, उपसचिव पुस्तकालय रमेश चंद, अरविंद कुमार शर्मा, चरन सिंह चौहान, विनोद कुमार त्यागी रहे।

दस उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : बिजली निगम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर डूंगरपुर क्षेत्र में चेकिंग की। एसडीओ प्रद्योमन सिंह, अवर अभियंता ने दस उपभोक्ताओं के घरों से चोरी पकड़ी गई। एसडीओ ने उपभोक्ताओं के चोरी मिली है पूर्व में भी इन पर चोरी की प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज हो चुकी है।

केंद्रीय बजट से कुछ लोग खुश तो कुछ को हुई निराशा

शहर के लोगों ने टीवी पर बजट देखा, दो करोड़ घर बनवाने को लोगों ने बताया अच्छा कदम

हसनपुर में एलईडी पर बजट देखते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : मोदी सरकार के अंतरिम बजट को लेकर शहर के लोगों में काफी उत्साह रहा। लोगों ने टीवी पर बजट सुना और चर्चा की। हालांकि कुछ लोगों को बजट से निराशा हुई है तो कुछ को खुशी हुई।

केंद्र सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट वित्त मंत्री ने गुरुवार को पेश किया। जिसको लेकर व्यापारी वर्ग से लेकर हर वर्ग में उत्साह रहा। हर कोई बजट के बारे में जानने के लिए बेकरार था। बजट में व्यापारी वर्ग के लिए एक करोड़ रुपये का ब्याज मुक्त या कम ब्याज दर पर लोन, 3000 नए आईटीआई बनवाने, 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने और अगले पांच वर्षों में दो करोड़ घर बनवाने की बात कही गई है। प्रधानमंत्री आवास के तहत तीन करोड़ घर बनवाए जाएंगे। पीएम गति शक्ति योजना में काम को तेज किया जाएगा। सभी आशा एवं आंगनबाड़ी कर्मियों को आयुष्मान भारत के दायरे में लाया जाएगा। हालांकि विपक्षी पार्टियों के लोग इसे सिर्फ दिखावा बता रहे हैं। वहीं सत्ता दल के नेता लाभकारी बजट बता रहे हैं।

▸▸ विपक्षियों ने कहा दिखावा तो सत्ता पक्ष के लोगों ने कहा लाभकारी है बजट

बजट से किसी को कोई लाभ नहीं हो रहा। उद्योग, किसान बेरोजगारों को कोई राहत नहीं। महिलाओं को भी इस बजट में कोई राहत नहीं दी गई है।

–परवेज अली, पूर्व एमएलसी

बजट से किसानों को काफी लाभ होगा और लोगों को काफी राहत भी मिलेगी। मोदी सरकार का एक अच्छा बजट है। अंतरिम बजट से लोगों को फायदा पहुंचेगा।–

उदयगिरि गोस्वामी, भाजपा जिला अध्यक्ष

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में किसी को कोई राहत नहीं मिली। यह केंद्र सरकार का लॉलीपॉप है। युवाओं को हर बार नौकरी का झांसा दिया जाता है। व्यापारियों को लूटने वाला बजट है। –**ओमकार कटारिया,** कांग्रेस जिला अध्यक्ष

केंद्र सरकार के बजट से किसानों को कोई राहत नहीं मिली। वर्तमान समय में किसान कर्जदार है। किसानों को बजट में सुविधा नहीं दी गई है।

–डॉ. सुमित नागर, राष्ट्रीय महासचिव भाकियू लोकशक्ति

बजट में किसानों की अनदेखा की गई है। उनको राहत देने वाला बजट नहीं है। किसानों को अंतरिम बजट से काफी उम्मीद थीं। कोई भी पूरी नहीं हुई।

–दिवाकर चौधरी, भाकियू शंकर

अंतरिम बजट से कोई खुश तो कोई नाराज

अमरोहा, अमृत विचार : केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर लोगों ने अलग–अलग प्रतिक्रिया व्यक्त की। बजट को किसी ने अच्छा कहा तो किसी ने लॉलीपॉप करार दिया है। लोगों ने कहा कि सरकार ने इस बजट से न तो किसी का भला होगा न किसी को मिलेगा। वहीं किसान भी बजट से खुश नजर नहीं आ रहे है। हालांकि युवाओं के लिए रोजगार की बात कही गई है। बजट में छोटे व्यापारियों के लिए जीएसटी में छूट देने का भी वादा किया गया है।

केंद्रीय बजट से किसान नेता हुए निराश

विपिन कौशिक।

चौधरी उपेंद्र।

गजरौला, अमृत विचार : गुरुवार को केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर किसान नेताओं व विपक्ष के नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उपेन्द्र सिंह ने कहा कि बजट में एमएसपी गारन्टी के लिए कोई विचार नहीं किया गया। किसानों को निशुल्क बिजली के लिए कोई घोषणा नहीं हुई। किसानों की क्रेडिट कार्ड लिमिट चार प्रतिशत ब्याज पर तीन लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जानी चाहिए थी, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। ये अंतरिम बजट पूर्णतया किसान विरोधी है। किसान की आय बढ़ाने का कोई जिक्र नहीं है। वहीं सपा के जिला कोषाध्यक्ष विपिन कौशिक ने कहा कि इस बार भी आम जनता की उम्मीदों पर पानी फिर गया। बजट में कोई टैक्स रियायत नहीं, पेट्रोल डीजल के दामों में कोई कटौती नहीं, महंगाई कम करने की कोई बात नहीं।

जमीन की सौदेबाजी में फंसे पूर्व बसपा प्रत्याशी फुरकान अहमद

नौगांवा सादात/अमरोहा, अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र नौगांवा सादात से पूर्व बसपा प्रत्याशी फुरकान अहमद पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

मुरादाबाद शहर के लाजपत नगर निवासी कृष्ण मोहन अग्रवाल का आरोप है कि नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा निवासी फुरकान अहमद से 2022 में उनके पिता श्याम मोहन अग्रवाल की मुलाकात हुई थी। उन्होंने गजरौला के गांव तिगरिया खादर में नेशनल हाईवे पर जमीन दिखाई थी। फुरकान अहमद ने बताया था कि यह जमीन सावित्री देवी के नाम है। कृष्ण मोहन अग्रवाल का आरोप है कि 10 जनवरी 2023 को फुरकान अहमद को उन्होंने पांच लाख रुपये दिए। जल्दी ही जमीन का बैनामा कराने का वादा किया था। जब फुरकान बैनामे को टालने लगे तो पीड़ित ने हसनपुर तहसील जाकर जमीन के बारे में जानकारी की। पता चला कि जिस जमीन का सौदा किया था वह सरकारी है। पैसे मांगने पर भी उन्हें पैसे नहीं लौटाए। जिसके बाद पीड़ित ने नौगांवा सादात थाने में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर फुरकान अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बारिश से बिजली लाइन में फाल्ट, आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर में बुधवार रात हुई बारिश से बिजली लाइन में फाल्ट हो गए। जिस कारण बिजली आपूर्ति छह घंटे से लेकर 10 घंटे तक बाधित रही। इससे उपभोक्ताओं को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को अधीक्षण अभियंता निखिल कुमार ने बताया कि बुधवार रात हुई बारिश के कारण कलेक्ट्रेट क्षेत्र समेत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली लाइन में फॉल्ट हो गए थे। जिस कारण छह घंटे से लेकर 10 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट क्षेत्र की बिजली आपूर्ति को सुबह आठ बजे सुचारु कराया।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बिजली आपूर्ति बंद हो जाने पर उपभोक्ता बिजली घरों पर फोन करके आपूर्ति के संबंध में जानकारी लेते रहे। बरसात के कारण बिजली कर्मचारियों को बिजली आपूर्ति को सुचारु करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उधर उपभोक्ता भी बिजली के गुल हो जाने के कारण काफी परेशान हो गए। उन्होंने बताया कि दोपहर के बाद सभी जगह की बिजली आपूर्ति को पूरी तरह से चालू कर दिया गया है।

सैदनगली में सड़क किनारे पड़ा खाली ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

ट्रांसफार्मर से सामान चोरी

सैदनगली, अमृत विचार : सैदनगली के इकौदा रोड पर लगे 250 केवी के ट्रांसफार्मर से चोरों ने सामान ने चुरा लिया। मामला थाना सैदनगली क्षेत्र के इकौदा रोड का है। यहां पर तालाब के पास रखे 250 केवी के ट्रांसफार्मर पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। जबकि यहां से 100 मीटर की दूरी पर ही बिजली घर है। बिजली घर में मौजूद फिटर रिंकू ने बताया है कि रात को लाइन में कोई भी फाल्ट नहीं आया और न ही लाइन काटी गई। चोरी की घटना के संबंध में जेई को सूचना दी गई है। चोरों ने ट्रांसफार्मर का तेल तथा उपकरण चोरी कर लिए हैं। अज्ञात चोरों के विद्युत ट्रांसफार्मर से चोरी किए तेल तथा सामान के संबंध में अवर अभियंता नवीन कुमार ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आज से चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने 10 फरवरी तक आयुष्मान योजना के पात्र लोगों के कार्ड बनाने के आदेश दिए हैं।

गुरुवार को बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि एक सप्ताह में आयुष्मान योजना के पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बना दिया जाएं। लापरवाही पर सेवा समाप्त करने की चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि दो फरवरी से 10 फरवरी तक अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाएं जाएं। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की सभी राशन डीलरों की बैठक की जाए। जिन पात्र व्यक्तियों का कार्ड अभी तक नहीं बने हैं और लोग कार्ड नहीं बनवा रहे हैं। उनका राशन न दिया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करें। उन्होंने इसके लिए छह सदस्य टीम मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित की है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतपाल सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया सहित अन्य अधिकारी रहे।

सार-संक्षेप

बैठक को संबोधित करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

छुट्टा पशु जिले की मुख्य समस्या : ओमकार

हसनपुर, अमृत विचार : गुरुवार को नगर स्थित रोज गार्डन में कांग्रेस के हसनपुर ब्लॉक एवं नगर के पदाधिकारियों ने संवाद कार्यशाला की। संवाद कार्यशाला की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर ने की और संचालन हसनपुर नगर के अध्यक्ष छूनन्न भारती ने किया। संवाद कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी, भ्रष्टाचार का मुख्य कारण मोदी सरकार है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण ही देश में महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। कहा कि लोकसभा 2024 का चुनाव नजदीक है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाएं। इंडिया गठबंधन का जो भी प्रत्याशी होगा उसको जिताकर लोकसभा में भेजने का कार्य करना होगा। कहा कि छुट्टा पशु जनपद अमरोहा की मुख्य समस्या हैं। छुट्टा पशुओं की समस्या का जल्दी समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस के कार्यकर्ता इन्हें भारतीय जनता पार्टी के विधायकों, सांसदों, मंत्रियों और जनपद के जिलाधिकारी के कार्यालय और घरों में बांधने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम पुष्कर, चौधरी समीम अयूब, असीम हुसैन साबरी, नौशाब खान, अफसर अली खान, जयपाल सिंह जाटव, मनोज कटारिया आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

नहीं सुलझा मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला

हसनपुर, अमृत विचार : शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला अभी तक नहीं सुलझ सका है। लगातार दूसरे दिन भी अधिकारियों की अध्यक्षता में हुई बैठक में विवाद कोई भी हल नहीं निकला। अब सोमवार को दोनों पक्षों को बैठाकर वार्ता कराई जाएगी। ज्ञात हो कि नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर की 650 मीटर भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। बुधवार को उप जिलाधिकारी एवं सीओ ने दोनों पक्षों को अपने कार्यालय में बुलवाया, लेकिन एक पक्ष के न पहुंचने के कारण कोई भी हल नहीं निकल पाया। गुरुवार को एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता में दोनों पक्षों की वार्ता कराई गई। लेकिन दोनों पक्षों की तरफ से कोई हल नहीं निकला जिसको लेकर दोनों अधिकारियों ने सोमवार के दिन दोनों पक्षों को कार्यालय बुलवाया है और हल निकालने की बात कही है। भाजपा नेता अतुल गर्ग ने कहा कि दो दिन वार्ता के बाद भी अधिकारियों ने मां चामुंडा मंदिर की भूमि कब्जा मुक्त नहीं कराई गई। अब सोमवार के दिन फिर से वार्ता होगी। इस मौके पर डॉ. शिवचरण अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, कुलदीप वैश्य, अतुल गर्ग, संदीप गुप्ता, अंकुर अग्रवाल, निक्कू अग्रवाल आदि रहे।

बाजार में लगा जाम। ● अमृत विचार

रोजाना लग रहे जाम से परेशानी

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : नगर में अतिक्रमण एवं बेतरतीब ई-रिक्शा संचालन से आए दिन बाजार में जाम लग रहा है। जिससे व्यापारियों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहा।

नगर में जाम की समस्या अब आम बात हो गई है। आंबेडकर पार्क से लेकर रहरा रोड तक बाजार में प्रतिदिन जाम लगता है। जिससे व्यापारियों एवं लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गुरुवार को वर्मा मार्केट के निकट बाजार में दोपहर के समय जाम लग गया। जिससे व्यापारियों एवं लोगों को कई घंटे जूझना पड़ा। कई बार व्यापारी संगठनों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई। लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देता। अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित ने बताया गया कि जल्द वरिष्ठ अधिकारियों से बात कर नगर से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

दो पक्षों में मारपीट सात पर रिपोर्ट दर्ज

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर इम्मा में देवेंद्र कुमार व नानक चंद के परिवार रहते हैं। बुधवार शाम दोनों परिवारों के बच्चों में झगड़ा हो गया था। परिवार के लोग बच्चों को समझा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच नानक चंद का बेटा संजय व उसके बेटे नन्नू और गोलू ने गाली-गलौज शुरू कर दी। देवेंद्र की पत्नी रश्मि ने विरोध जताया तो उसके साथ मारपीट की।

बीच सड़क पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। इस दौरान लाठी-डंडे चलने से एक पक्ष से देवेंद्र कुमार व उसकी पत्नी रश्मि व दूसरे पक्ष से संजय, उसकी पत्नी सुनीता, बेटा गोलू, अकोसू और नानक चंद घायल हो गए। वहीं, संजय सिंह ने दूसरे पक्ष पर उसके मुर्गी फार्म में आग लगाने का भी आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि नानक चंद की ओर से उसके बेटे संजय की तहरीर पर लवकुश, नितिन, आशीष व अमन जबकि देवेंद्र कुमार की ओर से पत्नी रश्मि की तहरीर पर नहू, गोलू व संजय पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

निरीक्षण के दौरान निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी ने मैंगो पैक हाउस का निरीक्षण किया

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मंडी समिति के मैंगो पैक हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद उद्यान अधिकारी को पैक हाउस के उपयोगिता का ध्यान रखते हुए कार्य के निर्देश दिए।

मैंगो पैक हाउस के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी सब्जी विक्रेताओं से मिले और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सब्जी विक्रेताओं से कहा कि अधिक से अधिक सब्जी का निर्यात किस प्रकार हो सकता है। इसके लिए जिला उद्यान अधिकारी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। उन्होंने सब्जी का निर्यात करने वाले विक्रेताओं से बातकर उन्हें पैक हाउस की उपयोगिता व लाभ के बारे में बताया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, राजेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका डॉ. बृजेश कुमार और समिति अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम | दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर सफाईकर्मी किरण देवी को केंद्रीय मंत्री ने किया था सम्मानित

महिला सफाईकर्मी किरण देवी का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जोया ब्लाक में सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। उन्होंने महिला सफाई कर्मचारी किरण देवी को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया की अध्यक्षता में जोया ब्लाक सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में केंद्रीय पंचायत राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने रजबपुर ग्राम पंचायत की महिला सफाई कर्मचारी किरण देवी को स्वच्छता अभियान में अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया था। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उनको गणतंत्र दिवस में बुलाया था। महिला सफाई कर्मचारी द्वारा अमरोहा जनपद का नाम रोशन करने पर सफाई कर्मचारी संघ ने सम्मान समारोह का आयोजन किया था। जिसमें महिला सफाई कर्मचारी किरण देवी का सम्मान किया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने महिला सफाई कर्मचारी का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और कहा कि जनपद के सभी सफाई कर्मचारियों को ऐसा कार्य करने का चाहिए जैसा किरण देवी ने किया। अच्छा कार्य करने पर वह ज्यादा से ज्यादा सफाई कर्मचारियों के नाम शासन को भेज सकें।

सम्मान कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने भी महिला सफाई कर्मचारी को उसके सम्मान में पुरस्कार दिया। इस अवसर पर कपिल राणा, एडीओ पंचायत मदन सिंह ढिल्लो, सचिव नितिन कुमार, सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नवाब खान, अशोक कुमार, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे।

सफाई कर्मचारी को सम्मानित करतीं जिला पंचायत राज अधिकारी। ● अमृत विचार

बच्चों को खिलाई गई एल्बेंडाजोल की गोली

रामपुर, अमृत विचार : जनपद में आठ लाख एक से 19 वर्ष की आयु वालों को राष्ट्रीय कृमि अभियान के तहत एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। अभियान का आरंभ राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने किया गया।

सीएमओ ने गुरुवार दोपहर कार्यक्रम में कहा कि दवा से कोई साइड-इफेक्ट नहीं होता है। पेट में कृमि संक्रमण होने पर वह हमारे शरीर के अंदर खून से भोजन लेते हैं। दवा का सेवन न करने पर बच्चे शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर होने लगते हैं। दो चरणों में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाती हैं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि जनपद में 1 से 19 वर्ष की आयु वाले 13 लाख बच्चों से अधिक का लक्ष्य मिला है।

जनवरी में रोडवेज को 69 लाख का घाटा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जनवरी में कड़ाके की ठंड होने से परिवहन निगम की बसों को पर्याप्त सवारियां नहीं मिल सकीं। जिस कारण रोडवेज को एक महीने में 69 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

स्टेशन प्रभारी पदम सिंह ने बताया कि जनवरी में कड़ाके की ठंड के कारण बसों को यात्री मिले। जिस कारण रोडवेज की बसें अपने निर्धारित मार्गों पर कम सवारियों को लेकर ही चलती रहीं। अमरोहा डिपो की बसों को लगभग नौ लाख रुपये प्रतिदिन देने का लक्ष्य निर्धारित किया था। पूरे माह में रोडवेज को दो करोड़ 80 लाख रुपये के राजस्व का लक्ष्य मिला था। जबकि जनवरी में लगभग दो करोड़ 11 लाख रुपये रोडवेज ने कमाए। जनवरी माह में रोडवेज की बसें लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकी। उन्होंने बताया कि कड़ाके की ठंड में अमरोहा डिपो को सवारियां न मिलने के कारण 69 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। इसकी भरपाई मौसम के ठीक होने के बाद किया जाएगा।

> जनवरी में हुए नुकसान की भरपाई मौसम के खुलने के बाद पूरी की जाएगी और रोडवेज की बसों के किलोमीटर को भी बढ़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समय रोडवेज की प्रत्येक बस 250 किलोमीटर का सफर कर रही है।
>
> –**पदम सिंह,** रोडवेज बस स्टेशन प्रभारी

अयोध्या की बस को भी नहीं मिली सवारियां : 22 जनवरी को अयोध्या में हुई भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम ने अयोध्या के लिए 14 जनवरी को रोडवेज बस सेवा प्रारंभ की थी। लेकिन इस बस को अयोध्या जाने वाली श्रद्धालु और अन्य यात्री भी पर्याप्त संख्या में नहीं मिले। हालांकि यहां बसों की संख्या भी बढ़ाई गई थी। तब भी बस को मुरादाबाद की सवारियां लेकर ही रवाना किया था। स्टेशन प्रभारी पदम सिंह का कहना है कि अयोध्या के लिए चलाई गई रोडवेज की बस प्रतिदिन अब भी चल रही है। लेकिन सवारियां अयोध्या के लिए नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या जाने वाली बस को लखनऊ से ही वापस लौटाया जा रहा है। इस बस के उद्घाटन होने के बाद भी रोडवेज का लक्ष्य पूरा नहीं हो सका है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

संसारयति कृत्यानि सर्वत्र विचिकित्सते।
चिरं करोति क्षिप्रार्थे स मूढो भरतर्षभ॥

जो व्यक्ति अनावश्यक कर्म करता है, सभी को संदेह की दृष्टि से देखता है, आवश्यक और शीघ्र करने वाले कार्यों को विलंब से करता है, वह मूर्ख कहलाता है।

संपादकीय

समावेशी विकास की राह

नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया। वित्तमंत्री ने संकेत दिया कि सरकार चुनाव में वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने कहा मोदी सरकार अपने उपलब्धियों के आधार पर जुलाई में पूर्ण बजट पेश करने के लिए वापस आएगी और उसे चुनाव में जाने के लिए अंतिम समय में रियायतों की घोषणा की जरूरत नहीं है। वास्तव में बजट में किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। अंतरिम बजट से साफ हो गया है कि आर्थिक विकास के विभिन्न आयामों से जुड़ी पूर्व की नीतियां जारी रखी जाएंगी। वित्तमंत्री का लगभग दो तिहाई भाषण सरकार की 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित था। बजट में राजनीतिक रूप से सबसे दिलचस्प घोषणाओं में से एक प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के हिस्से के रूप में एक करोड़ घरों को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रदान करने का कार्यक्रम था। यह विभिन्न राज्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली की कई गारंटी के जवाब के रूप में आया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार चार प्रमुख वर्गों गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता के विकास पर ध्यान केंद्रित करने पर विश्वास करती है। उनकी आवश्यकताएं, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उनके सशक्तिकरण और कल्याण से देश आगे बढ़ेगा। उधर विपक्ष ने अंतरिम बजट को निराशाजनक बताया है। विपक्षी दलों के मुताबिक महंगाई रोकने के लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है। इसमें बेरोजगारों, महिलाओं के लिए भी कुछ नहीं कहा गया है। एक तरफ कहा जा रहा है कि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर लाया गया है, दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है।

अंतरिम बजट में सरकार ने टैक्स स्लैब को पहले की तरह ही रखा है। हालांकि वित्तमंत्री ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25 हजार और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के दस हजार रुपये तक के प्रत्यक्ष कर डिमांड को वापस ले लिया है। इससे लगभग एक करोड़ करदाताओं को लाभ मिलने की उम्मीद है। दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य बढ़ा कर तीन करोड़ किया गया है। कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट भारत को जन-केंद्रित, समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा।

सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को सशक्त एमएसएमई आवश्यक

ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है।

सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम यानी एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। औद्योगिक उत्पादन का तीस प्रतिशत एमएसएमई क्षेत्र से आता है एवं 48 प्रतिशत निर्यात में इनका योगदान है। रोजगार की दृष्टि से देखें तो कृषि के बाद कम पूंजी लागत पर सर्वाधिक रोजगार का सृजन करके देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में यह क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका भी अदा करता है। इन उद्योगों से लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार प्राप्त होता है। वस्तुतः कोविड ने इस क्षेत्र को बुरी तरह से प्रभावित किया है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर ही बड़े उद्योगों को मजबूत बनाया जा सकता है, मगर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उद्योग के पास संसाधनों का आभाव है।

एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों के पास न तो ज्यादा वित्तीय पूंजी होती है और न ही बड़े उद्यमियों कि तरह इन्हें व्यवसाय की कोई अच्छी समझ होती है। ज्यादातर सूक्ष्म और लघु उद्योग ग्रामीण इलाकों या कस्बों में लगे हैं, इसलिए इन्हें संरचनात्मक सुविधाओं जैसे बिजली, सड़क पानी आदि की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों का विकास बाजार तक पहुंच, उत्पादों की गुणवत्ता, समय पर ऋण की उपलब्धता और प्रौद्योगिकी के उन्नयन आदि कारकों पर निर्भर करता है।

जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में छोटे उद्यमों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ा जिससे कच्चे माल की आपूर्ति वाला पक्ष प्रभावित हुआ है। कोई भी उद्यम अगर अपने आप को आज के दौर की उन्नत तकनीक में नहीं ढालता तो वह औद्योगिक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाता है, लेकिन इन तकनीकों के महंगे होने के कारण छोटे उद्योग इनका उपयोग नहीं कर पाते जिसका असर उनके उत्पादन पर पड़ता है और जिसके फलस्वरूप इनके उत्पाद की गुणवत्ता गिरती है तथा इनकी आपूर्ति श्रंखला भी प्रभावित होती है।

उद्यमियों को विलंबित भुगतान होने के कारण दो प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहली समस्या है, विलंबित भुगतान की जिसकी वजह से वे आने वाले आदेश के लिए कच्चा माल नहीं खरीद पाते। दूसरे उसकी वजह से उनकी साख पर प्रभाव पड़ता है और बैंकों से कर्ज लेना और भी मुश्किल हो जाता है। एक समस्या यह भी देखी गई है कि इस क्षेत्र के 40 प्रतिशत से अधिक उद्यमियों के पास वित्त के औपचारिक स्रोतों तक पहुंच नहीं है, यानी वे बैंकिंग क्षेत्र से कर्ज ही नहीं ले पाते। लॉकडाउन के दौरान और उसके बाद कच्चे माल की कीमतों में भारी इजाफा हुआ। विशेषकर धातुओं में इसके कारण लागत बढ़ गई। छोटे उद्यमियों के सामने एक समस्या यह भी आती है कि कच्चे माल की अनुपलब्धता के कारण वे समय पर माल की आपूर्ति नहीं कर पाते और इस वजह से सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां उन्हें काली सूची में डाल देती हैं।

सरकार और एमएसएमई मंत्रालय द्वारा इन चुनौतियों को कम करने तथा भारतीय एमएसएमई क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिए 'कौशल विकास प्रौद्योगिकी उन्नयन विपणन सहायता' और एमएसएमई को ऋण तक पहुंच के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया गया है। सरकार की ओर से एक अच्छी पहल यह भी की गई है कि केंद्र सरकार के मंत्रालय उसके विभाग या सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा जो भी खरीद की जाएगी उसका 25 प्रतिशत एमएसएमई उद्योगों से ही खरीदा जाए। व्यवसाय में आसानी हो इसके लिए 'उद्यम पंजीकरण' नाम से पोर्टल शुरू किया गया है जिसमें अपने उद्यम को बहुत आसानी से पंजीकृत कराया जा सकता है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में एमएसएमई उद्यमों को स्थापित करके सरकार रोजगार के अवसर पैदा करना चाहती है। इसके लिए 'क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी' सरकार की तरफ से दी जाएगी। पारंपरिक उद्योगों के उन्नयन व पुनर्निर्माण के लिए कोष की योजना के तहत कारीगरों और पारंपरिक उद्योगों को समूहों में व्यवस्थित करके उन्हें व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है। इसके तहत संकटग्रस्त एमएसएमई को कच्चे माल की खरीद के लिए वित्तीय ऋण प्रदान किया जाता है। उत्पादकता में सुधार के साथ-साथ एमएसएमई मंत्रालय ने सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की है। इस केंद्र के तहत इन उद्यमों की प्रमुख समस्याओं को कम करके प्रौद्योगिकी बाजार तक पहुंच, कौशल और गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। अर्थव्यवस्था को और मजबूती देने और उसकी रफ़्तार बढ़ने के लिए सशक्त और आत्मनिर्भर एमएसएमई का होना बहुत आवश्यक है। अनेक सरकारी सुविधाओं और योजनाओं के बावजूद अभी यह क्षेत्र चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए समुचित प्रयास सुनिश्चित किए जाने चाहिए। किसी भी उद्यम को शुरू करने के लिए कुछ बुनियादी जरूरतों का होना बहुत जरूरी है।

> इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 'क्रेडिट गारंटी योजना' ऋण के आसान प्रवाह की सुविधा के लिए चलाई गई है। इसके तहत छोटे उद्यमियों को गारंटी मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है और बैंकों को कोई भी नुकसान न हो इसके लिए सरकार गारंटी देती है। छोटे उद्यमियों की उत्पादकता प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के लिए 'सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम' चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के सहयोग से कच्चा माल सहायता योजना भी शुरू की है।

इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था अच्छी और सुदृढ़ होनी चाहिए, तभी कोई उद्यमी निडर होकर भली प्रकार अपना व्यवसाय कर सकता है। अराजक तत्वों व भ्रष्टाचार के कारण उद्योग धंधे फल-फूल नहीं पाते हैं। अच्छे उत्पादन के लिए बिजली की आपूर्ति भी बहुत जरूरी है। उद्योगों के विकास के लिए अच्छी सड़कें और परिवहन व्यवस्था सही होना भी जरूरी है। एमएसएमई क्षेत्र में मुख्य समस्या कुशल श्रमिकों की आती है। सरकार को कौशल विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक प्रशिक्षण केंद्रो की स्थापना करनी चाहिए ताकि विभिन्न कार्यों के जानकार और कुशल कारीगर अधिक संख्या में उपलब्ध हो सकें। कच्चे माल की कालाबाजारी रुकनी चाहिए ताकि कारोबारियों को नुकसान न हो। छोटे उद्यमियों के सामने एक प्रमुख समस्या विलंबित भुगतान की आती है। सरकार की खरीददारी काफी बड़ी मात्रा में है और जब तक सरकारी संस्थाओं से बेचे गए सामान का भुगतान नहीं होता, तब तक पूरी आपूर्ति श्रंखला धीमी हो जाती है। इसलिए इस पर ध्यान देने की जरूरत है। निर्यात के क्षेत्र में एमएसएमई क्षेत्र बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकता है। इसके लिए अधिक पूंजी और आधारभूत ढांचे की जरूरत है जिसमें सरकार को पूरा सहयोग देना चाहिए। सरकार को एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत बनाने और बढ़ावा देने के लिए आर्थिक पैकेज भी देना चाहिए। साथ ही रोजगार सृजन पर अधिक ध्यान देने और नई राष्ट्रीय रोजगार नीति तैयार करने की आवश्यकता है। अब विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना होनी चाहिए। सूक्ष्म उद्योगों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भी समुचित प्रयास किए जाने चाहिए।

प्रसंगवश

सामाजिक न्याय के पुरोधा

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सभी समाजवादी दल, कम्युनिस्ट, राजद, जेडीयू और भाजपा उनकी राजनीतिक विरासत साधने में कहां पीछे है? कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक व राजनीतिक संघर्ष के साथी जगदेव प्रसाद कुशवाहा थे। कुशवाहा का जन्म 2 फरवरी 1922 को बिहार में जहानाबाद के समीप कुर्था प्रखंड के कुरहरी गांव में हुआ। जब भी वंचितों के हक की बात होगी, तब वह बात बाबू जगदेव प्रसाद के बिना पूरी नहीं होगी और बिहार में तो कतई नहीं होगी। लेकिन जगदेव बाबू बहुत कठिन व्यक्तित्व हैं, समाजवादी सोच की लीडरशिप तो उनकी राजनीतिक विरासत पर दावा ठोंक सकती है पर भाजपा नहीं, उनकी जो लड़ाई थी शोषितों के लिए शोषकों के खिलाफ थी। राजनीति में जगदेव बाबू की दिलचस्पी पटना में अध्ययन के दौरान बढ़ी। जब वे समाजवादी चन्द्र देव के संपर्क में आए और सोशलिस्ट पार्टी से जुड़ गए। पार्टी का मुख्यपत्र 'जनता' का संपादन किया। 1955 में अंग्रेजी साप्ताहिक पत्र 'सिटीजन' का भी संपादन किया। प्रकाशक से मनमुटाव होने पर पटना लौट आए, पर सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। समाजवादी विचारधारा का देशीकरण करके बिहार के घर-घर पहुंचाया। 1967 में कुर्था से विधानसभा पहुंचे, पहली संविद व गैर कांग्रेसी सरकार उनके व कर्पूरी ठाकुर के प्रयासों से बनीं जिसमें महामाया प्रसाद सिन्हा मुख्यमंत्री बने। पार्टी की नीतियों व विचार धारा पर लोहिया जी से अनबन हुई, उनके नारे एकदम जनवादी होते थे। यह कहकर संशोपा छोड़ दी कि 'कमाए धोती वाला, खाए टोपी वाला'। जगदेव प्रसाद ने 25 अगस्त 1967 को शोषित दल बनाई फिर राम स्वरूप वर्मा के अर्जक संघ से जुड़े। 1968 में रामस्वरूप वर्मा की पार्टी समाज दल का विलय हुआ और पार्टी को शोषित समाज दल नाम दिया गया। दार्शनिक व क्रांतिकारी संगम से पार्टी में नया संचार हुआ। गजब के भाषण कर्ता व नारे गढ़ने में निपुण, जहानाबाद की सभा मे उन्होंने एक नारा दिया, दस का शासन नब्बे पर नहीं चलेगा। लगता है उनकी लड़ाई आगे बढ़ रही है। बिहार जाति जनगणना कर 75 प्रतिशत आरक्षण वाला राज्य बन गया है, जिसमें गरीब सवर्ण भी हैं। क्या कर्पूरी ठाकुर की तरह उनको भी सम्मान मिलेगा।

समान नागरिक संहिता का उत्तराखंड से आगाज

अमित त्यागी
वरिष्ठ स्तंभकार

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है।

किसी भी राष्ट्र की समग्र मजबूती के लिए उसके सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार, समान नियम होने चाहिए। जब तक जम्मू, कश्मीर और लद्दाख में 370, 35 ए नहीं हटी थी तब तक भारत के अन्य प्रदेशों में मिलने वाले नागरिक अधिकार जम्मू कश्मीर भूभाग के लोगों को नहीं मिलते थे। जैसे ही 370, 35 ए जम्मू कश्मीर और लद्दाख भूभाग से हटा, वहां के लोगों को भारतीय संविधान प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों के मिलने की शुरुआत हो गई। समान नागरिक संहिता के साथ भी कुछ मिथ्या नैरेटिव विपक्षी दलों द्वारा बनाया जाता रहा है कि यह धार्मिक गतिविधियों में हस्तक्षेप है, जबकि न्यायालय कई बार इसके लिए सरकार को निर्देशित कर चुका है।

1981 में उच्चतम न्यायालय में दायर शाहबानो वाद का फैसला कांग्रेसी प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय में आया था। इस फैसले में न्यायालय का कहना था कि 'इस वाद में हालांकि संवैधानिक महत्व का कोई प्रश्न नहीं जुड़ा है, किंतु सामान्य नागरिक एवं आपराधिक कानून के तहत कुछ प्रश्न ऐसे पैदा होते हैं जिनका समाज के उस बड़े वर्ग पर जो परंपरागत रूप से अन्यायपूर्ण व्यवहार से पीड़ित हैं, दूरगामी महत्व होता है। महिलाएं भी एक ऐसा ही वर्ग हैं।' इसी फैसले में आगे खंडपीठ का कहना था कि 'हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 मृत प्रायः हो गया है। यह प्रावधान कहता है कि राज्य (स्टेट) भारत के समूचे क्षेत्र के नागरिकों के हेतु एक समान नागरिक संहिता बनाने को प्रोत्साहन देगा'। इतना ही नहीं 1995 में सरला मुदगल वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव को निर्देशित किया था कि वह अनु. 44 पर एक बार नए दृष्टिकोण से विचार करें। उच्चतम न्यायालय ने समान नागरिक संहिता को देश की एकता और अखंडता के लिए आवश्यक बताते हुए सरकार से कहा था कि आप न्यायालय को बताएं कि सरकार ने इस तरफ कौन-कौन से कदम उठाए हैं। उस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव इतनी इच्छा शक्ति नहीं जुटा सके कि राष्ट्रहित में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर फैसला कर सकें। तीन तलाक के समय जब न्यायालय ने तीन तलाक पर सरकार से दृष्टिकोण मांगा तो मोदी सरकार का निर्णय मुस्लिम महिलाओं के हित में रहा। उसी समय यह बात स्पष्ट हो गई थी कि समान नागरिक संहिता का विषय भी एक दिन पूरा होकर रहेगा।

अब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की शुरुआत होने जा रही है। उत्तराखंड की भाजपा शासित धामी सरकार यूसीसी पर बनी कमेटी की रिपोर्ट पर विधेयक लाने जा रही है। संवैधानिक दृष्टि से देखें तो भारत के संविधान का अनु. 14 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु. 15 धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता। अनु. 21 जीवन जीने का अधिकार देता है तो अनु.25 हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता देता है। इसलिए समान नागरिक संहिता से किसी भी धर्म के व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का प्रश्न ही खारिज हो जाता है। मुस्लिम महिला को भारतीय संविधान दोयम दर्जे का नहीं मानता। एक बात तो तय है कि धर्म के ठेकेदार अपनी दुकान चलाने के लिए इसका विकृत स्वरूप प्रदर्शित करते रहे हैं और शायद आगे भी करेंगे। धर्म के अंदर आडंबर और कुप्रथाओं का चलन बेहद पुराना है। हिंदू धर्म के अंदर भी कई कुप्रथाएं रीति-रिवाजों के भेष में पनप चुकी थी। सती प्रथा, बाल विवाह, बहू विवाह जैसी प्रथाएं समाज में विघटन पैदा करने वाली थी। 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय ने तेजसिंह वाद में सती के लिए उकसाने वाले को पांच साल के कठोर कारावास की सजा देने का प्रावधान किया। सरकार ने सती (निरोधक) कानून, 1987 बनाकर इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी।

इसी तरह हिंदू धर्म में बाल विवाह और बहुविवाह प्रचलन में थे। 1956 में फैमिली एक्ट के अंतर्गत आधा दर्जन कानून भारत की संवैधानिक व्यवस्था ने पारित किए और इन दोनों कुप्रथाओं पर रोक लगा दी। इन कुप्रथाओं का अंत हिंदू धर्म से जुड़े पंडित, पुजारियों या धर्म के ठेकेदारों ने नहीं किया, बल्कि भारतीय संविधान के अंतर्गत बने कानूनों ने किया। कुछ समय के लिए ठेकेदारों के छद्म स्वाभिमान को ठेस तो पहुंची, किंतु जनता ने इसे खुले दिल से स्वीकारा। कानून और समाज एक दूसरे के पूरक हैं। पहले कानून समाज में सुधार करता है और फिर परिपक्व समाज आवश्यकतानुसार कानून में सुधार करता है। समय के साथ यही लचीलापन व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता है। यही भारत है। यही भारतीय संस्कृति है।

सोशल फोरम

निगल ली गई दिमाग की खुराक

हफीज किदवई
लेखक

बस एक मोटी किताब लिखनी है। जिस पर दस्तरख्वान लगाकर बैठ जाएं और उसी पर अकबरी गेट के लज्जतदार खाने भी खा सकें। वह खाने, जो हमारी जहनी खुराक को निगल गए। वह खुशबूदार खाने, जो किताबों की दुकानों को निगल गए। इत्ती मोटी किताब लिखेंगे हम, जिस पर कवाब पराठे बिछा दें, तब भी चाय भर की जगह रह जाए। वह कवाब पराठे, जो पेट को तो अपनी चपेट में ले ही गए, साथ ही जहन को भी जंग आलूदा कर गए।

मैं लखनऊ के पुराने बाजारों को देखता हूं। रात की झिलमिल रोशनी में तंदूरों से उठते धुएं और गलियों में बिछी मुगलई खुशबू को महसूस करता हूं। एक पल को लगता है, जन्नत तो यही है, मगर मुझे मेरे सामने किताबों की दुकानें दिखने लगती हैं। मेरे देखते-देखते या कहिए, पुराने लोगों से सुनते-सुनते या कहिए किताबों की दर्दनाक सिसकियों को महसूस करते-करते लगता है कि बताओ, जो गलियां किताबों की, इल्म की शिनाख्त देती थीं, वह जबान के चटखारे का पता देती हैं। किताबों की एक दुकान मरती है और उसमें कोई जायका राल बहाते हुए बाहर आ जाता है। जहां कल तक इल्म का खजाना बिखरा पड़ा था, वहां अब पानी के बताशे-चाट-कबाब और कॉफी के गोते लगने लगते हैं।

लखनऊ के पुराने हिस्से में हम तमाम छोटी-बड़ी किताबों की दुकान जानते थे, सब अब मशहूर खानों की दुकान हो गईं। अकबरी गेट हो या विक्टोरिया स्ट्रीट या फिर चौक हो या हुसैनाबाद, नादान महल हो या फिर रकाबगंज, गौसनगर हो या मौलवीगंज, अमीनाबाद हो, गुइन रोड हो या नजीराबाद हो या कैसरबाग, लालबाग हो या फिर हजरतगंज। यहां कितनी ही किताबों की दुनिया बिरयानी-कवाब-नहारी-कॉफी में जज़्ब हो गईं। पेट और जबान के जायके ने दिमाग के हिस्से की खुराक निगल ली और हम अपनी चमचमाती गलियों से इठला के बोले, हमारे यहां आइए, आपको क्या ही जायकेदार खाना खिलवाते हैं। हम किसे बताएं कि हमने यह पहचान मिटाकर जायके की पहचान ओढ़कर, एक बहुत ही सस्ता सौदा किया है।

-फेसबुक वॉल से

रास्ता बताने से चोखा काम और कोई नहीं

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता ? खुद से पूछ कर भी मंजिल हासिल की जा सकती है।

जानते हैं आप, दुनिया की सबसे बड़ी दिक्कत क्या है? हमें पते का पता नहीं है। कहां से आए थे? कहां जाना है? किसके पास जाना है? क्यों जाना है? कब जाना है? आने जाने के बीच क्या करना है? कुछ अता-पता ही नहीं। अकल की दाढ़ उगने के बाद आदमी जिंदगीभर इसी उहापोह में फंसा रहता है। अक्लमंद तलाशता है, जो उसके इन सवालों का जवाब दे सके। सही सच्चा रास्ता दिखा सके और मजे की बात देखिए, उसे हर गली चौराहे नुक्कड़ पर अपनी खटिया बिछाए ऐसे खुदाई खिदमतगार मिल भी जाते हैं।

ये अक्लमंद दिखते कैसे हैं? आमतौर पर सर के बाल, दाढ़ी बढ़ी होती है उनकी। खाया पिया आदमी। चोगा टोपी के साथ तरह-तरह की मालाएं पहनी हुई हो उसने तो कोई ताज्जुब नहीं। उसके माथे पर भभूत तिलक जैसा भी कुछ हो सकता है। उसने या तो धोती पहनी होगी या पायजामा। आपपास जाते हैं उसके। उसे उम्मीदों से तकते हैं। पर अक्लमंद मुफ्त में आपके सवालों का जवाब दे दे तो वो खाक अक्लमंद हुआ। ऐसे में वो आपकी जेब टटोलता है। झोले की तलाशी लेता है। उसके ऐसा करते वक्त आप गाफिल रहें इसके लिए वो लच्छेदार बातों में उलझाता है आपको। डराता है। सब्जबाग दिखाता है। भरोसा दिलाता है। उसके आप बातों में आ ही जाते हैं। चल पड़ते है उसकी दिखाई दिशा में, पर उसके बताए घुमावदार रास्ते आपको कहीं नहीं ले जाते। भटकते हैं, आप। थकते हैं और फिर कोई और मिल जाता है आपको। वो जांचता परखता है आपको। तसल्ली देता है। सही रास्ता बताने का दावा करता है। अपने बताए रास्ते को ही सही ठहरता है। खुद ठग होता है और दूसरों को लुटेरा साबित करता है। आप फिर बातों मे आते हैं। फिर कहीं न पहुंचने वाला सफर आपके हिस्से आता है। पूछने भटकने का सिलसिला इसी तरह जारी रहता है और रास्ता बताने वाले मालदार होते जाते हैं। रास्ता बताने से चोखा काम और कुछ नहीं। हींग लगे न फिटकिरी वाला मामला। रास्ता पूछने वाला आमतौर पर हैरान परेशान होता है। डूब रहा होता है और तिनके का सहारा ढूंढता है। बहुत से रास्ता पूछने वाले शार्ट कट के चक्कर में भी होते हैं। ऐसे में रास्ता बताने वाला उम्मीद सा दिखता है उन्हें और वो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार बने रहते हैं। मजे की बात यह कि रास्ता बताने वाला खुद कहीं नहीं जाता। खुद अपने बताए रास्ते पर नहीं चलता। उसे खूब पता होता है कि उसका रास्ता बताना बस जबानी जमा खर्च है। उसके बताए रास्ते को कहीं पहुंचना ही नहीं है, पर यह धंधा है उसका। इसलिए वो बताता है रास्ता और इसके एवज में सामने वाले से दाम वसूल करता है।

क्या किया जाए ऐसे में? इस बारे में कभी किसी समझदार ने बताया था। अप्प दीपो भव:। अंधेरा हो तो खुद दिया बनने की सलाह है ये। पूछना क्यों है किसी से रास्ता? खुद से पूछकर भी मंजिल हासिल की जा सकती है और ऐसा न करना चाहे आप तो गूगल मैप किस मर्ज की दवा है कहां जाएं? कैसे जाएं? किस तरफ जाएं जैसे सवालों बाबत वह आपकी बाबा बैरागियों के बनिस्बत बेहतर मदद कर सकता है।

कैसा होगा आने वाला रामराज्य

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम थे और उनका राज्य आदर्श था, जिसे मुहाविरे की तरह प्रयुक्त किया जाता है। राम ने निकृष्ट माने जाने वाले कुत्ते की प्रार्थना पर समाज में सबसे श्रेष्ठ मान्य ब्राह्मण को भी दंड दे दिया था। राम 'सत्य संध' यानी सत्य का संधान करने वाले कहे गए हैं। उनके कुल की रीति थी 'प्राण जाइं पर वचन न जाई'। इधर अयोध्या में प्रधानमंत्री द्वारा गाजे-बाजे के साथ राम की नई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठित कर देने के बाद अब 'रामराज्य' आने की बात कही जा रही है। इसकी आहट हफ्ते भर के अंदर ही आना शुरू हो गई है। हालांकि यह त्रेता नहीं, कलियुग है, अतः उस और इस रामराज्य में गुणात्मक संशोधन किए गए हैं। दो उदाहरण प्रस्तुत हैं।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लालू यादव की राजद के साथ मिलकर सरकार चला रहे थे। कुछ समय पहले वे भाजपा से मिलकर सत्तारूढ़ थे। जब अंतर्विरोधों के चलते भाजपा और नीतीश अलग हुए तो भाजपा के राष्ट्रीय स्तर पर कर्ता-धर्ता गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि 'अब नीतीश के लिए भाजपा/एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यही नहीं नीतीश ने भी कहा था कि 'अब हम मरना पसंद करेंगे, लेकिन भाजपा के साथ नहीं जाएंगे'। इसके बावजूद दोनों ने अपने-अपने वचन भंग कर दिए और मिलकर सरकार बना ली। यानी अब जो रामराज्य स्थापित होगा, उसमें वचन पालन वाला अनुच्छेद डिलीट कर दिया जाएगा और सत्ता पर काबिज होना ही ध्येय होगा। दूसरा उदाहरण चंडीगढ़ का है, जो केंद्र शासित क्षेत्र है, यानी यहां शासन केंद्र का सत्तारूढ़ दल प्रशासक के माध्यम से शासन चलाता है। यहां मेयर का चुनाव हुआ जिसमें पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह नियुक्त किए गए, उपायुक्त द्वारा नामांकित नगर निगम सदस्य हैं और भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े रह चुके हैं। मेयर का चुनाव यहां जनता से नहीं पार्षदों द्वारा होता है। पार्षदों की संख्या 35 है। एक वोट सांसद का भी होता है, जो भाजपा की किरन खेर हैं। भाजपा के 14 पार्षद हैं और उन्हें अकाली दल के एकमात्र सदस्य का समर्थन प्राप्त था। इस तरह उनके मेयर प्रत्याशी को ईमानदारी से 16 मत मिल सकते थे। शेष 20 कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के थे, जो मिलकर यह चुनाव लड़े थे।

इस स्पष्ट गणित के होते हुए भी भाजपा के मेयर प्रत्याशी मनोज सोनकर विजयी घोषित हो गए। पीठासीन अधिकारी ने कांग्रेस+आप गठबंधन के आठ वोट अवैध घोषित कर दिए। कहा गया कि इन मत पत्रों में निशान लगे हैं जिससे ये वैध नहीं रहे। पराजित गठबंधन का आरोप है कि पीठासीन अधिकारी ने ही ये निशान लगा दिए और एक ऐसा वीडियो भी वायरल हुआ जिसमें अनिल मसीह कुछ लिखते हुए दिख रहे हैं। विवाद जारी है, किंतु प्रथम दृष्ट्या अन्याय हुआ साफ प्रतीत हो रहा है। खास तौर पर तब जब पीठासीन अधिकारी वह बने, जो एक प्रत्याशी की पार्टी का ही हो। इन नमूनों से आने वाले रामराज्य के स्वरूप की पदचाप स्पष्ट सुनाई दे रही है।

एक नजर

घरेलू कलह में युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में घरेलू कलह के चलते युवक ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। थाना क्षेत्र के कस्बा गवां के मुहल्ला होली चौक में बुधवार को रात एक युवक ने घरेलू कलह के चलते फंदे से लटक कर जान दे दी। गुरुवार को सुबह परिजनों ने युवक का शव कमरे में फंदे से लटका देखा तो चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

बालक पर बंदर ने किया हमला, घायल

संभल, अमृत विचार : कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर भंडी निवासी हसमुद्दीन का 8 वर्षीय बेटा अर्श गुरुवार की सुबह घर के दरवाजे पर खड़ा था। अचानक बंदर ने आकर अर्श पर हमला कर दिया। अर्श की चीख पुकार को सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और लाठी डंडे दिखाकर बंदर को भगाया। जिसके बाद परिजन अर्श को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया।

पुलिस ने तमंचे के साथ व्यक्ति किया गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में सिरसी में स्थित कर्बला मार्ग पर तिराहे के पास गुरुवार को संदिग्ध व्यक्ति खड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर संदिग्ध ने अपना नाम पता सिरसी के मुहल्ला शर्की निवासी अली शमशी उर्फ कामिल बताया। तलाशी लेने पर पुलिस को अली शमशी के पास से तमंचा बरामद हुआ। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर अली शमशी उर्फ कामिल का चालान कर दिया।

नरौली में एसपी ने किया पैदल मार्च

चन्दौसी, अमृत विचार : ज्ञानवापी फैसला आने को लेकर पुलिस अलर्ट है। गुरुवार की शाम एसपी कुलदीप सिंह गुनावत थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली पहुंचे। यहां पुलिस बल के साथ मुख्य बाजारों में पैदल मार्च किया और शांति व्यवस्था को लेकर लोगों से बातचीत भी की। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में भ्रमण कर माहौल का जायजा लिया। साथ ही पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थाना प्रभारी मोहित कुमार काजला, चौकी प्रभारी समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

संभल की खबरों पेज 14 पर भी

तीन बदमाश गिरफ्तार, लूटे गए 72 हजार रुपए व बाइक बरामद

26 जनवरी को लिफ्ट लेकर गाड़ी में बैठे बदमाशों ने दिया था घटना को अंजाम

संवाददाता, बहजोई (संभल)

अमृत विचार : गणतंत्र दिवस के दिन टाटा 407 में यात्री बनकर सवार हुए बदमाशों ने चालक को लूट लिया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उन से लूट का माल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि 26 जनवरी को टाटा 407 का चालक बहजोई निवासी कौशल अमरोहा जनपद के सैदनगली से आटा उतार कर व्यापारियों से 1 लाख 11 हजार 950 की नगदी लेकर वापस आ रहा था। रास्ते में लिफ्ट लेकर बैठे बदमाशों ने गांव किसौली के निकट गाड़ी को रुकवा कर 1 लाख 11 हजार 950 की नगदी लूट ली थी। पुलिस ने यात्री शेड के निकट से तीन संदिग्ध लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने लूट की वारदात में शामिल होने की बात कबूली। बदमाशों ने अपना नाम गिरीशपाल, हेमंत व सुभाष यादव निवासी गांव रजपुरा बताया। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए 72 हजार रुपए, लूट में प्रयुक्त बाइक, तमंचा, दो कारतूस व दो चाकू बरामद किए हैं।

गिरफ्तार बदमाश व घटना की जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत।

बदमाश पहले राइस मिल में ही करते थे काम

बहजोई। एसपी ने बताया कि लूट में शामिल बदमाश गिरीश पाल पहले बहजोई के एक राइस मिल में काम करता था। जिस राइस मिल के चालक को उन्होंने लूटा था। पूरी योजना बनाकर उन्हें पता था कि सैदनगली से आटा चावल देकर नगदी लाने का काम किया जाता है। इसी को लेकर वह गाड़ी में बैठ गए और लूट की घटना को अंजाम दिया। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र पवार व एसओजी टीम को पांच पांच हजार के इनाम की घोषणा की है।

बच्चों के विवाद में ग्रामीण को पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : संभल के रजपुरा थाना क्षेत्र में बच्चों के विवाद में ग्रामीण की पीटकर हत्या कर दी गई। ग्रामीण की हत्या से परिवार में कोहराम मच गया।

अलीगढ़ के गांव दादो निवासी शाकिर अली (42 वर्ष) पुत्र साबिर अली 20 साल से रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव जिंजौड़ा डांडा में ससुराल में रहकर जीवन यापन कर रहा था। गुरुवार को शाम करीब पांच बजे बच्चों के विवाद के चलते शाकिर अली और पड़ोसी वारिस अली के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में पथराव भी हुआ। जिसमें शाकिर अली गंभीर घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए लेकिन पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश्चंद्र ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई थी जिसमें शाकिर घायल हो गया था। इलाज को ले जाते समय उसकी मृत्यु हुई है। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

शौच के लिए खेत पर जा रहे किसान को गोली मारी, हालत गंभीर

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में शौच के लिए खेत पर जा रहे किसान को रंजिशन गोली मार दी गई। सीएचसी से घायल किसान को गंभीर हालत में अलीगढ़ रेफर किया गया। थाना क्षेत्र के गांव बुधोती फाजलपुर निवासी किसान भगवान सिंह (50 वर्ष) गुरुवार को शाम करीब चार बजे घर से शौच करने के लिए खेत पर जा रहा था। जैसे ही भगवान सिंह पंचायत घर के पास पहुंचा तो चार-पांच लोग आ गए। आरोप है कि रंजिशन एक व्यक्ति ने भगवान सिंह को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो आरोपी भाग गए। गोली लगने से घायल भगवान सिंह को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश यादव के अनुसार, पीछे से गोली मारी गई तो आगे निकल गई। भगवान सिंह को उपचार देकर अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर क्राइम सत्यविजय सिंह ने बताया कि ग्रामीण को गोली लगी है। परिजनों की तरफ से अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

चार दिन से बिजली गुल भड़के ग्रामीणों का प्रदर्शन

संभल, अमृत विचार : धनारी क्षेत्र के गांव दिनौरा में चार दिन से विद्युत आपूर्ति ठप है। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

गांव दिनौरा के विद्युत ट्रांसफार्मर का इंसुलेटर चार दिन पहले खराब हो गया था। जिससे करीब 50 घरों की बिजली गुल हो गई। अंधेरे में रह रहे ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर सही कराने की गुहार लगाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आक्रोशित ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रदर्शन कर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई।

ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलने के लिए कर्मियों पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप भी लगाया। इस दौरान जितेंद्र यादव, मुबीन आदि मौजूद रहे।

बारिश से बिगड़ा मौसम, गहराया बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : जनपद संभल में बुधवार को रात से शुरू हुई बारिश से मौसम बिगड़ गया। गुरुवार को सुबह तक बारिश होने के कारण कई क्षेत्रों में बिजली संकट गहरा गया। संभल डिवीजन क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में फाल्ट होने से बिजली गुल हुई तो लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई क्षेत्रों में 15 घंटों तक बिजली बाधित रही।

बुधवार को देरशाम से ही मौसम का मिजाज बदल गया था। बारिश शुरू हुई तो बाजारों और प्रमुख चौराहों से रौनक गायब होती गई। रात में बारिश के बीच ही तमाम लोगों ने गंतव्य का रुख किया। रातभर बारिश हुई तो शहर से देहात तक बिजली भी बाधित हो गई। गुरुवार को सुबह तक बारिश से सर्दी बढ़ गई। शहर में रोडवेज बस अड्डा परिसर में जलभराव हो गया। इससे यात्रियों को परेशानी हुई। हालांकि बारिश के कारण रोडवेज बसों में यात्रियों की संख्या कम रही। बहजोई मार्ग पर मुहल्ला नाला पर बारिश से सड़क में गड्ढे बन गए और जलभराव भी हुआ। इन्हीं गड्ढों से होकर वाहन गुजरे तो हादसे का अंदेशा बना रहा।

हल्लू सराय के निकट टूटी सड़क में भरा पानी। ● अमृत विचार

बरसात के बाद रोडवेज बस अड्डे में जलभराव। ● अमृत विचार

▸▸ बुधवार रात से शुरू हुई बारिश गुरुवार सुबह तक होती रही

बिजली बाधित होने पर परेशान हुए उपभोक्ता

संभल, अमृत विचार : बारिश के कारण बुधवार को रात जगह-जगह फाल्ट होने पर बिजली बाधित हुई। संभल तहसील बिजलीघर की बीसीबी में समस्या होने पर ट्रांसफार्मर ब्रेक डाउन हुआ तो कटरा बाजार, रायसत्ती फीडर भी प्रभावित हुए। दोनों फीडरों की बिजली गुरुवार को सुबह सुचारू कराई जा सकी जबकि बिजलीघर से बिजली आपूर्ति दोपहर बाद नॉर्मल हो सकी। वहीं हयातनगर बिजलीघर से जुड़े सरायतरीन, नवादा और देविका फीडरों की बिजली भी बाधित हुई। चौधरी सराय बिजलीघर के मनोकामना फीडर और रुकनुद्दीन सराय बिजलीघर में समस्या आई। वहीं देहात क्षेत्र के सैदपुर गंगू बिजलीघर की खरखौंदा बिजली लाइन में फाल्ट हुआ।

बारिश में गिरी छत, 7 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

अमृत विचार : गुन्नौर क्षेत्र में गुरुवार को तड़के बारिश के साथ तेज हवा में घर की सीमेंट की चादरों से बनी छत गिर गई। जिसमें दबने से महिलाओं, बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। घरेलू सामान को भी नुकसान हुआ। लोगों ने मलबा हटाकर घायलों को बाहर निकाला। निजी डॉक्टर से घायलों का उपचार कराया गया।

क्षेत्र के गांव घुघइया निवासी लायक सिंह के परिवार के आठ लोग बुधवार को रात कमरे में सो रहे थे। गुरुवार तड़के बारिश के साथ तेज हवा चली तो सीमेंट की चादरों से बनी छत जोरदार आवाज के साथ नीचे गिर गई। जिसके नीचे दबकर लायक सिंह की पत्नी बताशो देवी (48 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि कमरे में सो रहे लायक सिंह, बेटा विवेक, बेटी पिंकी, विवेक की पत्नी यशोदा, इसका बेटा कार्तिक व प्रिंस चोटिल हो गए। छत गिरने पर परिवार के लोगों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों ने मलबा को हटाकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों का निजी डॉक्टर से उपचार कराया गया। बताते चलें कि हादसे से परिवार के सामने सिर छिपाने का संकट खड़ा हो गया है।

बरसात व तेज हवा से उड़ा मकान का टिन शेड। ● अमृत विचार

▸▸ गुरुवार तड़के हुआ हादसा, लोगों ने मलबा हटाकर घायलों को निकाला

असमोली चीनी मिल ने किया 287 करोड़ रुपये का भुगतान

संभल/असमोली, अमृत विचार : असमोली चीनी मिल के महाप्रबंधक इंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि असमोली चीनी मिल ने पेराई सत्र के 85 दिनों में मंगलवार तक 89.80 लाख कुंतल गन्ने के पेराई की है।

जिसमें चीनी मिल ने 18 जनवरी तक खरीदे गए गन्ने का 287 करोड़ रुपये का भुगतान समितियों के माध्यम से किसानों के खाते में भेज दिया है। महाप्रबंधक ने बताया कि चीनी मिल की पेराई क्षमता में विस्तार किया गया है। इसलिए किसान अधिक अधिक गन्ने की बुवाई करें। उन्होंने कहा कि धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स किसानों की तरक्की के लिए लगातार काम कर रही है।

स्कूल से गैर हाजिर रहने पर दो शिक्षक निलंबित

संवाददाता, बहजोई

▸▸ दो टैबलेट में से एक गायब होने के मामले में इंचार्ज अध्यापक सस्पेंड

अमृत विचार : डिजिटल कार्य के लिए दिए गए टैबलेट के गायब होने के मामले में बीएसए ने इंचार्ज अध्यापक को निलंबित कर दिया है। वहीं दूसरे स्कूल में बिना सूचना के लगातार गायब रहने वाले सहायक अध्यापक को भी निलंबित किया गया है। बीएसए ने दोनों की अंतिम जांच खंड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी है।

विकासखंड बनियाखेड़ा में प्राथमिक विद्यालय रुस्तमपुर उगिया के लिए दो टैबलेट इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार यादव को 28 दिसंबर 2023 को ब्लॉक संसाधन केंद्र बनियाखेड़ा से दिये गए थे। इंचार्ज अध्यापक ने एक टैबलेट गायब कर दिया। जांच की गई तो सामने आया कि लापरवाही बरतकर इंचार्ज अध्यापक ने जानबूझकर टैबलेट को गुम कर दिया। बीएसए ने जांच में दोषी पाते हुए सुबोध कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं दूसरी ओर विकासखंड जुनावई के प्राथमिक विद्यालय ललरोई में तैनात सहायक अध्यापक अरविंद कुमार खंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में लगातार गैर हाजिर मिल रहे थे। बिना किसी सूचना के अक्सर वह विद्यालय से चले जाते थे। समय से विद्यालय में कभी भी उपस्थित नहीं हुए। खंड शिक्षा अधिकारी की जांच प्रेषित किए जाने के बाद बीएसए चंद्रशेखर ने उन्हें भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

नुकसान खेतों में पानी भरा होने से सड़ जाएगा आलू, लग जाएगा झुलसा रोग

बारिश से स्ट्रॉबेरी व आलू की फसल को नुकसान, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

अमृत विचार : बेमौसम बारिश से किसी फसल को फायदा हुआ है तो किसी फसल को नुकसान है। स्ट्रॉबेरी व आलू की फसल को नुकसान को लेकर किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि खेतों में पानी भरा होने से स्ट्राबेरी खराब हो जायेगी। वहीं आलू सड़ जाएगा और झुलसा रोग लगने का खतरा भी बढ़ा है।

बुधवार को रात से हुई बारिश गुरुवार को दोपहर तक होती रही। किसानों का मानना है कि बारिश से गेहूं की फसल को फायदा हुआ है तो आलू की फसल में पानी भर जाने से फसल के सड़ने की आशंका है। बताते चलें कि पंवासा विकास खंड के गांव सौंधन मोहम्मदपुर, गौंहत, सिहाबली, नारंगपुर, सारंगपुर, अमावती, लधनपुर, चाचूनागल, शकरपुर, तारनपुर कैला देवी आदि में बारिश होने से आलू की फसल प्रभावित हुई है। वहीं तेज हवा के कारण सरसों की फसल गिर गई है। जिससे किसानों में चिंता का माहौल बना है। वहीं संभल नगर के आसपास स्ट्राबेरी की खेती करने वाले किसान भी परेशान हैं। अब और बरसात हुई तो स्ट्राबेरी खराब हो सकती है।

संभल के गांव में बरसात के बाद आलू की फसल। ● अमृत विचार

बेमौसम बारिश से आलू की फसल में काफी नुकसान हुआ है। आलू की फसल सड़ जाएगी। पक्के के आलू लगाए थे और अब हालात बदले हैं तो लागत भी नहीं मिलेगी।

-कर्रू, सौंधन

बेमौसम बारिश से आलू की फसल पर ज्यादा प्रभाव पड़ा है। आलू फसल में झुलसा रोग का खतरा बना है। लगता है कि इस बार फसल को काफी नुकसान होगा।

-महेश, सिहाबली

लगातार हो रही बारिश से किसानों की चिंता बढ़ी

चन्दौसी, अमृत विचार : बुधवार की शाम से गुरुवार की दोपहर बाद तक हुई लगातार बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान की आशंका बन गई है। गेहूं और सरसों की फसल को देख किसानों को चिंता सता रही है कि कहीं ओलावृष्टि के साथ फिर बारिश हुई तो लागत भी हाथ नहीं लगेगी। वहीं कृषि विभाग सरसों का फूल गिरने से कुछ नुकसान की संभावना जता रहा है। गेहूं को नुकसान नहीं होगा। इन दिनों खेतों में गेहूं और सरसों की फसल लहलहा रही है। पंद्रह घंटे लगातार हुई बारिश से जिनके गेहूं का पौधा बड़ा था वह खेत में बिछ गया। कहीं-कहीं सरसों व लेहटा की फसल भी खेतों में बिछ गई। सरसों व लेहटा के पौधे पर आ रहा फूल भी झड़ने लगा है। रामरायपुर गमटिया गांव के किसान ब्रजपाल सिंह ने बताया कि खेत में बारिश का पानी भरने से गेहूं का पौधा पीला पड़ने की आशंका बन गई है। क्योंकि पौधा अभी छोटा है। वहीं सरसों की फसल को ज्यादा नुकसान होने का अनुमान है।

गेहूं का पौधा अभी छोटा है। जिससे फसल को नुकसान नहीं होगा। जिनके खेतों में गेहूं का पौधा बड़ा है और खेत में बिछ गया है, उन्हें ही खेत में पानी भरने से नुकसान हो सकता है। सरसों के पौधे से फूल झड़ने की बात सामने आ रही है। जिससे नुकसान हो सकता है। फिलहाल ये बारिश फसलों के लिए नुकसानदायक नहीं है। इससे माहू कीट भी खत्म हो जाएगा।

-प्रबोध कुमार मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी।

सार संक्षेप

नाली में बेहोश पड़ा मिला ग्रामीण

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला महमूद खां सराय में नखासा चौराहे के पास स्थित नाली में गुरुवार को नशे की हालत में एक व्यक्ति बेहोश पड़ा हुआ था। व्यक्ति को नाली में पड़ा देखकर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और व्यक्ति की पहचान कराने की कोशिश की लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने व्यक्ति को पहचानने से मना कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने उपचार के लिए व्यक्ति को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टर को उपचार करते समय व्यक्ति की शर्ट की जेब में आधार कार्ड मिला। जिसमें नखासा थाना क्षेत्र के गांव मेहराना निवासी मोहित लिखा था।

घरेलू विवाद में दो महिलाएं घायल

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पंजू सराय निवासी इंतखाब आलम की पत्नी रिजवाना गुरुवार को घरेलू विवाद के चलते अपनी सास मेहराज जहां पत्नी हसीन अहमद के साथ गाली गलौज कर रही थी। गाली गलौज होती देखकर रिजवाना की देवरानी समरीन पत्नी सलमान व जेठानी रानी पत्नी कासिम भी छत से उतरकर मौके पर आ गईं। आरोप है कि सास से गाली गलौज करने से मना किया तो रिजवाना ने मारपीट करते हुए रानी के कानों से बाली भी खींच ली और भगौना मारकर समरीन व रानी को घायल कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने समरीन व रानी का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया।

धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम में शामिल लोग। ● अमृत विचार

धर्म रक्षा के लिए जारी रखना होगा संघर्ष

बबराला, अमृत विचार : विहिप के धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम में प्रांत गोरक्षा प्रमुख घनश्याम ने कहा कि विहिप की स्थापना वर्ष 1964 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन हुई थी। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं के वर्षों के अथक प्रयास, समर्पण और बलिदान से मिलीं उपलब्धियों पर चर्चा की। कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में श्रीराम लला की प्रतिष्ठा ने सनातनियों की संगठन शक्ति का प्रदर्शन किया है। धर्म रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखना होगा। विभाग धर्म प्रसार प्रमुख रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि संगठन की अर्थव्यवस्था के लिए वर्ष में एक बार ही हिन्दू परिवारों से धर्म रक्षा के लिए धर्म रक्षा निधि कार्यक्रम होता है। धर्म रक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम 18 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, स्वामी सुखदेवानंद, डॉ. पंकज, प्रमोद शर्मा, नेम सिंह, महेंद्र, यशपाल, हरि बाबू, शोभित शर्मा आदि मौजूद रहे।

बदमाशों ने किसान से लूटे 27 हजार रुपए और मोबाइल

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में डीएसएम शुगर मिल में गन्ना बेचकर पैदल घर लौट रहे किसान से बाइक सवार तीन बदमाशों ने डरा धमकाकर 27 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया। किसान ने घटना की तहरीर थाना पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के गांव डुप्टा खुर्द निवासी सतीश कुमार पुत्र हरज्ञान सिंह बुधवार को शाम डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में गन्ना डालने के बाद पैदल ही घर लौटने लगा। जैसे ही सतीश कुमार रजपुरा-जिंजौड़ा डांडा लिंक मार्ग पर गांव सेमरी से आगे ईंट भट्ठे के पास पहुंचा तो बाइक सवार तीन बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने किसान से 27 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया। घटना को अंजाम देकर बदमाश बाइक से भाग गए। सतीश कुमार ने घटना के बारे में परिजनों को बताया। जिसके बाद रजपुरा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।

प्रशिक्षण में मौजूद केंद्र व्यवस्थापक। ● अमृत विचार

बोर्ड परीक्षा नकल विहीन कराने के दिए टिप्स

संभल, अमृत विचार : यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर परीक्षा को शांतिपूर्वक एवं नकलविहीन संपन्न कराने के लिए जनपद संभल के केंद्र व्यवस्थापकों/प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें केंद्र व्यवस्थापकों को कई बिंदुओं की बारीकी से जानकारी देते हुए परीक्षा को नकलविहीन कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक वेदराम की अध्यक्षता में आयोजित हुए प्रशिक्षण में प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय बरेली दिनेश कुमार शर्मा, ट्रेनर प्रधानाचार्य शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज नरेंद्र सिंह वर्तवाल और प्रवक्ता पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माध्यमिक इंटर कॉलेज राजपुर, प्रधानाचार्य श्री जी सुखराम यादव इंटर कॉलेज सौंधन मोहम्मदपुर नीरज कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन सीपी सिंह ने केंद्र व्यवस्थापकों/प्रधानाचार्यों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी दी। बताया कि परीक्षा के दौरान किन बातों का ध्यान रखना है और किस तरह से परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराना है। मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह सोलंकी और कॉलेज स्टाफ का सहयोग रहा।

अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बिगड़े मौसम में भी अंडरपास के लिए धरने पर डटे किसान

संभल, अमृत विचार : बेमौसम बारिश और शीतलहर के बावजूद किसान अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरने पर डटे रहे। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए जोरशोर से मांग उठाई। भाकियू असली के पदाधिकारियों ने भी किसानों की हौसला अफजाई की। भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले गांव भटौला में अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर नवें दिन भी किसानों का धरना जारी रहा। हालांकि बारिश और शीतलहर के कारण टेंट एवं कपड़े भी भीग गए लेकिन किसानों का हौसला कम नहीं हुआ। भाकियू जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव और जयवीर सिंह यादव किसानों के बीच पहुंचे। उन्होंने किसानों की हौसला अफजाई की। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने किसानों से अंडरपास निर्माण का काम शुरू होने तक धरने पर डटे रहने की अपील की। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए अंडरपास निर्माण कराने की मांग उठाई। इस दौरान नवाब सिंह यादव, मोहम्मद राहिद, गनपत सिंह, अमरपाल सिंह, अमर सिंह, चंद्रप्रकाश, वेदप्रकाश, मुख्तार अहमद, वीर सिंह, पातीराम, अशोक कुमार, सुरेश कुमार सैनी, रामकिशन, कृपाली, श्योराज सिंह, सोमपाल सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : थाना धनारी क्षेत्र में गुरुवार को दोपहर के समय पॉक्सो एक्ट में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप गुनावत के निर्देश पर अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने हरि सिंह निवासी रामनगर उर्फ़ कनुआ नगला को गिरफ्तार कर लिया।

एक नजर

भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा आज

चन्दौसी, अमृत विचार : मिलक मौलागढ़ स्थित आरएस इंटर कालेज की इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा दो फरवरी दिन शुक्रवार को प्रात: 10 बजे से विद्यालय परिसर में होगी। ये जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य दिनेश पाल सिंह ने संबन्धित विद्यार्थियों से समय से विद्यालय में उपस्थित होने को कहा है।

पदमाकर के निधन पर शोक संवेदना जताई

चन्दौसी, अमृत विचार : मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा प्रहरी की एक शोक सभा घंटाघर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें संगठन के नगर संरक्षक डॉ. योगेंद्र मोहन शास्त्री के अग्रज पदमाकर शर्मा के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। दो मिनट का मौन धारण कर आत्म शांति और दुखी परिवार को शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजेश सिंह चौहान ने कहा कि पदमाकर शर्मा सहज, सरल, सामाजिक एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व थे। इस दौरान विनय कुमार, क्षेम प्रकाश, सुभाष भोले नाथ, रमेश आर्य, केजी गुप्ता, जगदीश राना, अरुण शर्मा, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

आयकर में नहीं मिली छूट, व्यापारियों को राहत

लखपति दीदी योजना का लक्ष्य बढ़ाने की सराहना, दो करोड़ मकान की योजना स्वागत योग्य

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को लेकर किसी वर्ग की उम्मीद पूरी हुई तो किसी वर्ग के हाथ निराशा लगी है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर लखपति दीदी योजना का लक्ष्य बढ़ाने की सराहना की गई है तो आयकर में ज्यादा छूट नहीं मिलने के कारण बड़ा वर्ग मायूस है। किसी तरह का नया कर नहीं लगाने को लेकर व्यापारी राहत महसूस कर रहे हैं। अमृत विचार ने कई वर्गों के लोगों से बजट को लेकर प्रतिक्रिया ली तो उन्होंने बेबाक होकर अपनी बात रखी।

संभल में टेलीविजन पर बजट का प्रसारण देखते लोग। ● अमृत विचार

लखपति दीदी और आवास योजना का दायरा बढ़ा है। व्यापारियों पर कोई अतिरिक्त कर नहीं लगा है। अगर आयकर में छूट का दायरा बढ़ता तो ज्यादा सही होता। चुनाव से पूर्व ऐसी किसी भी स्कीम की घोषणा नहीं की है जिससे देश के बजट पर बोझ पड़े।

–अजय, तंबाकू व्यापारी, बहजोई

व्यापारियों को आयकर में ज्यादा छूट देनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। व्यापारियों के लिहाज से बजट सही नहीं है। सरकार ने कोई नया कर लगाकर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला है। जिसका स्वागत किया जाता है।

–अमित वार्ष्णेय, डीआर व्यापारी, बहजोई

हाउसिंग स्कीम से लोगों का घर का सपना पूरा होगा। मध्यम वर्ग को और सहूलियत देनी चाहिए थीं। रसोई गैस का मूल्य कम नहीं होने से निराशा मिली है। लखपति दीदी योजना का लक्ष्य 3 करोड़ करना महिलाओं के लिए तोहफा है।

– ममता वार्ष्णेय, गृहिणी, बबराला

बजट भविष्य की मजबूत योजनाओं का बजट है। इंफ्रास्ट्रचर की मजबूती के लिए 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर मजबूत अर्थव्यवस्था का बजट है। किसानों को सशक्त बनाने के साथ-साथ विकसित भारत का रोडमैप है।

–अभिनीत माथुर, अधिवक्ता जीएसटी एवं इनकम टैक्स

▸▸ किसी की उम्मीद पूरी हुई तो किसी वर्ग के हाथ लगी निराशा

भाजपा सरकार ने मध्यम वर्ग को फिर ठेंगा दिखाकर आयकर में कोई राहत नहीं दी। किसानों की आय बढ़ाने और बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं किया। क्या ये सिर्फ चुनावी बजट है? देश को राहत चाहिए थी, भाषण नहीं।

–पिंकी यादव, विधायक असमोली

बजट रोजगार उन्मुखी, विकास को समर्पित रहा। कृषि क्षेत्र पर विशेष फोकस किया है। आयकर सीमा यथावत रखी है बेहतर होता कि बढ़ाया जाता। ईवी, सोलर क्षेत्र के विकास की रूपरेखा बनी है। दो करोड़ मकान की योजना स्वागत योग्य है।

–संजय सांख्यधर, वरिष्ठ भाजपा नेता

कारपोरेट टैक्स घटा, स्टार्टअप के लिए टैक्स में छूट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024-25 पेश किया। बजट में इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नये ऐलान से भी परहेज किया गया है। आयकर छूट सात लाख रुपये एक मुश्त करने से कुछ व्यापारी ही लाभांवित हो सकेंगे। जबकि कारपोरेट टैक्स घटा कर 22 प्रतिशत किया गया है। स्टार्टअप के लिए टैक्स छूट एक साल बढ़ा दी गई है।

बजट से आयकरदाताओं को राहत की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हालांकि बजट में नई परियोजनाओं की शुरुआत की बात कही गई है, साथ ही पर्यटन को बढ़ावा दिया गया है। लघु उद्योगों को आधुनिक बनाने पर जोर दिया गया है। महिलाओं के लिए लखपति दीदी और किसानों को साधने का प्रयास हुआ है। कुल मिला कर अंतरिम बजट किसी ने सराहा तो किसी की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

आयकर दाताओं को इस बजट में कोई भी राहत न मिलने से मध्यम वर्ग को निराशा हुई है। इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जबकि चुनावी वर्ष होने के कारण लोगों को आशा थी कि टैक्स स्लैब में बदलाव के साथ कर की दर में भी कमी होगी। इस अंतरिम बजट के बाद जुलाई में जब नई सरकार के द्वारा पूर्ण बजट पेश होगा तो आशा है बढ़ते खर्चों को ध्यान में रखकर सरकार कुछ राहत प्रदान करेगी।

–मुनेन्द्र पाल वार्ष्णेय, सेवानिवृत बैंक कर्मी।

अंतरिम बजट में कोई नये ऐलान नहीं किए गए हैं। सबकुछ पुराना है। खास कर आयकर में किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। सात लाख तक की आय वाले व्यापारियों को ही लाभ मिल सकेगा। जबकि ये चुनावी साल होने से इस बार बजट से काफी उम्मीदें थीं। फिलहाल महिलाओं और किसानों को साधने का प्रयास किया गया है।

–मनोज वार्ष्णेय, व्यापारी।

मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट में सबका साथ - सबका विकास मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे सभी गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों का ख्याल रखा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का विस्तार किया है। जिससे हर परिवार को लाभ पहुंचेगा। बजट स्वागत योग्य है।

–डॉ. टीएस पाल, चिकित्सक।

अंतरिम बजट सामान्य है। आयकर छूट सात लाख रुपये एक मुश्त करने से कुछ व्यापारी लाभ ले सकेंगे। बजट महिलाओं के लिए लखपति दीदी व किसानों के लिए योजनाएं लाकर विकास की ओर इशारा करता है।

–अरविंद कुमार गुप्ता, व्यापारी।

बजट में मध्यम वर्ग के लिए कोई विशेष योजना नहीं लागू की गई। आयकर छूट सीमा में भी कोई राहत नहीं दी गई है। भविष्य के लिए कोई योजना मध्यम वर्गीय व्यापारियों के लिए लागू नहीं की गई।

–उमेश चंद्र वार्ष्णेय, व्यापारी।

बजट में देश की विकास की मुख्य रीढ़ युवा शक्ति के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत बड़ी धनराशि रखी गई है। जिससे नया स्टार्टअप से युवा पीढ़ी देश का विकास करेगी।

–प्रेम ग्रोवर, व्यापारी।

श्रीमद् भागवत कथा में सती के चरित्र का प्रसंग सुनाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर के गीता सत्संग भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान आयोजित भजनों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। जयकारे भी गूंजते रहे।

कथा वाचक योगी हितेश्वर नाथ ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान ना हो। यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाह होना पड़ा।

कथा वाचक योगी हितेश्वर नाथ।

उत्तानपाद के वंश में ध्रुव के चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया। कहा कि भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। भक्त प्रहलाद चरित्र एवं हिरण्यकश्यप वध का मार्मिक वर्णन किया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल शर्मा, शोभा शर्मा, वंदना गुप्ता, डॉली गोयल, श्वेता गुप्ता, अनमोल, शिखर, निशि पाठक, मोनिका मिश्रा समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।

सार संक्षेप

अवैध शस्त्र के आरोपी को जेल में बिताई अवधि की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय जेएम द्वितीय संभल ने आर्म्स एक्ट थाना नखासा जनपद संभल के आरोपी सीताराम पुत्र रघुवीर निवासी बराही थाना नखासा को दोषी करार देते हुए (जेल में बिताई अवधि) तीन दिवस के कारावास व 800 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। सजा कराए जाने में एपीओ अभय साहू का सहयोग रहा।

एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को 15 माह की सजा

चन्दौसी, अमृत विचार : न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुरादाबाद ने गुरुवार को एनडीपीएस एक्ट थाना संभल के अभियुक्त शाने आलम पुत्र यामीन निवासी मोहल्ला हिलाली सराय थाना नखासा जनपद संभल को दोषी करार देते हुए 15 माह का कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। सजा दिलाए जाने में एडीजीसी दिनेश कुमार का सहयोग रहा।

राज्यमंत्री के प्रतिनिधि चंद्रसैन दिवाकर का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

प्रधान सहित कई लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बाबई में ग्राम प्रधान सहित कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसमें राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि चंद्रसेन दिवाकर ने लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। चंद्रसैन दिवाकर ने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेश के अनुसार ज्यादा से ज्यादा लोगों से नमो ऐप डाउन लोड कराएं। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में सबको जानकारी दी। ताकि जरुरतमंदों लोग सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। कहा कि लोकसभा का चुनाव निकट है, इसलिए सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने-अपने बूथों को मजबूर कर लें। क्योंकि चुनाव की जीत का रास्ता बूथों से होकर ही गुजरता है। घर-घर जाकर भाजपा की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नाजिम अली सहित काफी संख्या लोग मौजूद रहे।

प्रभात फेरी के दौरान भजन गाती कीर्तन मंडली। ● अमृत विचार

बैंड बाजे व भजन कीर्तन के साथ निकाली प्रभात फेरी

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत नरौली में बाबा जाहरवीर मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई। माह माघ में हर वर्ष की भांति इस बार भी बाबा जाहरवीर मंदिर के पुजारी किशन पाल के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली जा रही है। बुधवार की सुबह पांच बजे बैंड बाजे व भजन कीर्तन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें लोग भजन कीर्तन करते चल रहे थे। मोहल्ला साहूकारा में प्रभात फेरी में शामिल लोगों को जलपान कराया गया। प्रभात फेरी जाहरवीर मंदिर से मोहल्ला मकुपुरा, धीमरवाली पुलिया, पीपल वाला, मेन मार्केट, साहूकारा, लक्ष्मी नारायण मंदिर होते हुए पुन: मंदिर पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान राजेश गुप्ता, किशन लाल, सुरेश कुमार, रोशन कुमार, विजय गुप्ता, प्रदीप कुमार, नीरज गुप्ता, अशोक गुप्ता, सुशील गुप्ता, मोहित गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, राहुल गुप्ता, शिवम गुप्ता, अंशु गुप्ता, संजीव कुमार, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के चलते आज बाधित रहेगी बिजली

संभल, अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र रायसत्ती पर पांच एमवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा जाना है। जिस कारण शुक्रवार को बिजली आपूर्ति का संकट रहेगा।

एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह ने बताया कि पांच एमवीए ट्रांसफार्मर को हटाकर 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर के लिए फाउंडेशन तैयार कराया जाएगा। जिसके बाद अधिक क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा जाएगा। शुक्रवार को सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली बाधित रहेगी। जबकि काम पूरा होने तक तीन से चार दिन तक अलग-अलग समय में क्षेत्र को बिजली दी जाएगी।

डीएम ने विद्यार्थियों को खिलाई एल्बेंडाजोल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : बनियाखेड़ा के गांव मौलागढ़ स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आरंभ बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर किया गया। इसके साथ ही अन्य स्कूलों व कालेजों में भी बच्चों को ऐल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।

मौलागढ़ के प्राथमिक विद्यालय में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई कर उन्हें कृमि मुक्ति के संबंध में जानकारी दी। साथ ही बच्चों को संक्रमण से बचाव, साफ-सफाई रखने, नाखून साफ व छोटे रखने, फल-सब्जी को धोकर सेवन करने, नियमित रूप से स्नान करने व घर व आसपास साफ सफाई रखने को प्रेरित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. तरन्नुम रजा ने बच्चों से संवाद किया। जिसमें स्वच्छ पेयजल पीने व घर व आसपास साफ-सफाई रखने की बात कही। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पंकज कुमार विश्नोई, बीएसए चंद्रशेखर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार राठौर, मनु तेवतिया, दीन दयाल, डॉ. विश्वास अग्रवाल, सीडीपीओ रचना यादव, अरुण कुमार सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। इसके अलावा एसएम इंटर कालेज समेत शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेजों में स्कूली बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई गई। सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह ने बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाई और कृमि के बारे में जानकारी दी।

एसएम इंटर कालेज में एल्बेंडाजोल की गोली खिलाते शिक्षक।

कृमि के बारे में जानकारी देते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरवेंद्र सिंह।

▸▸ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर साफ-सफाई को लेकर किया प्रेरित

आफत की बारिश पंचशील कॉलोनी समेत कई मोहल्लों में जल भराव से हुई दिक्कत, आवागमन रहा प्रभावित

बारिश से नाले हुए लबालब, सड़कों पर जलभराव

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : देर रात से हो रही बारिश से सड़कों पर जलभराव हो गया। जिससे लोगों को बाहर निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा और जलभराव से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ा। बारिश के कारण छोटे बच्चे स्कूल नहीं गए। गुरुवार की शाम बारिश रुकने पर लोगों ने राहत महसूस की।

बुधवार की शाम से शुरू हुई रिमझिम बारिश गुरुवार की दोपहर तक जारी रही। बारिश होने से शहर की अधिकांश सड़कों पर जलभराव हो गया। जिससे पंचशील कॉलोनी, विकास नगर, स्टेशन रोड, शक्ति नगर, मुंसिफ रोड, गोशाला रोड, आवास विकास कॉलोनी, सीता रोड, फड़याई बाजार, सुभाष रोड, एफआर रोड, कागजी मोहल्ला, एवन टेलर वाली गली, सीकरी गेट, जारई गेट, रामस्वरूप रोड आदि क्षेत्रों में जलभराव हो गया। लोगों को सड़कों पर भरे गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। गुरुवार की दोपहर बारिश रुकने पर लोगों ने राहत महसूस ही। शाम को सड़कों से पानी उतरने पर आवाजारी शुरु हो सकी।

बारिश से स्टेशन रोड पर हुए जलभराव से गुजरते वाहन।

एफआर रोड पर बारिश का जमा पानी। ● अमृत विचार

बारिश के चलते स्कूलों की हुई छुट्टी

चन्दौसी, अमृत विचार : गुरुवार की सुबह बारिश होने के कारण कुछ स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया। क्योंकि बारिश होने से सड़कों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जिससे बच्चों को स्कूली आने में परेशानी का सामना करना पड़ता। इसको देखते हुए कक्षा आठ तक के कुछ विद्यालयों में बारिश को देखते हुए छुट्टी रही।

हनुमानगढी फीडर क्षेत्र में गहराया पेयजल संकट

चन्दौसी, अमृत विचार : हनुमानगढ़ी फीडर पर मरम्मत व नए पोल व तार लगाने के चलते सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। जिससे बड़े क्षेत्र में लोगों को पेयजलापूर्ति को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर पालिका की टोटियों में पानी नहीं आया। विभाग की ओर से एक दिन पहले ही बता दिया गया कि गुरुवार की सुबह दस बजे से शाम पांच बजे विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी। जिससे हनुमानगढ़ी गढ़ी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली गुल रही। गुरुवार की सुबह से हो रही बारिश और बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं लोगों ने दस बजे से पहले ही मोटर चला कर पालिका की पाइप लाइन से पेयजल लेना चाहा तो पालिका की टोटियों ने पानी नहीं था।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

एक नजर

डीएम ने दिए अवैध होर्डिंग व यूनीपोल हटाने के निर्देश

बिजनौर, अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को महात्मा विदुर सभागार में जिला सड़क समिति की बैठक की। उन्होंने लोनिवि, पुलिस एवं अन्य सड़क से संबंधित अधिकारियों को संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर हादसों के कारणों की जांच करने के निर्देश दिए। कहा कि ब्लेक स्पॉट सहित सभी हादसाग्रस्त स्थानों पर हादसे रोकने के लिए आवश्यक उपाय किए जाएं। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में कोई भी वाहन बिना फिटनेस सड़क पर नहीं चलना चाहिए। लोनिवि एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित अधिकारियों को अवैध रूप से लगे होर्डिंग एवं यूनीपोल हटवाने तथा इनके स्वामियों को नोटिस जारी करने को कहा। 18 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा ड्राइविंग करने पर चालान करने को कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव बाजपेयी, जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञा कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी जयकरण यादव, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी शादाब खान आदि मौजूद रहे।

ओलावृष्टि से सफेद चादर सी दिखी सड़कें, गेहूं की फसल को नुकसान

17 मिलीमीटर बारिश की गई दर्ज, बुखारा बिजलीघर पर गिरी आकाशीय बिजली

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : बृहस्पतिवार को दोपहर बाद पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद नगर में भी 17 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस दौरान ओलावृष्टि भी हुई। इससे गेहूं की फसल को 15 प्रतिशत तक नुकसान पहुंचाने की आशंका जताई जा रही है। उधर बिजनौर नगर के बुखारा बिजलीघर पर आकाशीय बिजली गिरने से करीब आधे नगर की विद्युत सप्लाई ठप हो गई।

बृहस्पतिवार की सुबह से ही बर्फीली हवा चलने के कारण मौसम में ठंडक बनी है। दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आकाश में घने बादल छा गए और बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब चार बजे आसमान से बारिश के साथ ओले बरसने लगे। करीब 10 मिनट तक जमकर ओलावृष्टि हुई। इस दौरान बाजारों में मौजूद लोग इधर-उधर आसरा तलाशने लगे। ओलावृष्टि से सड़कें सफेद चादर की तरह दिखने लगीं। खेतों में भी ओलों की पर्त सी जम गई।

नगीना में सड़क व खेत में बिछी ओलों की सफेद चादर। ● अमृत विचार

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. केके सिंह के अनुसार ओलावृष्टि से गेहूं की फसल करीब 15 प्रतिशत बाली टूट कर गिर गई होगी। कृषि अनुसंधान मौसम वेधशाला के प्रेक्षक सतीश कुमार के अनुसार मौसम में आद्रता बढ़ी है। आकाश में बादल घिरे हुए हैं। इसके कारण मौसम खराब रहने और तेज बारिश की संभावना है। इसके अलावा चंदक, नहटौर, नजीबाबाद, धामपुर, शेरकोट, नूरपुर, चांदपुर, स्योहारा, बढ़ापुर, अफजलगढ़, रायपुर, मंडावर, भागूवाला, नागल सोती आदि क्षेत्रो में भी ओलावृष्टि से किसानों की बेचैनी बढ़ गई। सरसों की फसल में अधिक नुकसान होने का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है।

अंतिम संस्कार में शामिल होने आया युवक गंगा में डूबा, तलाश जारी

बिजनौर, अमृत विचार : नांगल सोती निवासी एक युवक की गंगा में डूब गया। वह अंतिम संस्कार में शामिल होने आया था। युवक की तलाश की जा रही है। देर शाम तक उसका पता नहीं लग सका था।

गांव नांगल सोती इस्माइलपुर निवासी महेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। परिजन उनका अंतिम संस्कार करने के लिए बुधवार की दोपहर नांगल सोती घाट पर गए थे। इस दौरान सत्येंद्र उर्फ मोटा (45) गंगा में गहरे जल में नहाने चला गया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो लोगों ने शोर मचा दिया। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने सत्येंद्र को काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

इसके बाद परिजनों ने नांगल थानाध्यक्ष अशोक कमार को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष ने एसडीआरएफ को जानकारी दी। गुरुवार सुबह एसडीआरएफ ने भी सतेंद्र की काफी तलाश की मगर उसका पता नहीं चला।

सार संक्षेप

घटनास्थल का निरीक्षण करते सीओ सर्वम सिंह। ● अमृत विचार

भाजपा नेता के घर से लाखों की नगदी चोरी

स्योहारा, अमृत विचार : बुढ़नपुर में भाजपा नेता प्रिंस चौधरी के घर से लाखों रुपये की नगदी चोरी हो गई। सीओ व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की है। भाजपा नेता के बुढ़नपुर स्थित मकान में माता-पिता और नौकर रहते हैं। गुरुवार सुबह आंख खुलने पर पता चला कि एक कमरे का ताला टूटा हुआ है। इसमें रखी लाखों रुपये गायब थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर सीओ सर्वम सिंह व प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मर्छाल ने बताया की घटना की जांच की जा रही है।

बच्चों के विवाद में दो समुदायों में पथराव, पांच नामजद

अफजलगढ़, अमृत विचार : नगर में बच्चों के बीच मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई। इसमें एक किशोरी समेत तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल, सीओ अर्चना सिंह व कोतवाल राजकुमार सरोज घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। मौके पर पुलिस तैनात कर दी गई है। गुरुवार की शाम करीब साढ़े सात बजे मुहल्ला गौहर अली खां में दो समुदायों के बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद विवाद हो गया। बच्चों के बीच हुए झगड़े में दो समुदाय आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में गाली-गलौच होने लगी। इसी बीच किसी युवक ने पत्थर मार दिया। इसके बाद दोनों ओर जमकर पथराव शुरू हो गया। इससे मुहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान किशोरी नमरा अंजुम घायल हो गई। जबकि दो लोग मामूली रूप से चोटिल हो गए। घायल किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पथराव की सूचना मिलते ही एसपी पूर्वी, सीओ व कोतवाल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने किसी तरह हालात पर काबू पाया। पुलिस ने मुहल्ला गौहर अली खां निवासी रेशव बाल्मीकि की तहरीर पर मुकीम, अदनान, सलमान, तहसीम तथा कादिर आदि के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे पक्ष के नौशाद की ओर से भी पुलिस को तहरीर देने की बात कही गई है। कोतवाल ने बताया कि बाल्मीकि समाज पक्ष के रेशव की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात कर दी गई है।

वाहनों से बैट्री व अन्य सामान चुराया

बिजनौर, अमृत विचार : बुधवार की रात मुहल्ला खत्रियान स्थित कांशीराम कॉलोनी और रामलीला मैदान में खड़े वाहनों से चोर बैट्री और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गया। सुबह लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। रामलीला मैदान के पास एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की करतूत कैद हो गई। इसके आधार पर पुलिस चोर की शिनाख्त और तलाश में लग गयी है।

उपजिलाधिकारी ने किया गोशाला का निरीक्षण

धामपुर, अमृत विचार : उपजिलाधिकारी रीतू चौधरी ने तहसील में पदभार ग्रहण करते ही राजस्व निरीक्षकों व अन्य कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने तहसील क्षेत्र के गांव तीबड़ी स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गोशाला की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी की और ठंड में पशुओं के बचाव और चारे की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों व अन्य विभागीय कर्मचारियों के साथ बैठक की। अधिनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद वह नायब तहसीलदार ममता यादव व टीम के साथ गांव तीबड़ी स्थित कान्हा गोशाला पहुंचीं। उन्होंने बताया कि गोशाला में 82 पशु हैं। इनके ठंड से बचाव के लिए तिरपाल व अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। ठंड के कारण इस समय चारे की समस्या है। उन्होंने कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, ग्राम प्रधान शमीम अहमद, कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

आयुष अस्पताल के लिए करें भूमि की तलाश : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अकित अंकित कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जिला आयुष समिति शासी निकाय/कार्यकारी निका य की बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को जिले में आयुष अस्पताल स्थापित करने के लिए भूमि की तलाश करने और कार्यदायी संस्था से उसका आंकलन सुनिश्चित कराते हुए गंभीरता से बजट की उपलब्धता का प्रयास करने के निर्देश दिए। ताकि इसी वित्तीय वर्ष में आयुष अस्पताल के निर्माण के लिए बजट उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जिले के हैल्थ वेलनेस सेंटर में स्थापित हर्बल गार्डन में औषधीय पौधे लगाएं तथा आयुष विद्याओं का आईईसी,

अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी एके अग्रवाल ● अमृत विचार

▸▸ हैल्थ वेलनेस सेंटर में स्थापित हर्बल गार्डन में औषधीय पौधे लगाएं

सामग्री, वाल पेंटिंग, होर्डिंग आदि के द्वारा व्यापक रूप से प्रचार कराएं। आयुष मिशन के कार्यक्रमों का लाभ लोगों को गुणवत्ता के साथ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला प्रशासन जनता को शुद्ध और बिना मिलावट के खाद्य सामग्री एवं औषधि का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता को मानक के अनुरूप आयुर्वेदिक सामग्री उपलब्ध कराने और आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवा वि आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, बेसिक शिक्षाधिकारी जयकरण यादव आदि मौजूद रहे।

युवाओं को जोड़कर पार्टी को करेंगे मजबूत

नजीबाबाद, अमृत विचार : पहली बार नगर आगमन पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौतम सिसोदिया का कार्यकर्ताओं ने फूल माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने की बात कही।

गुरुवार को मुहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर के पास युवा कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल के आवास पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें युवा कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का गर्म जोशी के साथ फूलमाला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। गौतम सिसोदिया ने कहा कि सांसद राहुल गांधी युवाओं को आगे लाने का काम कर रहे है। अब जनपद में भी युवाओं को पार्टी से जोड़ा जायेगा और पार्टी को मजबूत करने का काम किया जायेगा। पूर्व प्रदेश सचिव की अध्यक्षता व युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में अकरम खां, रईस कुरैशी, नसीम अंसारी, राकेश शर्मा, शारिब अंसारी, फराज हुसैन आदि मौजूद रहे।

बदमाशों से पूछताछ करते एसपी सिटी संजीव कुमार बाजपेयी। ● अमृत विचार

मुठभेड़ में दो बदमाश व सिपाही घायल

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : नगर के नांगल क्षेत्र में लूट के इरादे से कार से घूम रहे बदमाशों व पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें एक सिपाही हाथ में व दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। भाग रहे तीसरे बदमाश को पुलिस ने पीछा करके दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश हरियाणा और पंजाब के रहने वाले हैं।

बुधवार की देर रात नांगल क्षेत्र की सराय आलम की पुलिया के पास चेकिंग के दौरान सामने से आ रही गाड़ी को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। इस पर गाड़ी में सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। बदमाशों को गोली से सिपाही प्रवीन देशवाल घायल हो गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश आशु व गुरप्रीत के पैर में गोली लगी। जबकि तीसरे बदमाश को पुलिस ने भागते समय गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हाल ही में उन्होंने इसी गाड़ी से क्षेत्र में लूट की घटना की थी। पुलिस ने इनके कब्जे से हथियार, नगदी व एक गाड़ी बरामद की है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार बाजपेयी ने बताया कि 28 जनवरी को हुई लूट का एक मोबाइल बदमाशों के पास से मिला है।

रामपुर

संपर्क मार्ग पर पलटी गन्ना लदी ट्रॉली, चालक जख्मी

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार: संपर्क मार्ग पर गन्ना लदी ट्रॉली पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक घायल हुआ है। आरोप है कि खेत स्वामियों ने संपर्क मार्ग को जोतकर अपने खेतों में मिला लिया है। इससे मार्ग संकरा हो गया है। मार्ग पर आए दिन हादसे होते रहते हैं।

घटना क्षेत्र के गांव नन्हें का मझरा की है। इस गांव का निवासी छोटे पुत्र मेंहदी हसन अपने खेत से ट्रॉली में गन्ना भरकर चीनी मिल लेकर जाने की तैयारी कर रहा था। बताते हैं कि संपर्क मार्ग संकरा होने के कारण गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक छोटे चोटिल हो गया।

मझरा में पलटी गन्ने से लदी ट्रॉली।

हादसे की सूचना पर परिजनों सहित ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने संपर्क मार्ग पर स्थित खेत स्वामियों पर रास्ता जोतकर खेत में मिलाने का आरोप लगाया। मामले की शिकायत डीएम से करते हुए जांचकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

गूजर टोला में कुत्तों का खौफ, पकड़ने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : मुहल्ला गूजर टोला में कुत्तों का खौफ बढ़ता जा रहा है। लोगों ने पालिका से कुत्तों को पकड़ने की मांग की है।

मुहल्लेवासियों का कहना है कि शहर का कोई ऐसा स्थान बचा नहीं है जहां आवारा कुत्तों का झुंड घूमता न हो। शहर की गली-गली में आवारा कुत्तों ने एक अपना अलग ही राज कायम कर लिया है। जिस पर हाल फिल्हाल तो अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। इन आवारा और खूंखार कुत्तों की वजह से लोगों का गलियों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जैसे ही लोग घर से बाहर कदम रखते हैं मुहल्लेवासी नवेद खां, बाबू खां ने पालिका से मांग की है कि शहर में कुत्तों के खौफ को खत्म करने के लिए इनको पकड़वाया जाए।

बाइक चोर गिरोह में शामिल उत्तराखंड के दो आरोपी पकड़े

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

अमृत विचार: अजीमनगर थाने की पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से चार दिन पहले चोरी हुई दो बाइकें मिली हैं। आरोपी उत्तराखंड के रहने वाले हैं।

बताया गया कि क्षेत्र से चार दिन पहले आरोपियों ने मुरसैना चौकी के पास से बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आसपास लगे कैमरे की फुटेज खंगाली थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से बातचीत की। देर रात प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा एवं चौकी इंचार्ज मुरसैना दिनेश कुमार खेमपुर के पास चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान भोट की ओर जा रही बाइक को पुलिस ने रोक लिया। पूछताछ करने पर मामला संदिग्ध दिखा तो पुलिस आरोपियों को थाने ले आई।

सख्ती के साथ पूछताछ की तो आरोपी ने सब कुछ बता दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस उसके साथी को भी थाने ले आई। आरोपियों के बताए स्थान से पुलिस ने दो चोरी की बाइकें बरामद कीं। पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तराखंड के जसपाल और अमित कुमार हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बसपा नेता की बुटीक में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कुंडा में बसपा नेता की बुटीक (महिलाओं के कपड़ों की दुकान) में बुधवार रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे 15 लाख के नुकसान का दावा है। घटना की सूचना के बाद दमकल तीन वाहन मौके पर पहुंचे। वाहनों से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया।

मोहल्ला कुंडा के रहने वाले कारण साहब खां और उनकी पत्नी शैला खान दोनों बसपा नेता हैं। बुधवार रात उनकी बुटीक में आग की लपटें उठती देखकर आसपास के लोग बाहर आ गए। इस बीच किसी ने फायर बिग्रेड को दी। रात में ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर

आग लगने के बाद जले कपड़े देखते लोग। ● अमृत विचार

पहुची। आग को बुझाना शुरू कर किया। लेकिन जब तक आग बुझाई गई तब तक बुटीक में रखे कपड़े व अन्य सामान जल गया। उधर, आग लगने के बाद मौके पर चीख-पुकार मचती रही। कई लोगों ने भी आग को बुझाने की कोशिश की। उधर, आग बुझाने के दौरान गली में पानी भर गया। शहर कोतवाल मनोज कुमार ने बताया कि मोहल्ला कुंडा स्थित एक घर में बुधवार रात को आग लग गई थी।

सुल्तानी सनक से बाहर नहीं आने वालों को जनता दिखा रही बाहर का रास्ता : नकवी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार : पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रजातंत्र को परिवार तंत्र का पेटेंट समझने की नादानी ही सामन्ती सूबेदारों की परेशानी बन गई है। नकवी ने विपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि प्रजातंत्र को परिवारतंत्र की प्रापर्टी समझने की सुल्तानी सनक से बाहर न आने वालों को जनता बाहर का रास्ता दिखा रही है।

मिलक स्थित प्रकाश इंटर कॉलेज में प्रतिभा प्रदर्शन समारोह में गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि परिवारतंत्र की पिटी पंचायत से प्रजातंत्र की प्रगति को पंचर करने का पाखंड लगातार परास्त होता जा रहा है। कुछ लोग

स्कूल के कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्तार अब्बास नकवी। ● अमृत विचार

आज भी खानदानी सियासत और सामन्ती विरासत को हैंगओवर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। मुल्क के मजबूत मूड माहौल को मुट्ठी में मसलने की मुहिम में मसरूफ हैं। कटाक्ष करते हुए कहा कि गुनाहों के गटर में गठबंधन के शटर से लूट पर छूट का डिस्काउंट चाहते हैं। मोदी ने ऐसे सत्ता के सामन्ती सूबेदारों के सुल्तानी साम्राज्य का सूपड़ा कर लूट पर छूट के मालामाल मालिकों को कंगाल और देश खुशहाल बनाने का बीड़ा उठा रखा है। कहा कि यही पब्लिक के भरोसा का माहौल, परिवार के भय की मुसीबत बन गई है। गठबंधन में झप्पी से ज्यादा झगड़े की झनकार आ रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने

कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रबन्धिका शशिकांता शर्मा, डा .चन्द्रप्रकाश शर्मा , प्रधानाचार्य मनीराम, भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी , ज्वाला प्रसाद गंगवार,महा सिंह राजपूत, कपिल आर्य , जागेश्वर दयाल दीक्षित,भागीरथ सिंह गंगवार, प्रेमपाल सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

प्रकाश इंटर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियां, चित्र, सजावट का सामान, विज्ञान के मॉडल, आदि विभिन्न कक्षा कक्ष में जाकर देखे तथा बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। बच्चों के सिर पर हाथ रखकर उनकी हौसला अफजाई भी की। प्रकाश इंटर कॉलेज के संस्थापक चंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा नकवी को स्वामी विवेकानंद की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया।

पनवड़िया में पाइपलाइन नहीं होने से लोग परेशान

रामपुर, अमृत विचार: नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की उदासीनता के चलते पनवड़िया और नई बस्ती में पाइपलाइन नहीं डाली गई है। जिससे यहां के लोग काफी परेशान हैं। हालांकि पाइपलाइन डलवाने के बारे में कई बार पालिका अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से बताया जा चुका है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

पनवड़िया और नई बस्ती का क्षेत्र पालिका के अधीन है। इस क्षेत्र में काफी लंबे समय पाइपलाइन नहीं डाली गई है, स्वच्छ पानी नहीं मिल रह है। यहां के लोगों के लिए पालिका की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कराई गई है। न ही कोई पानी का टैंकर रखवाया गया। यहां के मुकेश, सुरेश, विनोद का कहना है कि पाइपलाइन डलवाने के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों ने पालिका के जलकल विभाग के जिम्मेदारों को निर्देशित किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

शहर में सात घंटे ठप रही बिजली, परेशान रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: तेज वर्षा के चलते कहीं हाईटेंशन लाइनों में फाल्ट हुए तो कहीं पेड़ गिरने से तार टूट गए। इसके चलते बिजली आपूर्ति सात घंटे तक बाधित रही। शहर कई मोहल्लों में गुरुवार शाम छह बजे आपूर्ति सुचारू हुई। इससे उपभोक्ताओं को परेशानी हुई।

बुधवार शाम वर्षा के बीच शहर के अधिकतर क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था गड़बड़ा गई। कहीं 11 हजार की लाइन में फॉल्ट हो गए तो कहीं ट्रांसफार्मरों में खराबी आ गई। तेज हवा चलने से पेड़ों पर बिजली के तार गिर गए। बिजली न आने से लोगों के घरों में पानी की टंकियां भी खाली हो गईं। उधर, तार टूटने की सूचना मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने सप्लाई का शट डाउन कराया। रजा बिजलीघर से अटरिया चौराहे की ओर जाने वाली लाइन के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। यहीं हाल पहाड़ी गेट, शाहबाद गेट,पनवड़िया, सिविल लाइन, नवाबगेट, हजरतपुर क्षेत्र का रहा। लाइन में आई खराबी, टूटे हुए तारों को सही करने के लिए कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद शाम सात बजे के बाद आपूर्ति सुचारू कराया।

आज और कल लिया जाएगा शटडाउन

किला, रजा बिजलीघर की आपूर्ति आज और कल चार चार घंटे तक के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। दोनों उपकेंद्रों की 33केवीए लाइनों में मेंटीनेंस कार्य कराया जाएगा। किला बिजलीघर के एसडीओ प्रद्योमन सिंह ने बताया कि आरडीएसए योजना के अंतर्गत विद्युत प्रणाली में सुधार के लिए शुक्रवार और शनिवार को 33/11केवीए उपकेंद्रों से चार-चार घंटे का शटडाउन लिया जाएगा।

खराब रास्ता दुरुस्त कराने के लिए ग्रामीणों ने डीएम को लिखा पत्र

मिलक, अमृत विचार: रास्ते पर जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा। शीघ्र रास्ते को ठीक करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र में बताया कि विकास खंड मिलक क्षेत्र के गांव हरदासपुर में जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं है और कच्चा रास्ता है। लोगों को अपने घरों से निकलने में काफी दिक्कत होती है। वर्षा के समय गली में लगभग तीन फिट तक पानी भर जाता है। यहां खड़ंजा या नाली नहीं बनी है। अब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सड़क को शीघ्र ठीक कराने की मांग की है।

ज्ञापन पर क्षेत्र पंचायत सदस्य किरन,जमुना प्रसाद,नरेश, होरीलाल, परमकीर्ति सरन, हरिशंकर,जागन लाल, उमेश आदि लोगो के हस्ताक्षर हैं।

एक नजर

उद्योगपति ने प्रतियोगी बच्चों को पुरस्कृत किया

हापुड़, अमृत विचार : शिक्षा भारती द्वारा ग्राम विकास के उद्देश्य से संचालित संस्कार केंद्रों ग्राम गोयना एवं ग्राम दस्तोई के बच्चों को पेपरकोन के उद्योगपति मोहित गोयल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर केंद्र के लिए इनवर्टर भी भेंट किया। इसी के साथ केन्द्र के सभी बच्चों को बिस्कुट के पैकेट दिए गए। इस कार्यक्रम में मुकेश कुमार तोषनीवाल भी उपस्थित रहे। मुकेश कुमार तोषनीवाल ने बच्चों को पंचतन्त्र की कहानी सुनकर शिक्षा के जीवन में महत्व को समझाने का प्रयास किया । मोहित गोयल ने अपने संदेश में बच्चों को आशीर्वचन दिए।

सफाई कर्मचारी सम्मानित

हापुड़, अमृत विचार : केन्द्रीय जल शक्ति मिशन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित स्वच्छता शक्ति पुस्तक का विमोचन किया गया। उक्त पुस्तक में विकास खण्ड हापुड़ की ग्राम पंचायत अकड़ौली में तैनात सफाई कर्मचारी आराधना को स्वच्छता के क्षेत्र में आम जनमानस को प्रेरित किये जाने पर जिला पंचायत राज अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया।

चेक बाउंस के आरोपी को तीन माह की सजा

काशीपुर, अमृत विचार : चेक बाउंस के मामले में एसीजे तृतीय की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 5 .03 लाख रुपये जुर्माने भी लगाया है। बीज और कीटनाशक दवा विक्रेता बैनैट मसीह ने अपने अधिवक्ता रहमत अली खान एडवोकेट के माध्यम से परिवाद प्रस्तुत किया था कि मिलक रामपुर निवासी बिशंबर दयाल पुत्र झम्मनलाल ने उसकी फर्म से 5 .03 लाख रुपये का बीज और कीटनाशक दवाएं खरीदी थी, 31 मई 2021 को बिशम्बर ने उसे 5,03,029 रुपये का एक चेक दिया था। उसने यह चेक अपने बैंक खाते में लगाया। भुगतान के अभाव में यह चेक बाउंस हो गया।

बरेली के अपर नगर आयुक्त का मुरादाबाद तबादला

बरेली, अमृत विचार : अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार सिंह का तबादला मुरादाबाद नगर निगम में हो गया है। उनकी जगह पर शाहजहांपुर नगर निगम से एसके सिंह के आने की चर्चा है। राजस्व प्रभारी, डोर टू डोर, विज्ञापन सहित कई महत्वपूर्ण प्रभार अपर नगर आयुक्त पर रहे। इस दौरान उनपर कई आरोप भी लगे। दो दिन पहले नगर निगम बोर्ड बैठक में पार्षदों ने कई मामले उठाए, जो उन्हीं से संबंधित थे। हालांकि, वह सदन में मौजूद नहीं थे। गुरुवार दोपहर में तबादला संबंधी आदेश निगम को मिला। उनका कार्यकाल तीन साल से अधिक रहा।

नए कॉलेज खोलने को 5 तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शासन के आदेश पर रुहेलखंड विश्वविद्याल ने नए कॉलेज या पाठ्यक्रम शुरू करने संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। कॉलेजों को इसके लिए 5 फरवरी तक आवेदन करना होगा। 18 मई तक विश्वविद्यालय को संबद्धता प्रदान करनी होगी।

कुलसचिव की ओर से जारी पत्र के मुताबिक शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए नए महाविद्यालयों या संस्थानों को खोलने और महाविद्यालयों में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त पाठ्यक्रमों या विषयों को शुरू करने के लिए शासन ने 15 सितंबर 2023 को जारी समय सारिणी के आदेश में संशोधन किया है। इसके तहत 5 फरवरी तक विश्वविद्यालय में अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करना होगा। 20 फरवरी तक प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। अनापत्ति आदेश 29 फरवरी तक ऑनलाइन जारी किया जाएगा। अनापत्ति पर 10 मार्च तक शासन में अपील कर सकते हैं। शासन से 20 मार्च तक अपील निस्तारित की जाएगी। निरीक्षण मंडल का गठन 5 अप्रैल तक करना होगा। निरीक्षण मंडल को 30 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी और 18 मई तक विश्वविद्यालय को संबद्धता प्रदान करनी होगी। संबद्धता के संबंध में 31 मई तक शासन में अपील कर सकेंगे और शासन स्तर से 20 जून तक अपील का निस्तारण किया जाएगा।

▸▸ रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने जारी किए निर्देश

एलएलबी और बीएएलएलबी की परीक्षा शुरू

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी और बीएएलएलबी की विषम सेमेस्टर की परीक्षा बृहस्पतिवार से शुरू हो गई। बरेली कॉलेज में स्वकेंद्र समेत दो अन्य कॉलेजों का केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के दौरान कॉलेज में काफी सख्ती की गई। चीफ प्रॉक्टर प्रो . आलोक खरे ने बताया कि दोपहर 2 :30 से 5 :30 बजे की पाली में बृहस्पतिवार को प्रथम और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा से पहले छात्रों की सघन तलाशी ली गई। इसके बाद परीक्षा के दौरान भी चार बार मास चेकिंग की गई। प्राचार्य ने भी सचल दल के साथ चेकिंग की। हालांकि इस दौरान किसी छात्र को नकल सामग्री के साथ नहीं पकड़ा गया।

असमोली थाना क्षेत्र के शहवाजपुर गांव की घटना, सैलून से भाग खड़े हुए ग्राहक और संचालक

कुत्तों के हमले में घायल नीलगाय सैलून में घुसी

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

अमृत विचार : कुत्तों के झुंड ने हमला कर लहूलुहान कर दिया तो जान बचाने के लिए नीलगाय सैलून में घुस गई। नील गाय को देख ग्राहक व संचालक भाग खड़े हुए। काफी प्रयास किया लेकिन नीलगाय बाहर नहीं आई। 112 पुलिस टीम व ग्रामीणों ने किसी तरह नीलगाय को बाहर निकाला।

असमोली थाना क्षेत्र के शहबाजपुर कला में जंगल में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक नील गाय को घेर कर बुरी तरह से घायल कर दिया। जान बचाने के लिए नीलगाय घायल अवस्था में भागते हुए गांव की आबादी में आ गई। कुत्ते भी नीलगाय का पीछा करते हुए गांव तक आ गये। बदहवास नीलगाय अड्डे पर दानिश हेयर सैलून की दुकान में घुस गई। नीलगाय को घुसा देख अंदर बाल कटिंग करा रहे ग्राहक भाग खड़े हुए। वहीं सैलून संचालक भी बाहर आ गया। ग्रामीणों व दुकानदारों ने दुकान में बैठी घायल नीलगाय को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन डरी हुई नीलगाय दुकान से बाहर नहीं निकली।

इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी तो 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से नीलगाय को दुकान से बाहर निकालने के प्रयास शुरु किये। आधे घंटे तक मशक्कत के बाद नीलगाय को किसी तरह बाहर निकालकर पुलिस ने सकुशल जंगल में पहुंचाया। नीलगाय चली गई तो लोगों ने राहत की सांस ली।

संभल के शहवाजपुर गांव में सैलून में बैठी नीलगाय। ● अमृत विचार

कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में शामिल हो सकते हैं प्रधानमंत्री मोदी

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दिया आमंत्रण, प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा मेरे लिए सौभाग्य की बात

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अयोध्या में श्री राम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब संभल में कल्कि धाम के शिलान्यास की तैयारी शुरु हो गई है। संभावना यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास समारोह में शामिल हो सकते हैं। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में शामिल होने के अनुरोध के साथ आमंत्रण पत्र सौंपा। आमंत्रण मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि आस्था और भक्ति से जुड़े इस पावन अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

संभल के ऐंचोड़ा कम्बोह में कल्कि धाम के शिलान्यास के लिए 19 फरवरी की तारीख तय की गई है। आयोजन को लेकर तैयारियों के साथ ही साधु संतों व राजनेताओं को निमंत्रण देने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम पहले ही कह चुके हैं कि वह चाहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल्कि धाम शिलान्यास समारोह में शामिल हों। इसी के तहत गुरुवार को आचार्य प्रमोद कृष्णम ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें शिलान्यास समारोह का आमंत्रण सौंपकर समारोह में शामिल होने का अनुरोध किया। इस मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री से भेंट के फोटो एक्स पर शेयर करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने लिखा- आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक्स पर लिखा- 19 फरवरी को आयोजित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मेरे इस पवित्र "भाव" को स्वीकार करने के लिये माननीय प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार एवं साधुवाद। बड़ी बात यह कि इस संदेश को टैग करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि-आस्था और भक्ति से जुड़े इस पावन अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। निमंत्रण के लिए आपका हृदय से आभार आचार्य प्रमोद। इस संदेश के बाद कहा जाने लगा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में शामिल हो सकते हैं। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री शिलान्यास समारोह में पधारेंगे।

दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल्कि धाम शिलान्यास का आमंत्रण पत्र देते पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम।

▸▸ आचार्य ने एक्स पर लिखा मेरे इस पवित्र "भाव" को स्वीकार करने के लिये प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार

शांति समिति की बैठक में बोलते सीओ अनुज कुमार चौधरी। ● अमृत विचार

जिले में पुलिस अलर्ट, गणमान्य लोगों के साथ किया गया संवाद

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : वाराणसी में ज्ञानवापी को लेकर अदालत के फैसले के बाद जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। गुरुवार को जनपद के थानों पर गणमान्य लोगों के साथ बैठकें कर अमन कायम रखने की बात कही गई।

संभल कोतवाली में सीओ अनुज कुमार चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि गणमान्य लोग पुलिस के सहयोगी बनकर शहर में अमन कायम रखें। संभल के बाद हजरतनगर गढी की सिरसी पुलिस चौकी व हयातनगर थाने पर भी शांति समिति की बैठकें आयोजित की गईं। सीओ ने ज्ञानवापी पर आए पूजा के फैसले पर सभी लोगों से कोर्ट के आदेश को मानने की अपील की। कहा कि सभी लोग आपस में शांति व्यवस्था बनाए रखें। सोशल मीडिया पर आने वाली अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं रजपुरा थाना परिसर में थाना प्रभारी अमृतलाल ने पीस कमेटी की बैठक में आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। इस दौरान उप निरीक्षक पवन कुमार, देवेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल, भारत सिंह, मदन लाल, घमंडी सिंह, नीरज यादव व सिरसी में चेयरमैन प्रतिनिधि समर अब्बास, चौधरी हसन, आरिफ, फैयाज अली, हबीब, कयामुद्दीन आदि मौजूद रहे।

खेत में पशु घुसाने के शक में बुजुर्ग को पीटा, दो पर रिपोर्ट

बदायूं, अमृत विचार : अपने खेत में पशु घुसाने के शक में दो भाइयों ने ग्राम प्रधान के सामने एक बुजुर्ग से गाली-गलौज और मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपना नाम रेहान से बदलकर रेहान इरशाद कर लिया है भविष्य में मुझे नये नाम रेहान इरशाद पुत्र इरशाद ग्राम रसूलपुर सैद पोस्ट राजपुर नवादा तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश से जाना व पहचाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैने अपना नाम TAHIR HUSAIN MANSOORI से बदलकर TAHIR HUSAIN (ताहिर हुसैन) रख लिया है। भविष्य में मुझे TAHIR HUSAIN S/O TAHSIN AHMAD (तहसीन अहमद) निवासी मौहल्ला बटवाल नई बस्ती जिला अमरोहा के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175 8194049754 8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD Hero TVS BAJAJ YAMAHA KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

छुट्टा पशु से टकराने के बाद आग का गोला बनी कार

बरेली, अमृत विचार : बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा के पास अचानक सांड़ आने से उससे बैंक कैशियर की कार टकरा गई। कैशियर ने बचने के लिए तेजी से ब्रेक लगाए तो स्पार्किंग से कार में आग लग गई। कैशियर ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।

सुभाषनगर निवासी रविकांत ने बताया कि वह फरीदपुर में ग्रामीण बैंक शाखा में कैशियर हैं। वह बृहस्पतिवार सुबह बैंक के लिए निकले थे। बड़ा बाईपास पर नवदिया झादा के आगे पुल के पास अचानक उनकी कार के सामने सांड़ आ गया और कार उससे टकरा गई। उन्होंने अचानक ब्रेक लगाए तो स्पार्किंग से कार में आग लग गई। उन्होंने तुरंत कार से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई।

घटना के बाद बड़ा बाईपास की एक लेन पर यातायात थम गया। फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया। बिथरी चैनपुर थाना पुलिस ने कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू रूप से चालू किया।

चिकित्सकों ने 12 क्षय रोगी लिए गोद

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से जुड़े चिकित्सकों ने 12 क्षय रोगियों को गोद लिया है। बुधवार को मेरठ रोड स्थित यशोदा नर्सिंग होम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने क्षय रोगियों को पुष्टाहार दिया ,साथ ही उन्हें नियमित रूप से पौष्टिक भोजन और दवा खाने के लिए भी प्रेरित किया।

क्षय रोगियों को बताया गया कि दवा खाने में कोई परेशानी होने पर चिकित्सक से परामर्श लें, लेकिन दवा बीच में न छोड़ें। दवा बीच में छोड़ने पर टीबी का रोग बिगड़ जाता है और उपचार मुश्किल व लंबा हो जाता है। टीबी की दवा के साथ उच्च प्रोटीन और विटामिन युक्त भोजन की आवश्यकता होती है। ऐसा करने से टीबी संक्रमण से नष्ट हुई कोशिकाओं के पुनर्निर्माण का कार्य तेज हो जाता है और रोगी जल्दी ठीक होने लगता है। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. राजेश सिंह ने इस पुनीत कार्य के लिए आईएमए और यशोदा नर्सिंग होम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। आईएमए और यशोदा नर्सिंग होम की ओर से डॉ० एमसी सिंघल और डॉ० मिली सिंघल ने जिला क्षय रोग अधिकारी को भरोसा दिलाया कि क्षय रोगियों को गोद लेकर न्यूट्रीशियन सपोर्ट का कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में हर संभव सहयोग किया जाएगा।

कार्यक्रम में डॉ संजय जैन, डॉ विपिन गौड़, डॉ दुष्यंत बंसल,डॉ अनुराग सिंघल और डॉ यूनुस अहमद का सहयोग रहा। जिला पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि गोद लिए गए क्षय रोगियों को उपचार जारी रहने तक हर माह पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है।

क्षय रोगी को दवा देते चिकित्सक। ● अमृत विचार

▸▸ नियमित रूप से पौष्टिक भोजन और दवा खाने के लिए भी किया प्रेरित

भाभी की गैर इरादतन हत्या में देवर को उम्रकैद

बदायूं, अमृत विचार : भाभी की गैर इरादतन हत्या करने वाले देवर को विशेष न्यायाधीश कुमारी रिंकू ने उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की आधी राशि मृतक के पति को दी जाएगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कस्बा बिल्सी निवासी शराफत ने तहरीर देकर बताया था कि 29 अक्टूबर 2006 को खेत पर गए थे। दोपहर लगभग तीन बजे वापस घर आए। उनकी 10 साल की बेटी सरवीन रोती हुई मिली। बेटी ने बताया कि उसके चाचा कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला किला खेड़ा निवासी शमशाद पुत्र मोहम्मद नवी घर पर आए थे। चाचा ने उसे रुपये दिए और चीज खाने के लिए बाहर भेज दिया। वह दुकान पर गई। उस दौरान चाचा और उसकी मां के बीच कहासुनी हो रही थी। चाचा ने आंगन में पड़ी फंटी उसकी मां के सिर में मार दी। मां के सिर से खून निकल रहा था। इसी दौरान चाचा ने मां के गले में पड़ी शॉल से गला घोंट दिया। मां चारपाई पर गिर गईं और चाचा चले गए। शराफत कमरे में गए तो उनकी पत्नी का शव पड़ा था।

खबरों के लिए देखें www.amritvichar.com

पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र का लटका मिला निर्वस्त्र शव

संवाददाता, बरेली/हाफिजगंज

अमृत विचार : पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र का हाफिजगंज के गांव परेवा कुर्मियान के बाहर शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है।

गांव परेवा कुर्मियान निवासी चंद्रपाल उर्फ पप्पू का बेटा लक्ष्मण (24) स्नातक के बाद दिल्ली के दृष्टि आईएस सेंटर में पीसीएस की तैयारी कर रहा था। चंद्रपाल ने बताया कि बुधवार को लक्ष्मण का फोन आया कि वह घर आ रहा है। उसके पास किराए के लिए रुपये नहीं है। इस पर उन्होंने पहले 15 सौ और फिर एक हजार रुपये ऑनलाइन भिजवाए। लक्ष्मण रोडवेज बस से घर आ रहा था और उसने रात नौ बजे सिथरा बस अड्डे पर आने को कहा। वह अपनी पत्नी चंद्रकली के साथ बेटे को लेने के लिए सिथरा बस अड्डे पर पहुंचे। यहां पर पहुंचकर उन्होंने बेटे को फोन किया तो उसने बताया कि वह रामपुर आ गया है। उसके बाद लक्ष्मण का फोन बंद हो गया। देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा। इसी बीच गुरुवार सुबह राहगीरों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी कि गांव के पास एक खेत में पेड़ पर एक युवक का निर्वस्त्र शव लटका हुआ है। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे जहां पर बेटे को फंदे से लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने किसी से रंजिश से इन्कार किया है।

▸▸ परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का लगाया आरोप

कार्यालय नगर पंचायत अगवानपुर (मुरादाबाद)

पत्रांक :- 241/ न०प० अग0 / 2023-24 दिनांकः - 01/02/2024

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अगवानपुर जनपद मुरादाबाद द्वारा वद 2023-24 में "सीवरेज एवं जल निकासी योजना" के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि एवं 15 वॉ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन मद में वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्य कराये जाने हेतु दिनांक- 02.02.2024 को ई - निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्यो की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्तों की जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.02.2024 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 21.02.2024 को दोपहर 04.00 बजे तक Online डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक - 22.02.2024 को दोपहर 02.00 बजे तक अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखे टैण्डर वॉक्स में डाली जायेगीं एवं उसी दिन अपरान्ह 2.30 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेंगी । निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र / निविदा शर्तों का भली भाँति अध्ययन कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय में एवं https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अगवानपुर
मुरादाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत अगवानपुर
मुरादाबाद

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
4 फरवरी
विश्व कैंसर दिवस
के उपलक्ष में 1 फरवरी से 4 फरवरी तक
बुकिंग करने पर पायें 50% का डिस्काउण्ट
Full Body PET-CT Scan
~~22,000~~ 11,000 50% डिस्काउण्ट
मुफ्त मैमोग्राफी
पीईटी-सीटी स्कैन क्यों किया जाता है?
• कैंसर का पता लगाना
• कैंसर शरीर के किस-किस जगह में है
• उपचार की योजना और मॉनिटरिंग
• न्यूरोलॉजिकल रोगों का मूल्यांकन
• हड्डी की स्थिति का मूल्यांकन
• हृदय सम्बंधी रोगो के लिए
Online Appointment की सुविधा UPI Payment के द्वारा
बुकिंग करने के लिए सम्पर्क करें - 9811187117
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

साइबर अपराधियों पर उन्हीं के हाईटेक तरीके से अंकुश लगाएगी प्रदेश पुलिस

कार्यभार संभालते ही प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बढ़ते साइबर अपराध और खासकर आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस से समाज को गुमराह करने वाले शरारती तत्वों पर उप्र. पुलिस उन्हीं की तकनीक से अंकुश लगाएगी। नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल आने वाले दिनों में निरन्तर हाईटेक होता जाएगा। पुलिस सक्रियता की वाह्टसएप ग्रुप से न केवल मॉनिटरिंग की जाएगी बल्कि प्राप्त शिकायतों का भी डिजीटलीकरण किया जाएगा। इसमें क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग का लॉन्च नया पोर्टल अहम भूमिका निभाएगा।

देश के विशालतम पुलिस बल उप्र. पुलिस में कार्यरत 3 लाख 13 हजार 946 कर्मचारियों के नवनियुक्त मुखिया प्रशांत कुमार ने गुरुवार को चार्ज संभालने के बाद पुलिस मुख्यालय गोमतीनगर में पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते हुए जहां बड़े अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ अभियान जारी रखने की बात कही वहीं, महिलाओं, बालिकाओं, बुजुर्गों, बच्चों आदि की सुरक्षा को प्राथमिकता बताया।

प्रशांत कुमार ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री समेत देश-विदेश के विशिष्टजनों की सुरक्षा में पुलिस फोर्स के कोर-कसर न छोड़ने की सफलता साझा की तो यह भी कहा कि, निकट भविष्य में लोकसभा चुनाव को निष्पक्षता और पारदर्शिता से संपन्न कराने पर उप्र. पुलिस दृढ़संकल्पित है।

पदभार ग्रहण करने के बाद प्रेस कांफ्रेस करते डीजीपी प्रशांत कुमार। ● अमृत विचार

▸▸ पुलिस सक्रियता की वाह्टसएप ग्रुप से न केवल मॉनिटरिंग की जाएगी बल्कि मैनुअली प्राप्त शिकायतें भी डिजीटलाइज्ड की जाएंगी

डीजीपी ने की इन खास बातों पर चर्चा

- प्रदेश भर के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं
- 4 लाख 4 हजार 271 स्थानो पर 10 लाख 49 हजार से अधिक कैमरे भी लगे
- सोशल मीडिया पर नजर रखने को मीडिया सेल का गठन किया गया है
- सोशल मीडिया सेन्टर को जनशिकायतों के साथ छोटी-छोटी घटनाओं की त्वरित जानकारी मिलती है
- फेक न्यूज का खंडन कर अफवाहों को फैलने से रोकना, अराजकतत्वों पर कार्रवाई हो रही है
- वर्तमान में लगभग 79,082 हजार विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती की जा रही है।

अयोध्या के 5 स्टेशन संवरेंगे, हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचेंगे

लखनऊ ,अमृत विचार : रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोत्तरी की संभावनाओं को देखते हुए रेलवे अपना नेटवर्क मजबूत करेगा। अयोध्या को जोड़ने के वाले नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। वहीं, पांच स्टेशनों का पुनर्विकास कर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाएगा। मंत्रालय को हर साल 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इन स्टेशनों पर सुविधा बढ़ाने व नेटवर्क के अपग्रेडेशन के लिए अंतरिम बजट में रेल मंत्रालय को यूपी में विकास कार्य के लिए 19575 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अंतरिम बजट पारित होने के बाद उत्तर प्रदेश और अयोध्या के विकास को लेकर जानकारी दी। रेल मंत्री ने वर्चुअल माध्यम से बताया कि अयोध्या में अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, कटरा, दर्शन नगर और सलारपुर स्टेशनों का पुनर्विकास हो रहा है। देश के चारों ओर से अयोध्या को गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज और लखनऊ रेल नेटवर्क जोड़ते हैं।

बच्चों को अभिभावकों के संबंधों की जटिलताओं से दूर रखना जरूरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने माता-पिता के विवाद में बच्चों की कस्टडी के एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी देते हुए कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता के संबंधों की जटिलताओं से दूर रखना आवश्यक है। इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि हालात बदलने के साथ-साथ उन्हें अपने अभिभावकों के बीच तनावपूर्ण संबंधों की वास्तविकता पता चल जाए। बच्चों का कोमल हृदय किसी प्रकार के झटके के लिए तैयार नहीं होता है। अगर उसे जबरन उसके प्राकृतिक परिवेश से अलग कर किसी ऐसे माहौल में रख दिया जाए, जिसमें वह सहज महसूस नहीं करता तो इसकी उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की प्रबल संभावना रहती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति श्रीमती ज्योत्सना शर्मा की एकल पीठ ने नाबालिग बेटे की कस्टडी की मांग करते हुए दाखिल पिता की याचिका को खारिज करते हुए दी। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि 5 साल से कम उम्र के बच्चे के लिए मां को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

सार-संक्षेप

सीपी राय बने कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन

लखनऊ, अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की संस्तुति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने पूर्व राज्यमंत्री डॉ सीपी राय को पार्टी के मीडिया विभाग का चेयरमैन व डॉ मनीष श्रीवास्तव हिंदवी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सचिन रावत, प्रियंका गुप्ता, संजीव सिंह, अलीमुल्लाह खान, तमजीद अहमद व अन्य कांग्रेस नेताओं ने इन्हें बधाई दी है। कांग्रेस में शामिल :प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मिश्रा व उनकी पत्नी सुनीता मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में सदस्यता दिलाई गई।

बारात में नाचने को लेकर विवाद में गोलीबारी

मुजफ्फरनगर, एजेंसी : जिले में एक शादी समारोह के दौरान नाचने को लेकर हुये विवाद में कथित तौर पर गोलीबारी हुई जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। घटना बुधवार रात मंसूरपुर थाना क्षेत्र में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर किंग विला समारोह स्थल की है और मृतक की पहचान निखिल तिवारी (35) के रूप में हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रविशंकर ने बताया कि गाजियाबाद की वसुंधरा कॉलोनी से एक बारात यहां आई थी जिसमें नाचने को लेकर विवाद में गोलीबारी हुई। उन्होंने बताया कि गोली लगने से घायल हुये तिवारी को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपी की पहचान करने की कोशिश जारी है।

राम मंदिर क्षेत्र से जुड़े स्थलों पर बढ़ाई सुरक्षा

अयोध्या, अमृत विचार : रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद परिसर के तरफ सभी मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। राम जन्मभूमि परिसर क्षेत्र के आसपास 140 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा जबकि 50 से अधिक बैरियर भी लगाए गए हैं। सभी बैरियर पर पीएसी और सिविल पुलिस के साथ आरएएफ और एसएसबी के जवानों को तैनात किया गया है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। उन्हें सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के साथ उनकी सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मानकों को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सिक्योरिटी कवर दिया गया है। साथ ही कुछ प्रमुख मार्गों पर नो पार्किंग जोन में वेंडिंग जोन किया गया है।

बरेली व मुरादबाद में मिली संदिग्धों की लोकेशन

लखनऊ, अमृत विचार : चिनहट इलाके के बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में पिछले सप्ताह हुई डकैती में उपयोग किये गये ट्रक को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। कुछ संदिग्धों की सीतापुर के बाद बरेली और मुरादाबाद में लोकेशन मिली है। आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिये दो टीमें संभावित स्थानों के लिये रवाना की गयी हैं। एडीसीपी पूर्वी अली अब्बास ने बताया कि डकैती की वारदात में उपयोग किये गये वाहन की पहचान कर ली गयी है। डकैती के बाद आरोपी जहां-जहां रुके थे, उन स्थानों की पहचान की गयी है। आरोपियों की लोकेशन सीतापुर के बाद बरेली और मुरादाबाद मिली है। सर्विलांस पर लगे नंबरों में से एक लगातार ट्रैवल कर रहा है। जबकि संदिग्धों में से एक नंबर मुरादाबाद और दूसरा बरेली में एक्टिव है। गिरफ्त में आये आरोपियों से पूछताछ के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। बताया दो टीमें आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही हैं। एडीसीपी ने बताया कि अभी तक एक हजार से ज्यादा कैमरों की फुटेज खंगाली गयी हैं। उन्होंने जल्द ही वारदात का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डकैती की वारदात से जुड़े होने के संदेह में कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी है।

अटल आवासीय विद्यालयों में नये सत्र को आवेदन की प्रक्रिया तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोना काल में अपने माता-पिता को खो चुके छात्र-छात्राओं शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए मंडल स्तर पर शुरू किए गए अटल आवासीय विद्यालयों में अगले सत्र की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आगामी सत्र के लिए कई मंडलों में या तो आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है या फिर कुछ ही दिनों में इसे पूरा कर लिया जाएगा। अधिक से अधिक आवेदन के साथ ही छात्रों को परीक्षा की तैयारी कराने के लिए अटल आवासीय विद्यालय उप्र. के आग्रह पर शिक्षा निदेशक (बेसिक) की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के लिए आवेदन को वही छात्र पात्र होंगे, जिनका जन्म 1-5-2012 से पहले और 31-7-2014 के बाद नहीं हुआ हो। वहीं कक्षा 9 में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी का जन्म 1-5-2009 से पहले और 31-7-2011 के बाद नहीं होना चाहिए। यह बाध्यता एससी, एसटी और ओबीसी सहित सभी श्रेणियों पर लागू होगी। निर्माण श्रमिकों के वही बच्चे पात्र होंगे जिनका पंजीयन 31-12-2023 को कम से कम 3 साल पूरे कर चुका हो।

साथ ही ऐसे निर्माण श्रमिकों के 2 बच्चों से अधिक नहीं होना चाहिए। वहीं, अनाथ श्रेणी के तहत वह बच्चे पात्र होंगे जो कोविड से अनाथ हुए हैं। जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो। मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना के लिए ऐसे बच्चे कक्षा 6 के लिए जिनकी जन्मतिथि 1-5-2012 से पहले और 31-7-2014 के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा 9 के लिए 1-5-2009 से पहले 31-7-2011 के बाद नहीं होना चाहिए।

11 महीने में बन जाएगा राम मंदिर का शिखर

अयोध्या, अमृत विचार : निमार्णाधीन राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद मंदिर के शिखर तक के कार्यों को 11 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। जिसको लेकर शुक्रवार से मंदिर निर्माण समिति के दो दिवसीय बैठक राम जन्मभूमि परिसर में होगी। इसके लिए गुरुवार शाम चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र यहां पहुंच गए हैं। राम मंदिर में शेष के कार्य को पूरा करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंदिर के पश्चिम दिशा की ओर दो टॉवर क्रेन खड़ी की जा रहीं हैं। 15 फरवरी के बाद निर्माण कार्य के लिए मजदूरों को लगा दिया जाएगा। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्रथम तल के बाद दूसरे तल और शिखर का कार्य किया जाना है। परकोटे का निर्माण, परकोटे में बनने वाले मंदिर, यात्री सुविधा केंद्र और अन्य कार्य भी होने हैं।

सेवानिवृत कर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही विस्तारित करना अवैधानिक: हाईकोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज

▸▸ याची की अपील को 9 साल तक रखा गया लंबित

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुशासनात्मक कार्यवाही से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि नियोक्ता को अपने कर्मचारियों के खिलाफ सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखने के लिए कुछ विशेष नियमों के तहत शक्ति प्राप्त होती है।

कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मुद्दा था कि क्या सेवानिवृत कर्मचारियों के खिलाफ लंबित अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रखी जा सकती है? कोर्ट ने इसका निष्कर्ष निकाला कि सामान्य सिद्धांत के अनुसार कर्मचारियों के सेवानिवृत हो जाने पर नियोक्ता-कर्मचारी संबंध समाप्त हो जाता है। कर्मचारी की सेवानिवृत्ति के बाद अनुशासनात्मक जांच तभी बढ़ाई जा सकती है, जब उसकी सेवा शर्तों को नियंत्रित करने वाले कानून में ऐसा प्रावधान हो। मौजूदा मामले में कोर्ट ने कहा कि विभागीय उपचार सुविधा के उपचार के रूप में होते हैं। किसी कर्मचारी के अधिकारों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने हेतु कोई असुविधा या जाल की तरह इनका उपयोग नहीं किया जा सकता। इस मामले में याची उत्तर प्रदेश में वरिष्ठ गोदाम अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। राज्य भंडारण निगम 2005 में उनके खिलाफ पांच आरोपों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई। याची ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए जवाब प्रस्तुत किया, लेकिन याची को सभी आरोपों में दोषी पाया गया। इसी बीच जुलाई 2009 में याची सेवानिवृत हो गया। हालांकि लंबित अनुशासनात्मक कार्रवाई में कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया। वर्ष 2010 में निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा याची को सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों और अन्य संपत्तियों से निगम को हुई कुल हानि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी ठहराया गया, साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि अन्य बकाया 1 मार्च 2006 से 1 मार्च 2009 के बीच याची को दी गई चार वेतन वृद्धि के रुप में धनराशि से समायोजित किया जाएगा। याची ने अनुशासनात्मक प्राधिकरण के आदेश के खिलाफ निगम के निदेशक मंडल के सामने अपील दाखिल की, लेकिन याची की अपील को 9 साल तक लंबित रखा गया।

कविता सहाय ने संभाली एएमसी सेंटर की कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने गुरुवार को छावनी स्थित कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, ऑफिसर-इन-चार्ज एएमसी रिकॉर्ड्स तथा कर्नल कमांडेंट एएमसी का पदभार ग्रहण किया। वह 74 साल पहले स्थापित एएमसी सेंटर और कॉलेज की कमान संभालने वाली पहली महिला जनरल ऑफिसर हैं।

वह इससे पहले महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) नई दिल्ली कार्यालय में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) थीं। सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) पुणे की पूर्व छात्रा रही लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय को 30 दिसंबर 1986 को आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) में कमीशन किया गया था। उन्होंने एएफएमसी पुणे से 1994 में एमडी (पैथोलॉजी) और 1997 में डीएनबी (पैथोलॉजी) किया। 2000-2002 तक एम्स नई दिल्ली में ऑन्कोपैथोलॉजी में 2 साल की फेलोशिप और यूके के फैमर कील यूनिवर्सिटी से वर्ष 2020-22 में हेल्थ प्रोफेशनल एजुकेशन में डिप्लोमा भी किया। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित 100 से अधिक शोध पत्रों की लेखिका रही हैं।

एएमसी सेंटर में पदभार ग्रहण करने के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय।

▸▸ एएमसी सेंटर और कॉलेज की पहली महिला अधिकारी

प्रशासनिक और स्टाफ नियुक्तियों पर किया काम

कविता सहाय ने 37 वर्ष की सेवा के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक और स्टाफ नियुक्तियों पर काम किया है। बेस अस्पताल, दिल्ली कैंट में लैब मेडिसिन विभाग के एचओडी और प्रोफेसर, एएफएमसी में पैथोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) नई दिल्ली में लैब मेडिसिन विभाग के एचओडी और प्रोफेसर। उन्होंने सेना अस्पताल (आर एंड आर) नई दिल्ली में सलाहकार (पैथोलॉजी), उत्तरी कमान के कमान अस्पताल में डिप्टी कमांडेंट और वरिष्ठ कार्यकारी चिकित्सा अधिकारी (एसईएमओ) और महानिदेशक सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस), नई दिल्ली के कार्यालय में अपर डीजीएएफएमएस (एचआर) जैसी कई स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है।

मथुरा में 23 वर्ष पूर्व हुए जातीय संघर्ष में 15 दोषियों को उम्रकैद

मथुरा, एजेंसी : जनपद के हाईवे थाना के दतिया गांव में 23 वर्ष पहले 2001 में एक पंचायती भूखण्ड को लेकर हुए जातीय संघर्ष के सिलसिले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 15 आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा 73-73 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक सुरेश प्रसाद शर्मा ने गुरुवार को बताया कि थाना हाईवे (जो तब नरहौली थाने के नाम से जाना जाता था) के गांव दतिया में 23 जनवरी 2001 की सुबह सात बजे के करीब, पंचायती भूखण्ड पर सवर्ण पक्ष की ओर से निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया था। इस निर्माण कार्य का अनुसूचित जाति के लोगों ने विरोध किया था, जिसने जातीय संघर्ष का रूप ले लिया था। दलित पक्ष के होरीलाल ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि सवर्ण पक्ष ने गांव में मारपीट की, गोलियां चलायी और आगजनी की, जिसमें अनुसूचित जाति के राजेंद्र सिंह की जांघ में गोली लगी। वहीं, छह माह की बच्ची गुड़िया अपनी झोपड़ी में जिंदा जलकर मर गई।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में पहले पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) ने जांच की, लेकिन बाद में यह जांच अपराध शाखा-गुप्त जांच विभाग (सीबीसीआईडी) आगरा भेज दी गई। विवेचना में आठ और आरोपियों के नाम सामने आए। एक-एक कर दो चार्जशीट दाखिल किये गये। हालांकि, आरोपी पक्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय से सुनवाई के मामले पर स्थगन आदेश ले लिया।

वर्ग पहेली-330

बाएं से दाएं

1.1. हरा-भरा 2. हृष्ट-पुष्ट 3. उत्फुल्ल; प्रफुल्ल; आनंदमय।

5.1. अत्यंत भाग्यवान 2. पुण्यात्मा 3. सुविख्यात।

6. पानी रखने का छोटा घड़ा; छोटा गगरा; मटका।

7. विद्यालयों में पढ़ाने के लिए अध्यापक के रूप में प्रशिक्षित होने की परीक्षा तथा उपाधि; (बैचलर ऑव एजुकेशन)।

ऊपर से नीचे

1.1. वह बड़ा कलछा जिससे शीरा निकाला जाता है; बड़ी डोई 2. ताड़ी चुआने की हाँड़ी; लबनी।

2.1. रमज़ान के महीने में मुसलमानों के द्वारा रखा जाने वाला प्रतिदिन का उपवास 2. रमज़ान का एक दिन।

3. नमस्कार; सलाम।

4.1. जागते रहने की अवस्था या भाव; नींद न आना; जागना 2. किसी उत्सव

5. मगरिब या पश्चिम का; पाश्चात्य; पश्चिमी।



वर्ग पहेली - 329 का हल

1 घा	2 ति	नी	■	3 टो
■	रं	■	4 भू	ड़ी
5 अं	गा	रि	त	■
■	■	■	वा	6 धो
7 ह	ठ	वा	दी	खे
■	■	■	■	बा
■	8 धाँ	ध	ले	बा	ज़

सुडोकू -47

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

7	6			5		2		3
	3	9	6	1	8	5		
	5				7			
5	9						2	
	8			3			5	
	4						1	7
			4				3	
		4	2	7	3	9	6	
6		3		8			4	1

सुडोकू - 46 का हल

3	1	6	4	7	8	5	2	9
5	8	2	6	9	3	4	7	1
7	4	9	5	2	1	6	3	8
9	2	7	8	3	6	1	4	5
8	3	4	1	5	7	2	9	6
1	6	5	9	4	2	3	8	7
2	5	3	7	1	9	8	6	4
6	7	1	2	8	4	9	5	3
4	9	8	3	6	5	7	1	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-सप्तमी 16 .02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11 .58-12 .42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09 .03-09 .47, 12 .42-13 .26 तक।

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-स्वाती 3 फरवरी 05 .57 तक तत्पश्चात विशाखा।

मेष — आज बुरे विचारों से स्वयं को अप्रभावित रखें। पड़ोसियों से झगड़ा होने की आशंका है। अपने खानपान में तेल मसाला युक्त खाद्यों का ज्यादा प्रयोग न करें। पारस्परिक रिश्तों में निकटता बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

वृष — आज पिता के साथ वैचारिक मतभिन्नता हो सकती है। कारोबार में आपेक्षिक प्रगति होगी। घर वालों के साथ अच्छा वक्त बिताने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आश्वस्त रहेंगे।

मिथुन — आज विरोधियों की संख्या में कमी आएगी। खर्चों पर नियंत्रण करने की कोशिश होगी। दोपहर के बाद अपनी पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास रहेगा। पारिवारिक कारणों से मन बेचैन हो सकता है। माइग्रेन का दर्द उभर सकता है।

कर्क — आज आवश्यक कार्यों में विलंब न करें। किसी यात्रा पर चलने का विचार बना सकते हैं। वाहन चलाते वक्त सावधान रहें। अति आत्मविश्वास आपको असफलता की ओर ले जा सकता है। दोपहर के बाद आपकी आलोचना हो सकती है।

सिंह — आज सरकारी कार्यों में आपको परेशानी हो सकती है। पुरानी समस्याओं से सीखने का प्रयास करना चाहिए। कल तक जिन कार्यों से व्यय हो रहा था, उनसे धन प्राप्त होगा। घर में मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

कन्या — आज व्यापार में नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। मनोरंजक यात्रा का विचार बनाएंगे। घर में बिन-बुलाए मेहमान आ सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तनाव आने की आशंका है। नए संपर्कों का बेहतर लाभ उठाने का प्रयास करेंगे।

तुला — आज संध्या के समय कोई अच्छी खबर मिल सकती है। भविष्य के लिए नए व्यापार की योजना बनाएंगे। अपने शत्रुओं को कम आंकने की भूल न करें। कारोबार में नवीन प्रस्ताव मिल सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

वृश्चिक — आज अपने मित्रों और शुभचिंतकों पर व्यर्थ में शक न करें। मन में भावुकता और क्रोध का आधिक्य रहेगा। मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा धन लाभ होगा। प्रेम संबंधों में कुछ अनचाही स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

धनु — आज किसी मित्र द्वारा आपको करियर को लेकर अच्छी सलाह मिल सकती है। रियल एस्टेट में निवेश करने का विचार बनाएंगे। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले जातकों के लिए समय शुभ है।

मकर — आज नई योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए समय उत्तम है। अपने प्रेमी अथवा लवमेट्स को प्रपोज कर सकते हैं। संतान के व्यवहार से मन खिन्न रहेगा। आपके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ — आज विद्यार्थी करियर को लेकर कुछ लापरवाह हो सकते हैं। आपको पिता की सेहत का ध्यान रखना चाहिए। किसी से कोई वादा नहीं करना चाहिये। प्रतिष्ठित लोगों के समक्ष अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

मीन — आज दिन की शुरुआत तनावपूर्ण हो सकती है। आपको अपनी गुप्त बातें किसी से नहीं कहनी चाहिए। आत्मविश्वास की कमी के कारण निराशा का अनुभव कर सकते हैं। विदेशी भूमि पर रहने वाले जातकों के लिए दिन शुभ नहीं है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
एक द पॉवर ऑफ वन — सुबह : 11.15
जख्मी सिपाही — रात : 07 .00

SONY PIX
हेलबॉय — सुबह :10 .17
जुमांजी — रात : 07 .00

SONY MAX
तारा वर्सेज बिलाल — सुबह : 10 .22
हिंदी मीडियम — रात : 09 .40

ZEE CINEMA
इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10 .30
इंडिया लॉकडाउन — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
दुनिया — दोपहर : 12 .02
गोलमाल 3 — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति अपनी पत्नी को इंग्लिश सीखा रहा था ...
अगले दिन दोपहर में पत्नी डिनर ले लो जी।
पति-यह डिनर नहीं लंच है जाहिल औरत
पत्नी- जाहिल तू, तेरा पूरा खानदान यह रात का ही बचा हुआ खाना है ज्यादा दिमाग मत चला रोटी चर ले।

लड़की-पापा मुझे एक लड़का तंग करता है।
पिता-क्या सजा दूं उसे?
लड़की-मेरी शादी उससे करवा दो।
पिता-वाह बेटी वाह ... सजा देने में बिल्कुल अपनी मां पर गई है।

मैथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव–दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

एक नजर

नरेंद्र मोदी आज ग्लोबल एक्सपो को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो फरवरी दिन शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में देश की सबसे बड़ी और अपनी श्रेणी की पहली 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024' को संबोधित करेंगे। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, संपूर्ण परिवहन–संपर्क और मोटर–वाहन उद्योग मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा। एक्सपो में प्रदर्शनियां, सम्मेलन, क्रेता–विक्रेता बैठकें, राज्य सत्र, सड़क सुरक्षा मंडप और गो–कार्टिंग जैसे जन–केंद्रित आकर्षण भी शामिल होंगे। बयान में कहा गया कि 50 से अधिक देशों के 800 से अधिक प्रदर्शनी–आयोजकों के साथ, एक्सपो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों, स्थायी समाधानों और परिवहन की नयी तकनीकों पर प्रकाश डालेगा। एक्सपो में 600 से अधिक वाहन कल–पुर्जा निर्माताओं के अलावा, 28 से अधिक वाहन निर्माताओं की भागीदारी होगी। यहां 13 से अधिक वैश्विक बाजारों के 1000 से अधिक ब्रांड अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,625
गिन्नी (प्रति नग)	48,100–48,300

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,950
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,900।

अंतरिम बजट में लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से बचा गया

भारतीय अर्थव्यवस्था को 'रिफार्म, परफार्म प ट्रान्सफार्म, की आत्मा के सर्वांगीण व समावेशी विकास के लक्ष्य को इंगित करते हुए माननीय वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट 2024 प्रस्तुत किया। अर्थात यह सत्र का अंतिम बजट नहीं है इसलिए लगी हुई उम्मीदों का भी अंत नहीं है जबकि जुलाई तक आशा है। सरकार की तारीफ करनी चाहिए कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भी लोक लुभावन योजनाओं व नई घोषणाओं से इस बजट में बचा गया है और पिछले 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था में क्या परिवर्तन हुए उन पर बात की गई है यद्यपि गत 10 वर्षों में अर्थव्यवस्था का आकार बहुत बढ़ गया है लेकिन इस बड़ी अर्थव्यवस्था में डिस्ट्रीब्यूटिव जस्टिस की बात बजट में नहीं है। सुखद एहसास है कि अब संरचना विकास पर गत वर्ष के 10 लाख करोड रुपये पर 10 से बढ़कर 11.11 लाख करोड़ किया गया है जो प्रभावी मांग को बढ़ाकर उत्पादन व नवीन रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। इसी क्रम में तीन बड़े आर्थिक रेलवे कॉरिडोर को बनाना, 40000 बोगियों को वंदे भारत से जोड़ना, राज्यों में पर्यटन हेतु पर्यटन केंद्र विकसित करना आज निश्चित ही पूंजी सृजन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ाएंगे लेकिन कैसे और कब तक-प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 2 करोड़ नए घर बनाना लखपति दीदी योजना 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन योजना आत्मनिर्भर भारत और लैंगिक समानता के दावे को मजबूत करता है किंतु यह 4.5 के राजकोषीय घाटे और बजट घाटे के लक्ष्य में बाधा उत्पन्न ना करें इसका जिक्र नहीं है।

बजट पर विश्लेषण

डॉ. विकास प्रधान
अर्थशास्त्री

इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को प्रोत्साहन व नए सीमेंट उद्योगों की स्थापना ऊर्जा संरक्षण व देश में ऊंची विकास दर को प्रोत्साहन देने वाला कदम है किंतु इनके लिए फंडिंग का जिक्र ना होना निराशाजनक है और तब जब उनकी समय सीमा निर्धारित ना हो और चुनाव सिर पर हो तब यह महज घोषणाएं लगते हैं या सरकार पुनः सरकार गठन हेतु पूर्ण आशवसत है और पूर्ण बजट में इन्हें जारी रखेगी। इस अंतरिम बजट का एक निराशाजनक पहलू यह भी है जिसमें नौकरी पेसा, बेरोजगार विद्यार्थी, किसान, मध्यम वर्ग और ग्रहणिया शामिल है जिन्हें प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी प्राप्त नहीं हुआ है नौकरी पेसा के लिए कर स्लैब में कोई परिवर्तन न होना बेरोजगारों के लिए रोजगार हेतु नवीन औद्योगिकरण ना होना विद्यार्थियों हेतु नई शिक्षा नीति के उत्पादन के रूप में निकलने पर बाजार व सरकार की आवश्यकताओं में स्वीकार्यता पर प्रश्न होना सम्मान निधि व फसल बीमा योजना व अनुसंधान की बात ना होना बताता है कि यह काम चलाऊ अंतरिम बजट है पूर्ण बजट नहीं मध्यम वर्ग बा ग्रहणियों को मुद्रास्फीति से राहत न मिलाना भी इसी बात की ओर संकेत करता है।

निष्कर्ष : अंतरिम बजट 2024 सरकार का तीन–चार महीने का कार्य चल सके उसके लिए है, जबकि सभी की उम्मीदें पूरी करने के लिए नहीं। इस लिहाज से यह संतुलित लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा रहित विशुद्ध लोकतांत्रिक बजट है।

किंतु निराश लोगों को यह याद रखना चाहिए कि यह पूर्ण बजट नहीं है इसलिए उनकी उम्मीद और आशा जीवित रहनी चाहिए जो नई सरकार गठन के बाद पूर्ण बजट जुलाई 2024 में पूर्ण हो सकती है। अर्थशास्त्र का विद्यार्थी होने के नाते मेरी चिंता राजकोषीय घाटे व वित्तीय घाटे को लेकर है जो क्रमशः 4.5 व 5.5 का लक्ष्य अभी तक प्राप्त नहीं कर पाया जबकि इसके तहत इसे 3 के नीचे होना चाहिए। साथ ही रुपया कहां से आता है और कहाँ जाता है का समीकरण व चित्र बहुत उत्साहित करने वाला नहीं है। आज भी एक रूपये में ब्याज अदायिगियों पर 20 प्रतिशत का व्यय गैर उत्पादकीय है। इसे कम करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। वहीं प्राप्तयों में एक रुपये में सर्वाधिक 28 प्रतिशत प्राप्तियां उधार और अन्य देयताओं से होना अर्थ व्यवस्था पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही हैं जिनका ब्याज भुगतान करना अर्थव्यवस्था के आकार व्यापकीकरण में निश्चित ही बाधा उत्पन्न करेगा। इसके हल के लिये नये 'स्रोत व नये साधनों को विकसित करने की नीति बनानी होगी। जनसंख्या लाभांश और भारतीय कृषि में इस समस्या का हल छिपा हुआ है जिसे प्रोत्साहित व प्रयुक्त करना होगा यदि अमृतकाल के उपरांत 2047 तक हम विकसित भारत चाहते हैं तो आंतरिक रूप से साधनो विशेषकर श्रम साधनों को गतिशीलता देना, नए, बाजारों, नयी मण्डियों की स्थापना व ग्रामीण विकास को बल देना होगा जो पूर्ण बजट में शामिल होने की संभावना है।

वहीं प्रत्यक्ष करों में सुलभता व सरलता, आयुष्मान भारत प्रत्यक्ष करो में योजना को महत्व देना, राज्यों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराना आदि के लिये सरकार की सराहना करनी चाहिए जो सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को सिद्व करता है। जनसंख्या पर समिति का गठन अच्छे लक्षण हैं युवा शाक्त के आकडों गत संग्रहण की किन्तु इस शक्ति जनसांख्यिक लाभांश के रूप में लेकर उत्पादक बनाना होगा।

(लेखक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बीसलपुर, पीलीभीत के अर्थशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष हैं।)

बजट समावेशी विकास प्रदान करने में करेगा मदद

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने बजट को भविष्योन्मुखी, निरंतरता और विश्वास का बजट करार दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बृहस्पतिवार को पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 का स्वागत करते हुए कहा कि बजट भारत को जन-केंद्रित और समावेशी विकास प्रदान करने में मदद करेगा। उन्होंने बजट को भविष्योन्मुखी और '' निरंतरता तथा विश्वास का बजट'' करार दिया जिसमें आम चुनाव से पहले पेश किए जाने के बावजूद कोई लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई।

यह बजट आत्मविश्वास को दर्शाता है: आनंद महिंद्रा

महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि सीतारमण का यह बजट भाषण सबसे छोटे भाषणों में से एक था। इसका स्वागत है और यह आत्मविश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा, '' किसी भी लोकलुभावन कदम की घोषणा नहीं की गई जैसा कि चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है।

हीरानंदानी समूह के संस्थापक डॉ. निरंजन हीरानंदानी ने कहा-वित्त मंत्री ने एक एकीकृत तथा न्यायसंगत विकास बजट परिव्यय को 'डिकोड' किया है जिसमें महत्वपूर्ण सामाजिक सुधार, आर्थिक वृद्धि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाना, उभरते क्षेत्रों पर जोर देना और शहरी और ग्रामीण आवास को प्रोत्साहन देना शामिल है।

बायोकॉन लिमिटेड की चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने भी कहा कि वित्त मंत्री ने निरंतर आर्थिक वृद्धि के लिए एक व्यापक मार्ग प्रशस्त किया है जो भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल करने में सक्षम बनाएगा। जेडईआईएसएस समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (भारत) धवल राडिया ने कहा कि बजट दूरदर्शी है और यह निरंतरता और विश्वास का बजट है।

आरपीजी एंटरप्राइजेज के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने अंतरिम बजट की सराहना करते हुए इसका स्वागत किया। स्नैपडील के सह-संस्थापक कुणाल बहल ने कहा-विकसित भारत 2047'' का दृष्टिकोण निर्णायक शासन, प्रेरणादायक नेतृत्व तथा डिजिटल, भौतिक, सामाजिक बुनियादी ढांचे को वितरित करने के सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड की मजबूत नींव पर रखा गया है। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने पर्यटन तथा आतिथ्य क्षेत्र पर सरकार के जोर का स्वागत किया। क्रिशुमी कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक मोहित जैन ने कहा-वित्त मंत्री द्वारा खासतौर से मध्य वर्ग के लिए एक नई आवासीय योजना की घोषणा आवास क्षेत्र के लिए एक अच्छी खबर है। इससे मध्यम तथा किफायती मकानों की मांग में बढ़ोतरी की संभावना है।

कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत : चौहान

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **एनएसई के सीईओ बोले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए हो रहा काम**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि 50,000 करोड़ रुपये का कम विनिवेश लक्ष्य केंद्र सरकार की रणनीति में बदलाव का संकेत देता है, जिसमें वह किसी कंपनी को कम दाम के बजाय सही कीमत पर बेचना सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को मजबूत करने के लिए काम कर रही है जैसा कि हाल के दिनों में देखा गया है। चौहान ने कहा-वे (सरकार) यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उन्हें सार्वजनिक उपक्रमों की बिक्री से सर्वोत्तम कीमत मिले। इसलिए सामान्य तौर पर रणनीति बदली हुई प्रतीत होती है। राजनीतिक रूप से मजबूत शासन के लिए कम विनिवेश लक्ष्य पर किए सवाल पर उन्होंने यह बात कही। चौहान एक्सचेंज के प्रबंध निदेशक भी हैं।

भारत विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर कर रहा बातचीत: सीतारमण

नई दिल्ली,एजेंसी

▸▸ **वित्त मंत्री बोलीं-एफडीआई प्रवाह हो गया है दोगुना**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत विदेशी पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के मकसद से विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 2005-14 के दौरान प्राप्त प्रवाह की तुलना में 2014-23 के दौरान दोगुना होकर 596 अरब डॉलर हो गया है।

वित्त मंत्री सीतारमण ने 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा-भारत को पहले विकसित करने की भावना के साथ हम निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपने विदेशी भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि भारत ब्रिटेन जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश समझौतों पर बातचीत कर रहा है। ये निवेश समझौते एक-दूसरे के देशों में निवेश को बढ़ावा देने और उसकी सुरक्षा करने में मदद करते हैं। ये समझौते महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारत पहले ही ब्रिटेन की दूरसंचार कंपनी वोडाफोन और ब्रिटेन की केयर्न एनर्जी पीएलसी के खिलाफ पूर्व तिथि से कर लगाने के मामले में दो अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता मामले हार चुका है।

आईएमडी ने 199 जिला कृषि मौसम इकाइयां बंद करने का निर्णय लिया

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने ब्लॉक स्तर पर लाखों किसानों को मौसम से जुड़ी जानकारी प्रदान करने वाली सभी 199 जिला कृषि मौसम इकाइयों की सेवाओं को बंद करने का निर्णय किया है। इन इकाइयों से किसानों को फसलों का नुकसान कम करने तथा आय बढ़ाने में मदद मिलती थी। आईएमडी की ओर से 17 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार जिला कृषि मौसम इकाइयों (डीएएमयू) की सेवाओं को इस वित्त वर्ष (2023-2024) से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।

वर्ष 2024-25 में विनिवेश से 50,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पेश किए गए अंतरिम बजट में 50,000 करोड़ रुपये का विनिवेश लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही संशोधित अनुमानों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में विनिवेश से 30,000 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है।

पिछले साल का बजट पेश करते के समय 2023-24 में विनिवेश से 51,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा गया था। लोकसभा में पेश किए गए अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार सरकार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) में सार्वजनिक संपत्तियों के मौद्रीकरण से कोई राशि मिलने की उम्मीद नहीं है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के मुताबिक इस मद में 10,000 करोड़ रुपये हासिल करने की योजना थी। चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकार ने कोल इंडिया, एनएचपीसी, आरवीएनएल और आईआरईडीए सहित सात सरकारी उपक्रमों में अल्पांश हिस्सेदारी बेचकर 12,504 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सरकार को मार्च, 2024 तक विनिवेश से कुल 30,000 करोड़ रुपये जुटाने की उम्मीद है।

सरकार 25,000 रुपये तक की विवादित कर मांग वापस लेगी

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने प्रत्यक्ष कर मामले में पुराने विवादित कर मांग मामलों से लोगों को राहत देने का प्रस्ताव किया है। इसके तहत वित्त वर्ष 2009-10 तक 25,000 रुपये और 2010-11 तक 10,000 रुपये तक के विवादित कर मांग से लोगों को राहत दी जाएगी। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करते हुए कहा कि विवादित कर मांग को वापस लेने से एक करोड़ करदाताओं को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान करदाताओं के लिए सेवाओं में सुधार पर है।

सीतारमण ने तेल कंपनियों को इक्विटी समर्थन देने को अगले वित्त वर्ष तक टाला

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाओं में सार्वजनिक क्षेत्र के खुदरा ईंधन विक्रेताओं के निवेश में सहयोग देने के लिए इन कंपनियों में 15,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश को अगले वित्त वर्ष के लिए टाल दिया है।

सीतारमण ने पिछले साल एक फरवरी को 2023-24 का आम बजट पेश करते हुए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) में उनकी ऊर्जा परिवर्तन योजनाओं का समर्थन करने के लिए 30,000 करोड़ रुपये के इक्विटी निवेश की घोषणा की थी। इसके साथ ही, उन्होंने कर्नाटक के मैंगलोर और आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में रणनीतिक भूमिगत भंडारणों को भरने के लिए कच्चा तेल खरीदने के वास्ते 5,000 करोड़ रुपये का भी प्रस्ताव दिया था। भारत ने इन्हें किसी भी आपूर्ति व्यवधान से बचाने के लिए बनाया है। पिबृहस्पतिवार को लोकसभा में पेश 2024-25 के बजट के दस्तावेजों में सीतारमण ने चालू वित्त वर्ष में इक्विटी निवेश के लिए कोई आवंटन नहीं दिखाया।



कोलकाता के एक टेलीविजन शोरूम में बजट को लेकर उत्सुक लोग केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संसद में अंतरिम बजट 2024 पेश करते समय देखते हुए। ● एजेंसी

सरकार ने अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों के लिए चीनी पर सब्सिडी 2 साल तक बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को 'अंत्योदय अन्न योजना' (एएवाई) में शामिल 1.89 करोड़ परिवारों को राशन दुकानों के जरिये बांटी जाने वाली चीनी पर सब्सिडी को दो साल के लिए बढ़ा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित की जाने वाली चीनी पर सब्सिडी की योजना को 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, सब्सिडी योजना के तहत केंद्र सरकार राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह 18.50 रुपये प्रति किलोग्राम की सब्सिडी देती है। इस चीनी की खरीद एवं वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की होती है। बयान में कहा गया, इस मंजूरी से 15वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि में 1,850 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दिए जाने की उम्मीद है। इस योजना से देश के लगभग 1.89 करोड़ एएवाई परिवारों को फायदा होने की उम्मीद है। यह योजना सबसे गरीब लोगों तक चीनी की पहुंच को आसान बनाती है। केंद्र सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन दे रही है। इसके अलावा सस्ती दरों और उचित कीमतों पर 'भारत आटा', 'भारत दाल', टमाटर और प्याज की बिक्री भी की जा रही है। अबतक लगभग तीन लाख टन भारत दाल (चना दाल) और लगभग 2.4 लाख टन भारत आटा बेचा जा चुका है।

चुनौतियों के बावजूद निर्यात वृद्धि रहेगी बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले बजट ने मजबूत नींव रखी है**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि इजराइल-हमास युद्ध जैसे मुद्दों के कारण उभरी वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत ने अपनी निर्यात वृद्धि बरकरार रखी है। दिन में पेश अंतरिम बजट पर उन्होंने कहा कि इसने आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत नींव रखी है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि निश्चित रूप से, इन संघर्षों के कारण देश को 'बहुत गंभीर' चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बजट के बाद गोयल ने कहा-लेकिन इन चुनौतियों के बावजूद, भारत आर्थिक वृद्धि के मामले में उज्ज्वल स्थान बना हुआ है। ...और हमने अपने निर्यात को व्यापक रूप से जारी रखा है। मुझे लगता है, भारत की कहानी मजबूती और ताकत की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के बाद अपने भाषण में कहा कि भूराजनीतिक रूप से युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक मामले अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, इस्राइल-हमास संघर्ष और लाल सागर संकट ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर दिया है। लाल सागर सबसे व्यस्त व्यापार मार्ग है क्योंकि यहां से वैश्विक कंटेनर यातायात का 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 12 प्रतिशत हिस्सा होता है।

गोयल ने कहा कि इन चुनौतियों के कारण व्यापार के मोर्चे पर हमारी वृद्धि क्षमता काफी धीमी हो गई है और कमजोरी दिख रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2023 में भारत का निर्यात केवल एक प्रतिशत बढ़कर 38.45 अरब डॉलर रहा है, जबकि व्यापार घाटा तीन महीने के निचले स्तर 19.8 अरब डॉलर तक कम हो गया।

बजट राजकोषीय समेकन लक्ष्यों पर सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक

नई दिल्ली। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024-25 का अंतरिम बजट राजकोषीय समेकन लक्ष्यों के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुजमैन ने कहा कि सरकार ने इस साल आम चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर तोहफे न देकर या विवेकाधीन खर्च नहीं बढ़ाकर राजकोषीय संयम का रास्ता अपनाया। उन्होंने कहा-सरकार का अनुमान है कि नियोजित बुनियादी ढांचे के खर्च में बढ़ोतरी के बावजूद, सकल घरेलू उत्पाद के मुकाबले खर्च में कमी से राजकोषीय घाटे में कमी आएगी। गुजमैन ने कहा कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल में कई ऐसे खर्च सामने आ सकते हैं, जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है।

रेल मंत्री वैष्णव बोले | 5 साल में करीब 11 लाख करोड़ रुपये की लागत से 3 आर्थिक गलियारों का किया जाएगा निर्माण

बजट में विकसित भारत की रेल का ब्ल्यू प्रिंट

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में विकसित भारत की रेलवे के ब्ल्यू प्रिंट को मंजूरी दी गयी है जिसके अंतर्गत अगले पांच साल में करीब 11 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन आर्थिक गलियारों के निर्माण किया जाएगा जिससे मालवहन क्षमता दोगुनी और यात्रीवहन क्षमता में एक तिहाई से अधिक की वृद्धि को समायोजित किया जा सकेगा। इस बार के बजट में रेलवे के पूंजीगत व्यय आवंटन दो लाख 52 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो वर्ष 2023-24 के आवंटन दो लाख 40 हजार करोड़ रुपये की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट में रेलवे के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि विकसित भारत की रेलवे के ब्ल्यू प्रिंट में यात्रियों की वेटिंग लिस्ट खत्म करना है।

उन्होंने कहा कि इस समय रेलवे साल में 700 करोड़ यात्रियों का परिवहन करती है। इस क्षमता को 1000 करोड़ यात्री प्रति वर्ष के स्तर पर ले जाना है। रेलवे इस समय करीब 1500 अरब टन माल ढुलाई करती है, इसे 3000 अरब टन की ढुलाई के लिए सक्षम बनाना है। नयी प्रौद्योगिकी से यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाना है और संरक्षा सुनिश्चित करनी है। रेल मंत्री ने कहा कि इस बजट में रेलवे के विकास को प्रधानमंत्री गतिशक्ति परियोजना के अंतर्गत ले लिया गया है और आर्थिक विकास को बल देने के लिए तीन आर्थिक गलियारों -ऊर्जा, खनिज एवं सीमेंट गलियारा, बंदरगाहों से कनेक्टिविटी के लिए रेल सागर गलियारा और सघन यात्री यातयात वाला अमृत चतुर्भुज गलियारा, को विकसित करने की घोषणा की गयी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इसके लिए 40 हजार किलोमीटर की रेललाइन बिछायी जाएगी। उन्होंने यह काम आने वाले पांच साल में काम पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा खनिज एवं सीमेंट गलियारे एवं रेल सागर गलियारों पर समेकित योजना बना कर काम किया जाएगा। आरंभ के बिन्दु और गंतव्य के बिन्दु के बीच संपर्क मार्ग को उच्च क्षमता के लिए विकसित किया जाएगा। डबल लाइन में तीसरी एवं चौथी लाइन और चार लाइनें हैं तो पांचवीं एवं छठवीं लाइन बिछायी जाएगी। जरूरत हुई तो नई लाइन बिछाई जाएगी।

आखिरी सुपर सिक्स मैच में भारत का सामना नेपाल से

अंडर 19 विश्व कप : नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगा भारत

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रवेश करने के लक्ष्य से उतरेगी। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान और भारत दोनों के 6 अंक हैं लेकिन रन रेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली टीम अब तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं, जबकि नेपाल ने एक भी नहीं जीता है।

भारत के आगे कहीं नहीं ठहरती नेपाल की टीम

मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए, जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। स्वामी कुमार पांडे ने अब तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान उदय सहारन, विकेटकीपर अरावल्ली अवनीश, आक्रामक हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था, जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाए, जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने 5 विकेट लिए थे।

टीमें

भारत : अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव, सौम्य कुमार पांडे, मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन, धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिंबानी और नमन तिवारी।

नेपाल : देव खानाल (कप्तान), अर्जुन कुमल, आकाश त्रिपाठी, दीपक प्रसाद डुमरे, दुर्गेश गुप्ता, गुलशन कुमार झा, दीपेश प्रसाद कांडेल, बिशाल बिक्रम केसी, सुभाष भंडारी, दीपक बोहारा, उत्तम रंगु थापा, बिपिन रावल, तिलक राज भंडारी, आकाश चंद।

आईसीसी एजीएम की मेजबानी श्रीलंका को

कोलंबो, एजेंसी। निलंबन हटने के बाद श्रीलंका क्रिकेट जुलाई में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की मेजबानी करेगा। श्रीलंका के खेल मंत्री हरिन फर्नांडो ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संचालन में सरकारी हस्तक्षेप के बाद निलंबित किए जाने पर श्रीलंका ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप की मेजबानी भी गंवा दी थी।

फर्नांडो ने कहा कि श्रीलंका कोलंबो में 19 से 22 जुलाई तक एजीएम की मेजबानी करेगा। इससे क्रिकेट और पर्यटन के मामले में श्रीलंका को काफी बढ़ावा मिलेगा। दरअसल फर्नांडो ने दिसंबर में रणसिंघे की ओर से जारी राजपत्र को हटा दिया था जिसके बाद रविवार को निलंबन हटा दिया गया।

इंग्लैंड ने भारत ए को 192 रन पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी

मैथ्यू पोट्स ने 6 और ब्राइडन कार्स ने 4 बल्लेबाजों को किया आउट, सिर्फ देवदत्त पडिक्कल ही टिककर खेल पाए

मैथ्यू पोट्स और ब्राइडन कार्स की तेज गेंदबाजी जोड़ी के तूफानी प्रदर्शन से इंग्लैंड लॉयन्स ने तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को भारत ए को 192 रन पर ऑल आउट कर दिया। कई खिलाड़ियों के मुख्य टीम से जुड़ने के बाद भारत ए टीम कुछ कमजोर हुई है। इस चार दिवसीय मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड लॉयन्स ने एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। एलेक्स लीस (48) और ओलिवर प्राइस (20) स्टंप के समय क्रीज पर थे। इंग्लैंड लॉयन्स की टीम पहली पारी के आधार पर अब सिर्फ 94 रन पीछे है।

पोट्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 57 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने लगातार दूसरी बार 6 विकेट हासिल किए। वह तीन मैच में 18 विकेट चटका चुके हैं। कार्स ने पोट्स का अच्छा साथ देते हुए 52 रन देकर 4 विकेट चटकाए।

सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए दो सत्र के भीतर आउट हो गई। जवाब में सलामी बल्लेबाज लीस और कीटोन जेनिंग्स (17) ने टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। आकाशदीप ने जेनिंग्स को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। लीस और प्राइस ने दूसरे विकेट के लिए 71 रन की अटूट साझेदारी करके दिन के बाकी खेल के दौरान मेजबान टीम के गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा। तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे है।

बैजबॉल के खिलाफ भारत को बदलनी होगी रणनीति

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल चोट के कारण बाहर होने से पहले ही मुश्किल में है भारतीय टीम

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहला टेस्ट गंवाने के बाद भारत को शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड की बेखौफ बैजबॉल शैली का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ उतरना होगा, जबकि उसके प्रमुख खिलाड़ी भी चोट के कारण बाहर हैं। अपनी धरती पर काफी मजबूत भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट के कारण बाहर होने से उसका काम और मुश्किल हो गया है।

नेट पर अभ्यास करते शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल। ● एजेंसी

कुलदीप, वॉशिंगटन या सौरभ का खेलना संभव

जडेजा की गैर मौजूदगी में कुलदीप यादव खेल सकते हैं या भारत जसप्रीत बुमराह के रूप में एक तेज गेंदबाज के साथ उतरता है या फिर वॉशिंगटन सुंदर के रूप में एक और स्पिनर को उतारता है। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को भी टीम में जगह दी गई है। भारतीय बल्लेबाजों को भी पहले टेस्ट में नए स्पिनर टॉम हार्टली ने परेशान किया। दूसरी पारी में सिर्फ रोहित आत्मविश्वास से भरे दिखे, जबकि शुभमन गिल समेत युवा ब्रिगेड ने निराश किया। तीसरे टेस्ट में विराट कोहली की वापसी होगा जिससे गिल और श्रेयस अय्यर पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार खेल सकते हैं। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद आखिरकार सरफराज खान को चयनकर्ताओं ने मौका दिया है और वह पदार्पण को बेताब होंगे।

3 साल पहले भी ऐसे ही थे हालात

तीन साल पहले भी भारतीय टीम को इन्हीं हालात से दो-चार होना पड़ा था, तब चेन्नई में पहले टेस्ट में उसे इंग्लैंड ने हराया था लेकिन वापसी करके भारत ने श्रृंखला जीती थी। हालांकि जो रूट की कप्तानी वाली वह टीम अलग थी और इस बार भारत को वापसी करने के लिए इंग्लैंड की ऐसी टीम को हराना होगा, जिसने टेस्ट क्रिकेट खेलने के मानदंड ही बदल दिए हैं। हैदराबाद में पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद उसने आक्रामक खेल की अपनी बैजबॉल शैली से वापसी करके 28 रन से मैच जीता। ओली पोप ने स्वीप और रिवर्स स्वीप की ढाल बनाकर भारतीय फिरकी को बखूबी झेला, जिससे रोहित शर्मा और उनकी टीम हैरान रह गई। पोप के आगे भारत का विख्यात स्पिन आक्रमण बौना साबित हो गया।

अश्विन और अक्षर पटेल पर निगाहें

चोट से उबरने वक्त लगने के कारण जडेजा और शमी टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो सकते हैं। ऐसे में 500 टेस्ट विकेट से 4 विकेट दूर रविचंद्रन अश्विन को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। अक्षर पटेल को भी विकेट लेने के रनों पर अंकुश लगाना होगा। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पहले मैच में मिली हार के बाद कहा था कि अगले मैच में उनका ध्यान होगा कि वे सही रणनीति के साथ उतरे और प्रदर्शन अधिक अनुशासित हो। पिछले मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके।

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका

इंग्लैंड के पास 2-0 से बढ़त बनाने का मौका है। बेन स्टोक्स ने बेहतरीन कप्तानी का नमूना पेश किया है। युवा स्पिनर हार्टली को पहली पारी में अतिरिक्त स्पैल देना उनका मास्टर स्ट्रोक रहा। इंग्लैंड के लिए चिंता का विषय अनुभवी स्पिनर जैक लीच का चोटिल होना है। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को उनकी जगह उतारा जा सकता था लेकिन वह भी उपलब्ध नहीं हैं। मैकुलम ने कहा था कि पहले टेस्ट की तरह पिच टर्न लेगी तो हम चौतरफा स्पिन आक्रमण उतार सकते हैं। पहले मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड प्रभावित नहीं कर सके। लिहाजा गुस एटकिंसन, जेम्स एंडरसन या ओली रॉबिनसन को उतारा जा सकता है।

पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी

कोलकाता एजेंसी। चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। पृथ्वी शॉ अगस्त में नॉथैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी। 41 बार की रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उसने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट में जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

खेल डायरी

युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा अगले साल

गैंगनेउंग। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा कि कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा कि इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा कर सकते हैं। इसके लिए आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और गुरुवार शाम इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समारोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

अवनि एशिया पेसिफिक टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर

पटाया। भारत की अवनि प्रशांत गुरुवार को पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन के साथ महिलाओं के एमेच्योर एशिया पेसिफिक गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रही हैं। अवनि ने पहले दौर में छह बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। थाईलैंड की इला गेलिटस्काई और नोवापोर्न सूनत्रीयापास व चीनी ताइपे की चेन वेइ वू पांच अंडर 67 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। अन्य भारतीयों में विधात्री उर्स (73) और सानवी सोमु (73) संयुक्त 39वें पर चल रहे हैं। पदार्पण कर रहीं कीर्तना राजीव नायर (81) और हीना कांग (81) संयुक्त 84वें, जबकि मन्नत बरार (82) 86वें स्थान पर हैं।

मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे चोटिल रोनाल्डो

रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को मुकाबला होना था। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बार्सीलोना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

घरेलू मैचों में भारतीय हॉकी टीम की कमान हरमनप्रीत को

नई दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के मैचों में भारतीय हॉकी टीम के कप्तान होंगे। मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान होंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिए गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम का एलान किया। भुवनेश्वर में खेला जाने वाला चरण 10 से 16 फरवरी तक चलेगा, जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा। भारतीय टीम आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो-दो बार खेलेगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन नहीं हैं जो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टीम में शामिल थे। गोलकीपर का जिम्मा पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक संभालेंगे। डिफेंस में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह होंगे। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम होंगे। फॉरवर्ड में ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर होंगे।

त्रीशा-गायत्री, मंजूनाथ और अस्मिता क्वार्टर फाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई लेकिन दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत अपने से कम रैंकिंग वाले भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में अस्मिता चालिहा भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रहीं। त्रीशा और गायत्री ने प्री क्वार्टर फाइनल में तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी को सीधे गेम में 21-15, 24-22 से हराया। त्रीशा और गायत्री अगले दौर में फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया कहाया प्रातिवी की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। मंजूनाथ अंतिम आठ के मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कालजोव से भिड़ेंगे।

थाईलैंड मास्टर्स

पुरुष एकल में एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को चीनी ताइपे के चुन यी लिन के खिलाफ 9-21, 11-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अस्मिता भी चीनी ताइपे की यू पो पाइ को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

चेन्नई ओपन में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे सुमित नागल

चेन्नई, एजेंसी। सुमित नागल रविवार से शुरू होने वाले चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 100 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। रामकुमार रामनाथन और मुकुंद शशिकुमार पुरुष एकल में अन्य खिलाड़ी होंगे, जिन्हें मुख्य ड्रा में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इटली के लुका नार्डी शीर्ष वरीय खिलाड़ी होंगे।

टूर्नामेंट में 14 देशों के खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं लेकिन पिछले साल के विजेता आस्ट्रेलिया के मैक्स पुर्सेल हिस्सा नहीं ले रहे हैं क्योंकि वह अन्य एटीपी प्रतियोगिता में खेल रहे हैं। युगल वर्ग में भारत के अर्जुन काधे और जीवन नेदुनचेझियान शीर्ष वरीय हैं। देश में खेले जाने वाली चार चैलेंजर सीरीज में यह पहला टूर्नामेंट हैं जबकि अन्य बेंगलुरु, पुणे और दिल्ली में खेले जाएंगे। एकल मुख्य ड्रा में 32 खिलाड़ी और युगल में 16 जोड़ियां हार्ड कोर्ट पर उतरेंगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 1,33,250 डॉलर होगी।

हादसे के बाद पैर खोने का था डर : ऋषभ पंत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि 13 महीने पहले हुए भयावह कार हादसे के बाद उन्हें अपना दाहिना पैर गंवाने का डर था। वह उस समय काफी डर गए थे। उनकी एसयूवी हादसे के बाद सेडान लग रही थी। उनके दाहिने घुटने की हड्डी खिसक गई थी और काफी दर्द हो रहा था। वहां आसपास कोई था जिसने घुटने को सही जगह पर पहुंचाने में मदद की।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ने बयां की कार हादसे की दास्तां

रजत कुमार और निशु कुमार ने पंत को उनकी एसयूवी से निकाला था, जो बाद में आग की लपटों में घिर गई थी। ऋषभ पंत का शुरुआती इलाज देहरादून में हुआ, इसके बाद उन्हें मुंबई ले जाया गया। दाहिने घुटने के आपरेशन के बाद पंत ने बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन शुरू किया। वह मार्च में आईपीएल के जरिये वापसी कर सकते हैं।

अब सभी लोग गाड़ी चलाने से कर रहे हैं मना

ऋषभ पंत ने कहा कि हर कोई उन्हें अब गाड़ी चलाने के लिए मना कर रहा है लेकिन कोई भी उनसे ज्यादा डरा नहीं है। वह अब भी गाड़ी चलाएंगे क्योंकि उन्हें चलाना पसंद है। एक हादसा हो गया तो इसका मतलब यह नहीं कि उन चीजों को दोबारा न करें। पंत ने कहा कि वह करीब एक महीने तक बिस्तर पर रहे और सामान्य चीजें करने के लिए परेशान थे। उन्होंने धीरे धीरे घूमना शुरू किया। उन्होंने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि दांत साफ करना इतना अच्छा लगेगा। जब नहाने गया तो बाथ टब से निकलना ही नहीं चाह रहा था। इन छोटी चीजों में खुशी मिली क्योंकि भाग्यशाली था कि दूसरी जिंदगी मिली। डॉक्टरों ने भी कहा कि दुर्घटना के बाद कोई फ्रेक्चर नहीं था।

बॉलीवुड हलचल

फाइटर में ऋतिक के साथ काम करके खुश हैं महेश शेट्टी



अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर फाइटर महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर महेश ने कहा कि वायु सेना के शब्दकोष में एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और उनके बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर यारा के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे, मधुर और मजाकिया स्वभाव के हैं। जिस तरह से उन्होंने कहानियां सुनाईं, उसने हमेशा चकित कर दिया। किसी को एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।

अर्जुन रामपाल चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड से सम्मानित

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल को चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड से सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल को सिनेमा और संस्कृति में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अर्जुन रामपाल ने सोशल मीडिया पर पुरस्कार समारोह की तस्वीर साझा करते हुए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के माननीय 37वें मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति केजी बालाकृष्णन के हाथों चैंपियंस ऑफ चेंज अवार्ड प्राप्त कर बहुत ही सम्मानित महसूस कर रहा हूं। न्यायमूर्ति ज्ञानसुधा मिश्रा (पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट) का आभारी हूं कि उन्होंने इस सम्मान को और भी प्रभावी बनाया, वह समाज और फिल्म इंडस्ट्री में लगातार अपना योगदान देते रहेंगे।

कॉकटेल 2 में साथ नजर आ सकती हैं सारा अली और अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे और सारा अली खान सोशल मीडिया पर अपनी दोस्ती के लिए अक्सर चर्चा में रहती हैं। अब रूपहले पर्दे पर भी दोनों एक साथ नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में चर्चा हैं कि हाल में दोनों को एक साथ मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस के बाहर देखा गया, जिसने कॉकटेल फिल्म बनाई थी और कॉकटेल 2 बनाने जा रहा है। माना जा रहा है कि कॉकटेल 2 में ये दोनों अभिनेत्री एक साथ दिख सकती हैं। दोनों की मेकर्स से इसे लेकर बात चल रही है। हाल ही में करन जौहर के शो में भी दोनों साथ नजर आई थीं और कई बड़े खुलासे किए थे। हालांकि इस फिल्म में उनके एक साथ काम करने को लेकर कोई अधिकारिक खबर सामने नहीं आई है लेकिन इंडस्ट्री में दोनों के अगली फिल्म में साथ काम करने को लेकर चर्चा जोरों पर हैं।

2012 में रिलीज हुई थी सैफ अली खान की कॉकटेल

फिल्म कॉकटेल को साल 2012 में रिलीज किया गया था। इस फिल्म में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी समेत कई बड़े कलाकारों ने भूमिका निभाई थी। दीपिका पादुकोण और सैफ अली खान की इस फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज

सनोज मिश्रा निर्देशित फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की स्थिति और वहां पर हो रहे अत्याचारों को इंगित करते हुए बनाई गई है। इसके ट्रेलर में दिखाया गया है कि किस कदर वहां के मुसलमानों ने धर्म परिवर्तन के नाम पर हिंदू महिलाओं के साथ जोर जबरदस्ती की और उनकी बात नहीं मानने वाली महिलाओं के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। वसीम रिजवी फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह हैं। फिल्म के लेखक और निर्देशक सनोज मिश्र हैं। फिल्म के कलाकारों में अर्शिन मेहता, यजुर मारवाह, दीपक कंबोज, अल्फिया शेख, गरिमा कपूर, रीना भट्टाचार्य, गौरी शंकर, देव फौजदार, अनिल अंजुनिल, संजू सोलंकी, डॉ. रामेंद्र चक्रवर्ती, दीपक सूठा, जितेंद्र नारायण सिंह, जनार्दन सिंह मयूर, अनुज दीक्षित, नीत महल शामिल हैं। फिल्म के सह निर्माता क्षत्रपाल सूर्यवंशी, संजय कुमार और अर्जुन सिंह हैं। फिल्म के छायाकार सत्यपाल सिंह, संपादक रंजीत प्रसाद और संगीतकार ए आर दत्ता हैं।

सेहत के लिए फिल्मों से ब्रेक लेंगे प्रभास

टॉलीवुड सुपरस्टार प्रभास को लेकर एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सालार की बंपर सक्सेस के बाद एक्टर इन दिनों अपनी फिल्म राजा साब को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इस बीच खबर आ रही है कि सुपरस्टार प्रभास अपनी फिल्म की रिलीज के बाद ब्रेक लेने की तैयारी में हैं। इसकी वजह उनकी सेहत बताई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि प्रभास लंबे समय से घुटने में दर्द की शिकायत से जूझ रहे हैं। वह घुटने की सर्जरी के लिए विदेश यात्रा भी कर चुके हैं। ऐसे में अब प्रभास अपनी सेहत पर थोड़ा ध्यान देना चाहते हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

शरद के पोते से ईडी की दूसरी बार पूछताछ

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

मुंबई, एजेंसी

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायक रोहित पवार आज प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उनपर सहकारी बैंक घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगा है। बता दें कि रोहित पवार राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते हैं।

पिछले 10 दिनों में दूसरी बार रोहित पवार ईडी के समक्ष पेश हुए हैं। 38 वर्षीय राकांपा नेता कर्जन जामखेड से विधायक है। ईडी ने उनसे आखिरी बार 24 जनवरी को पूछताछ की थी। गुरुवार को वह दक्षिणी मुंबई के बैलार्ड स्टेट स्थित ईडी दफ्तर पहुंचे। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य भी उनके साथ मौजूद थे। इस दौरान रमेश पवार की पत्नी प्रतिभा पवार राकांपा दफ्तर पहुंची।

रमेश पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले फिलहाल नई दिल्ली में हैं। ईडी दफ्तर के पास राकांपा कार्यालय में सैकड़ों राकांपा नेता एकत्रित हुए। ईडी के दफ्तर के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई है। बता दें कि महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक मनी लॉन्ड्रिंग मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की अगस्त 2019 की एफआईआर से प्रकाश में आया है।

इस साल पांच जनवरी को ईडी ने रोहित पवार की स्वामित्व वाली कंपनी बारामती एग्रो की बारामती, पुणे और औरंगाबाद परिसर पर तलाशी ली। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

दिल्ली जल बोर्ड घोटाला मामला: जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े घोटाला मामले में गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घंटों पूछताछ की जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इससे पहले ईडी मुख्यालय में ही अधिकारियों ने दोनों से घंटों पूछताछ की थी। माना जा रहा है कि पूछताछ में कई ऐसे खुलासे हुए हैं जिनके आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी जगदीश कुमार अरोड़ा और अनिल कुमार अग्रवाल को कोर्ट में पेश कर आगे की पूछताछ के लिए इनका रिमांड मांगेगी।

47 लाख करोड़ के मालिक इब्राहिम बने मलयेशिया के सुल्तान

कुआलालंपुर। मलयेशिया में जोहोर राज्य के इब्राहिम इस्कंदर देश के नए सुल्तान बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को देश के 17वें सुल्तान के रूप में शपथ ली। वह अगले पांच वर्षों तक देश के सुल्तान बने रहेंगे। बता दें कि ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद साल 1957 से ही मलयेशिया में हर पांच वर्षों में सुल्तान का चयन होता है।

बता दें कि सुल्तान इस्कंदर शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनके बड़े बेटे मलयेशिया के क्राउन प्रिंस टुंकू इस्माइल भारतीय सेना में कैप्टन भी रह चुके हैं।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर के पास कुल 47.33 लाख करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा उनके पास 300 लग्जरी कारें भी हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, सुल्तान के पास उनकी एक प्राइवेट आर्मी भी है और बोइंग 737 समेत कई प्राइवेट जेट भी हैं।

मंगल पर मिले सूक्ष्म जीवन के महत्वपूर्ण संकेत

▸▸ नासा के दृढ़ता रोवर ने की खोज विज्ञानियों ने कहा- मंगल पर जीवन बसाने की उम्मीद जागी

नैनीताल कार्यालय

मंगल ग्रह की तस्वीर।

अमृत विचार : मंगल ग्रह के जेजेरो क्रेटर के समीप प्राचीन झील की तलछट में सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य मिले हैं। नासा के दृढ़ता रोवर ने यह महत्वपूर्ण खोज की है। नासा के विज्ञानियों के अनुसार इस खोज से मंगल की धरती पर जीवन बसाने की उम्मीद को बल मिलता है। जीवन के यह निशान लाल ग्रह मंगल के 45 किलोमीटर चौड़े जेजेरो क्रेटर के अंदर पाए गए हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि इस गड्ढे में कभी बड़ी झील थी। रोबर ने इस झील से कई सबूत एकत्र किए हैं। जिनसे पता चलता है कि यहाँ कभी जीवन रहा होगा। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) और ओस्लो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिको ने शोध कर इसका खुलासा किया है। उनका कहना है कि ताजा सबूतों से उम्मीद जगती है कि इस गड्ढे में सूक्ष्मजीवी जीवन रहा होगा। यदि मंगल ग्रह पर जीवन मौजूद रहा होगा तो मंगल की धरती पर भविष्य में जीवन बसाना होगा।

विज्ञानियों ने बताया है कि, प्राचीन मंगल ग्रह के रोगाणुओं ने हाइड्रोजन हजम कर ली और मीथेन का उत्पादन किया। उन्होंने धीरे-धीरे अपने ग्रह के गर्मी को जकड़ने वाले आवरण को खा लिया।

उन्होंने मंगल को अंततः इतना ठंडा बना दिया कि वह जीवन के रूपों को विकसित करने लायक नहीं रहा। मंगल ग्रह की सतह का तापमान 10 से 20 डिग्री सेल्सियस की एक सहनीय सीमा से गिरकर माइनस 57 सेल्सियस हो गया और जीवाणु ग्रह की भीतरी परत की तरफ भाग गए।

दो दशक से मंगल पर जीवन बसाने की हो रही कवायद

पृथ्वी पर घटते प्राकृतिक संसाधन व तेजी से बढ़ती मानव जनसंख्या ने वैज्ञानिकों को मानव का दूसरा घर बसाने को लेकर बाहरी ग्रह की तलाश है और मंगल एकमात्र ग्रह है, जो हमारी उम्मीद की पूर्ति कर सकता है। जिसके चलते इस ग्रह पर जीवन बसाने की कवायद की जा रही है। अमेरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा इस दिशा में सर्वाधिक सक्रिय है और अभी तक कई मिशन भेज चुका है। इस दिशा में भारत भी पीछे नही है। 2013 में इसरो ने मार्स ऑर्बिटर भेजा था। इसरो का उद्देश्य मंगल के वारावरण में जीवन की संभावना तलाश करना था। जिसमें वह सफल रहा।

एक नजर

मैक्सिको: बुल फाइटिंग पर सुप्रीम कोर्ट की रोक हटते ही उमड़ा हुजूम

मैक्सिको सिटी। करीब डेढ़ साल के इंतजार के बाद मैक्सिको में एक बार फिर से बुल फाइटिंग की भव्य वापसी हुई है।

प्लाजा मैक्सिको एरीना में हुई बुल फाइटिंग को देखने के लिए सैंकड़ों लोग पहुंचे। दरअसल, मैक्सिको सिटी के पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने इस खेल में पशुओं से बर्बरता का हवाला देते हुए स्थानीय कोर्ट में अपील की थी। जिस पर मई 2022 में लोकल कोर्ट ने बुल फाइटिंग पर रोक लगा दी। बुल फाइटिंग के समर्थकों की डेढ़ साल की कानूनी लड़ाई के बाद मैक्सिको के हाईएस्ट कोर्ट (सुप्रीम कोर्ट) ने लोकल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, 300 से ज्यादा पशु अधिकार कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल के बाहर प्रदर्शन किया।

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने पक्षी जैसे उड़ने वाले रोबोट बनाए

वाशिंगटन। अमेरिका की यूनिवर्सिटी 'न्यू मेक्सिको टेक' के वैज्ञानिकों ने पक्षियों से प्रेरित होकर उड़ने वाले रोबोट बनाए हैं, जिन्हें 'टेक्नो-टैक्सीडमर्मी मॉडल' कहा जाता है। हालांकि, अभी तक ये रोबोट असली पक्षियों की तरह उतने अच्छे से उड़ नहीं पाते हैं। वे हवा में तैर सकते हैं। थोड़ा ऊंचा उड़ सकते हैं और गर्म हवा के प्रभाव में आने पर थोड़ा ऊपर जा सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इनका इस्तेमाल जासूसी ड्रोन की तरह किया जा सकता है। लेकिन असल में इनका उद्देश्य 'वन्यजीवों की निगरानी के लिए प्रकृति-प्रेमी ड्रोन' बनाना है। पुराने ड्रोन शोर और अनजान होने के कारण वन्यजीवों को परेशान करते हैं। इसलिए वैज्ञानिक ऐसे ही चुपचाप उड़ने वाले और प्राकृतिक दिखने वाले ड्रोन बना रहे हैं, ताकि जंगली जानवरों की निगरानी और उनके बारे में जानकारी आसानी से मिल सके।

कनाडा: गिरफ्तार तीन भारतवंशी अमेरिका प्रत्यर्पित होंगे

टोरंटो। कनाडा में गिरफ्तार तीन भारतवंशियों को मेक्सिको और उत्तरी अमेरिकी देशों के बीच ड्रग्स की तस्करी करने वाले नेटवर्क से कथित संबंधों के लिए अमेरिका में प्रत्यर्पित किया जाएगा। एफबीआइ और रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के बीच संयुक्त अभियान ने संगठित अपराध गिरोह में कथित भूमिका के लिए 19 लोगों को आरोपित किया है। आरसीएमपी ने मंगलवार को कहा कि ब्रैम्पटन से 25 वर्षीय आयुष शर्मा और 60 वर्षीय गुरअमृत सिद्धू और कैलगरी से 29 वर्षीय सुभम कुमार को अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं, एक अन्य मामले में पुलिस ने कहा कि एक 29 वर्षीय भारतवंशी ड्राइवर को ट्रक से 406 किलो मेथामफेटामाइन मिलने के बाद गिरफ्तार किया गया है। विनिपेग के कोमलप्रीत सिद्धू को मैनिटोबा रायल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने 14 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

इजराइल का दावा: गाजा में यूएन की राहत टीम से जुड़ी बोरियों से हथियारों का जखीरा बरामद

जब्त हथियारों को आईडीएफ ने किया नष्ट

यरूशलम, एजेंसी

इजराइली सेना लगातार गाजा पर बमबारी कर रही है। फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के हथियारों के भूमिगत ठिकाने को इजराइली सेना ने तबाह कर दिया है। गौरतलब है कि यह हथियार संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी से जुड़ी बोरियों में छिपाए गए थे। आईडीएफ ने मामले में जुड़े बयान में कहा कि बोरियों के अंदर रॉकेट, टैंकरोधी मिसाइलें, खदानें और विस्फोटक सामग्रियों को छिपाया गया था। इजराइली सेना ने द्वारा किया कि रॉक्टे निर्माण के लिए इस्तेमाल सामग्रियों को नष्ट कर दिया है। साथ ही इजराइली सेना ने आरपीजी मिसाइलों के लिए डिजाइन किए हथियार, कारतूस, स्प्रे चार्ज, ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक सामग्रियों को जब्त किया गया है।

इजराइल ने कहा कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले में यूएनआरडब्ल्यूए के कर्मचारी भी शामिल थे। इस खुलासे के बाद इजराइल ने मांग की है कि यूएनआरडब्ल्यूए गाजा में उसके अधिकार से हटा दिया जाए। इसके बाद अमेरिका, यूरोपीय संघ और 16 अन्य देशों ने एजेंसी के लिए फंडिंग निलंबित कर दी है। इस्राइल ने 12 कर्मचारियों को उनकी भागीदारी के लिए दोषी ठहराते हुए खुफिया जानकारी दी है। जिसमें दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के वाहनों और कई सामग्रियों का आंतकी गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में भी दावा किया गया है कि यूएनआरडब्ल्यूए के 10 आतंकी फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद से संबंध रखते हैं। यूएन वॉच और इम्पैक्ट-एसई द्वारा जारी रिपोर्ट में यूएनआरडब्ल्यूए कर्मचारियों द्वारा सोशल मीडिया पर हमलों के लिए समर्थन व्यक्त करने का दस्तावेजीकरण किया गया है। गौरतलब है कि इस्राइली सैनिकों को यूएनआरडब्ल्यूए राहत आपूर्ति के बीच छिपी हुई मिसाइलें मिली थी, जबकि एजेंसी की बोरियों का इस्तेमाल विस्फोटक सामग्री के लिए किया जा रहा था।

24 घंटे में 150 फिलिस्तीनी समेत 15 आंतकियों को मार गिराया

गाजा पट्टी के लिए मानवीय सहायता ले जाने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए खड़े इजराइली नागरिक।

इजराइल और हमास के बीच युद्ध जारी है। युद्ध के कारण अब तक दोनों पक्षों के करीब 26 हजार लोगों की मौत हो गई। इस बीच गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इजराइल ने गाजा में भयंकर गोलीबारी की। इजराइली हमले में पिछले 24 घंट में 150 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 313 लोग अतिरिक्त घायल हैं। इजरायली सेना क्षेत्र के उत्तरी हिस्से में भी आतंकियों से लड़ाई जारी रखे हुए है। इजराइली सेना ने बुधवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले उत्तरी गाजा में 15 से अधिक हमास आतंकवादियों को मार गिराया। इसी के साथ हमने स्कूल में एक आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। नेतन्याहू शुक्रवार को कहा था कि हम अपने लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे लोगों और देश की सुरक्षा के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे हम उठाएंगे। हर देश की तरह इजराइल को भी अपनी अखंडता की रक्षा करने का बुनियादी अधिकार है। इजराइल फिलिस्तीनियों के खिलाप नरसंहार कर रहा है, यह दावा सरासर गलत है। यह अपमानजनक है। हमास ने कहा कि ये यरूशलम में अल-अक्सा मस्जिद को इजराइल की तरफ से अपवित्र करने का बदला है। हमास ने कहा कि इजराइली पुलिस ने अप्रैल 2023 में अल-अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंक इसे अपवित्र किया था।

3 को नौसेना में शामिल होगा संधायक पोत मजबूत होगी निगरानी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना के नए पोत 'आईएनएस संधायक' का तीन फरवरी को जलावतरण समारोह होगा। इसके लिए विशाखापत्तनम में पूरी तैयारी की गई है। नौसेना ने सर्वेक्षण पोत को तिरंगे धव्ज, फूल-मालाओं से सजाया हुआ है।

यह पोत रणनीतिक जलमार्ग में नौसेना के निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा। समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और नौसेना के पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ राजेश पेंढारकर शामिल होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

नौसेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह समारोह देश के सबसे बड़े सर्वेक्षण पोत को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल करने का प्रतीक होगा। उन्होंने बताया कि कोलकाता के मैसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में चार बड़े सर्वेक्षण पोत निर्माणाधीन हैं। यह उनमें पहला है। आईएनएस संधायक का बंदरगाह और समुद्र दोनों में परीक्षण किया गया था। इसके बाद चार दिसंबर को इसे नौसेना को सौंप दिया गया था।

संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे म्यांमार: रणधीर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर व्यक्त की चिंता

म्यांमार तख्तापलट की बरसी पर विदेश मंत्रालय भारत-म्यांमार में बिगड़ती स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, म्यांमार की स्थिति का पड़ोसी देश और म्यांमार के मित्र के रूप में हम पर सीधा प्रभाव पड़ता है। भारत तत्काल हिंसा बंद होने की वकालत करता रहा है। उन्होंने कहा कि म्यांमार एक समावेशी और संघीय लोकतंत्र की पहचान फिर से हासिल करे, भारत यही चाहता है।

प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में म्यांमार तख्ता पलट के अलावा भारत-अमेरिका ड्रोन सौदा, चीनी सैनिक- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और भारतीय मवेशी पालक का आमना-सामना होने जैसे मुद्दों पर विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने मालदीव के साथ भारत के रिश्तों की तल्खी पर भी टिप्पणी की।

भारत और चीन के रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय चरवाहों और चीन के सैनिकों- पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की भिड़ंत वाली वीडियो से जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'हमने ऐसा एक वीडियो देखा है। संबंधित एजेंसियां ही इसका जवाब दे सकेंगी... दोनों देशों के लोग अपने चारागाह क्षेत्रों के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे पास ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए एक सुव्यवस्थित तंत्र भी है।

बता दें कि, भारत और अमेरिका ने 31 एमक्यू-9बी प्रीडेटर ड्रोन का सौदा किया है। इसे आमतौर पर एमक्यू-9बी प्रीडेटर यूएवी-ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है। यह सौदा 3.072 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मौजूदा करेंसी एक्सचेंज के हिसाब से 25,200 करोड़ रुपये) का है। गौरतलब है कि फ्रांस के साथ हुई राफेल लड़ाकू विमान की डील की ही तरह अब भारत और अमेरिका के बीच प्रीडेटर ड्रोन का सौदा, सवालों के घेरे में आ गया है।

मालदीव: महाभियोजक पर हमले के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

माले, एजेंसी। मालदीव के महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार को किए गए हमले के आरोप में गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस घटना के बाद राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ था। बता दें, महाभियोजक हुसैन शमीम बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने हथौड़े से हमला किया। मीडिया के मुताबिक, पुलिस आयुक्त अली शुजाउ ने कहा कि हमले के दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। शुजाउ ने कहा, पूछताछ में पता चला कि हमला पूर्व-नियोजित था। उन्होंने कहा आरोपियों की पहचान कर ली गई। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) ने शमीम की सुरक्षा कड़ी कर दी है।

यातायात बाधित...

बनिहाल/जम्मू : जम्मू-कश्मीर के रामबन इलाके में बारिश होने के कारण भूस्खलन हुआ, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है। रामबन के किश्तवारी पत्थर इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। भूस्खलन के कारण जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया, जिससे मार्ग पर 200 से अधिक गाड़ियां फंसी रहीं। वहीं, कई जिलों में बर्फबारी भी हुई। भूस्खलन जिले के शेरबीबी इलाके में हुआ, जहां भारी बारिश भी हुई है। ● एजेंसी

इमरान के पार्टी दफ्तर पर छापेमारी पुलिस ने आरोपों से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ पीटीआई ने कहा साधारण कपड़े में पहुंची पुलिस, पार्टी सदस्यों को कार्यालय में घुसने से रोका

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब उनकी पार्टी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उनके दफ्तरों में छापेमारी की। गुरुवार को साधारण कपड़े पहनकर पहुंची पुलिस ने सदस्य को परिसर में घुसने से रोक दिया।

पार्टी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, यह छापेमारी इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में 14-14 साल के कठोर काराबास की सजा सुनाई जाने के एक दिन बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। बुधवार को इस्लमाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की एक आम सभा से पहले अचानक साधारण कपड़ों में पुलिस बल पहुंचा। हालांकि पीटीआई ने ऑनलाइन सभाओं को आयोजित किया है। साथ ही कहा कि पार्टी के भीतर संगठनात्मक चुनाव कराने का भी फैसला लिया है। बता दें इमरान की पार्टी को आठ फरवरी को होने वाले आम चुनावों से पहले कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि, पुलिस ने आरोपों से पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि मजिस्ट्रेट की अनुमति के बिना छापेमारी नहीं की जा सकती है। बुधवार को कोई भी ऐसा आदेश जारी नहीं किया गया था। पुलिस ने कहा- आरोप निराधार है।

87 साल पहले लापता विमान प्रशांत महासागर में मिला

न्यूयॉर्क। 1932 में गायब हुआ विमान प्रशांत महासागर में खोजा गया है। इसके मिलने का दावा अमेरिकी वायु सेना के पुर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर ने किया है। दरअसल 1932 में अमेरिकी पायलट अमेलिया इयरहार्ट विमान से पूरी दुनिया का चक्कर लगाने निकली थीं।

अगर वह सफल होती तो ये काम करने वाली दुनिया की वे पहली महिला पायलट होतीं। हालांकि ऐसा होने से पहले ही उनका प्लेन गायब हो गया। गायब होने के 6 साल बाद तक इसकी खोजबीन भी हुई, लेकिन कुछ सुराग न मिल पाने के कारण जांच आगे न बढ़ पाई और अंत में बंद कर दी गई। डीप सी ड्रोन की मदद से पूर्व इंटेलिजेंस ऑफिसर टोनी रोमियो ने इसे खोजा है। ड्रोन ने जो तस्वीर ली है वो अमेलिया के विमान से मिलता है। आगे की जांच के बाद आकिरिक पुष्टि की जाएगी।

अरब देश में मंदिर | मंदिर में राम-सीता, शिव-पार्वती समेत विराजेंगे सात देवी-देवता, 6 साल में पूरा हो रहा मंदिर, 700 करोड़ आई लागत

सद्भाव-अस्तित्व की नीति की मिसाल बीएपीएस मंदिर

अबू धाबी, एजेंसी



अरब देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में राम मंदिर जैसा भव्य मंदिर अब पूर्णत की ओर है। इस मंदिर (बीएपीएस) में 14 फरवरी को वसंत पंचमी पर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर यूएई की सद्भाव और सह- अस्तित्व की नीति की मिसाल होगा।

हिंदू मंदिर का निर्माण अबू शानी के कल्चरल डिस्ट्रिक्ट में 27 एकड़ क्षेत्र में किया गया है। इसके आधे हिस्से में पार्किंग है। इसकी आधारशिला 6 साल पहले रखी गई थी। मंदिर के मुख्य गुंबद में पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु के साथ अरबी आर्किटेक्चर में चंद्रमा को दर्शाया गया है, जिसका मुस्लिम समुदाय में भी बेहद महत्व है। यह मंदिर सभी धर्मों का स्वागत करेगा और भारत और अरब की संस्कृति के मिलाप की मिसाल होगा। मंदिर के प्रांगण में एक वॉल ऑफ हार्मनी का भी निर्माण किया गया है। मंदिर की दीवारों पर अरबी क्षेत्र, चीनी, एज्टेक और मेसोपोटामिया से 14 कहानियां होंगी, जो सभी संस्कृतियों में जुड़ाव दिखाते हैं। बीएपीएस स्वामीरायण संस्था के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रमुख बहाविहारी स्वामी ने बताया कि यह अरब देश में पहला विचार आधारित बीएपीएस होगा। 1997 में गुरु प्रमुख स्वामी महाराज जब यहां आए थे, तो उन्होंने एक सपना देखा था कि यहां हिंदू मंदिर बने। आज 27 साल बाद यह सपना साकार हो रहा है। मंदिर के गेट पर रेत के टोले की रचना की गई है, जिसे सातों अमीरात से रेत लाकर बनाया गया है। आगे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है जिसमें मुख्य प्रवेश द्वार से पहले सीढ़ियों के दोनों तरफ गंगा और यमुना का प्रवाह रहेगा और सरस्वती नदी की कल्पना एक लाइट से की गई है। गंगा के साथ 96 घंटों को स्थापित किया गया है, जो 96 साल की तपस्या दर्शाति हैं। मंदिर को मार्ग पर ठंडी रहने वाली नैनो टाइल्स लगाई गई हैं।

वहीं, मंदिर के दाई ओर गंगा घाट है, जिसमें गंगा जल की व्यवस्था होगी। 7 एमिरेट्स को दर्शाने वाले 7 शिखर: मंदिर में सात शिखर हैं, जो यूएई के सात एमिरेट्स को दशति है। मंदिर में सात देवी-देवता विराजेंगे, जिसमें राम-सीता, शिव-पार्वती शामिल हैं। बाहरी दीवारों के पत्थरों पर हैंड क्राफ्ट से महाभारत, गीता की कहानियां दर्शाई गई हैं। दीवारों पर पत्थरों द्वारा पूरी रामायण, जगनाथ बात्रा और शिव पुराण भी उकेरे गए हैं। पूरी अयोध्या नगरी को पत्थर की संरचना में उड़ी प्रारूप में उकेरा गया है, जितनी कहानियां हमने बचपन में सुनी हैं, मंदिर परिक्रमा में नक्काशी के रूप में देख सकेंगे।

सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव का प्रतीक : परियोजना प्रमुख बहाविहारी

अबू धाबी में सहिष्णुता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बीएपीएस हिंदू मंदिर परियोजना के प्रमुख स्वामी बहाविहारी ने कहा है कि, मंदिर को अंतरधार्मिक और अंतरसांस्कृतिक सद्भाव के उत्प्रेरक के रूप में मान्यता देते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह हिंदुओं के लिए पूजा स्थल है। बीएपीएस हिंदू मंदिर का मूल विचार इस धरती पर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक सद्भाव के लिए एक आध्यात्मिक नखलिस्तान है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने 21 बलूच विद्रोहियों को उतारा मौत के घाट

कराची। पाकिस्तान सुरक्षा बल की ओर से की गई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए। सुरक्षा बलों का कहना है कि यह कार्रवाई को बलूच विद्रोहियों की ओर से माच टाउन और कोलपुर इलाके में किए गए हमले के जवाब में की गई।

एक अधिकारी ने बताया कि इन दोनों स्थानों पर हुई कार्रवाई में 21 बलूच विद्रोही मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के इस आपरेशन के दौरान चार सुरक्षा बल के जवान और दो आम नागरिक भी मारे गए। सेना की मीडिया वर्ग की ओर से अब तक आधिकारिक रूप से 12 विद्रोहियों के मारे जाने की सूचना दी गई है, लेकिन एक अधिकारी ने कहा है कि मारे जाने वाले 21 विद्रोही बलूच लिबरेशन आर्मी मुजाहिद ब्रिगेड के सदस्य थे। उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा बलों के मारे जाने की संख्या भी बढ़ सकती है।

पाकिस्तान: टीटीपी में शामिल हो रहे अलकायदा के आतंकी

इस्लामाबाद, एजेंसी

▸▸ निगरानी टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपी रिपोर्ट से किया खुलासा

प्रतिबंधित टीटीपी समूह को पाकिस्तान में हमलों को अंजाम देने के लिए अलकायदा और अन्य आंतकी गुटों से समर्थन मिल रहा है। पाकिस्ताान के एक प्रमुख अखबार ने संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के हवाले से यह बात कही। अखबार ने बताया कि आईएसआईएल और अलकायदा/तालिबान की निगरानी करने वाली एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की समिति को 33वीं रिपोर्ट सौंपी।

इस रिपोर्ट में यह जानकारी निकलकर सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अफगान तालिबान के अलावा, अलकायदा व अन्य आंतकवादी गुटों से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को हथियारों और उपकरणों का समर्थन मिल रहा है। यही नहीं, इन संगठनों के आतंकवादी पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी अभियानों में टीटीपी को ऑन-ग्राउंड समर्थन दे रहे हैं। पाकिस्तान मानता है कि देश के भीतर बड़े आतंकवादी हमलों के लिए टीटीपी जिम्मेदार है। इसको लेकर वह कई बार अफगान तालिबान से अनुरोध कर चुका है कि वह टीटीपी पर लगाम लगाए। लेकिन, टीटीपी ने हमलों को और तेज कर दिया। इस पर पाकिस्तान कई बार अपनी नाराजगी जता चुका है। इसके कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हैं।